RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 269
नई दिल्ली, रविवार, 7 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अहम वैश्विक मुद्दों पर वार्ता में अड़ंगा नहीं लगाए चीन
विदेश-10




# धनखड़ होंगे उपराष्ट्रपति

● विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया, 11 अगस्त को होगा शपथ ग्रहण

● जगदीप को 528 जबकि अल्वा को मात्र 182 वोट मिले

**भाषा ।** नई दिल्ली



देश का उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद जगदीप धनकड़ को बधाई देने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पश्चिम** बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ देश के नए उपराष्ट्रपति होंगे। उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर विपक्ष की साझा उम्मीदवार मार्ग्रेट अल्वा को पराजित किया। अधिकारियों ने बताया कि धनखड़ को कुल 528 मत मिले, जबकि अल्वा को सिर्फ 182 वोट हासिल हुए। इस चुनाव में कुल 725 सांसदों ने मतदान किया था, जिनमें से 710 वोट वैध पाए गए, 15 मतपत्रों को अवैध पाया गया। अब 71 वर्षीय धनखड़ देश के नए उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के रूप में एम वेंकैया नायडू की जगह लेंगे। वह भारत के 14वें उपराष्ट्रपति होंगे। नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को पूरा हो रहा है। नतीजे घोषित होने से पहले ही संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास के बाहर जश्न शुरू हो गया था। यहीं पर धनखड़ मौजूद थे। राजस्थान के झुंझुनू में भी जश्न मनाया गया, जो धनखड़ का गृहनगर है। चुनाव परिणाम घोषित होने के तत्काल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनखड़ से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भी धनखड़ को बधाई दी है।

उपराष्ट्रपति चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत करीब 93 प्रतिशत सांसदों ने मतदान किया, जबकि 50 से अधिक सांसदों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं किया। मतदान करने के पात्र 780 सांसदों में से 725 ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान सुबह 10 बजे शुरू हुआ था और शाम पांच बजे संपन्न हुआ। संसद के दोनों सदनों को मिलाकर कुल सदस्यों की संख्या 788 होती है, जिनमें से उच्च सदन की आठ सीट फिलहाल रिक्त है। ऐसे में उपराष्ट्रपति चुनाव में 780 सांसद वोट डालने के लिए पात्र थे। तृणमूल कांग्रेस अपनी पहले की घोषणा के मुताबिक इस चुनाव से दूर रही, हालांकि, उसके दो सांसदों शिशिर कुमार अधिकारी और दिव्यंदु अधिकारी ने मतदान किया। दोनों सदनों में तृणमूल कांग्रेस के कुल 36 सांसद हैं। साल 2017 में नायडू के निर्वाचन के समय 98.2 प्रतिशत वोट डाले गए थे, जो इस बार के मुकाबले अधिक है।

राजनीतिक क्षितिज में पिछले कुछ वर्षों के दौरान धनखड़ के उदय ने बहुत सारे लोगों को आश्चर्य में डाला है। कभी जनता दल के साथ रहे धनखड़ 2008 में भाजपा में शामिल हुए थे। वह अतीत में अधिवक्ता के तौर पर काम कर चुके हैं। उन्होंने राजस्थान में जाट समुदाय को ओबीसी का दर्जा दिलाने की मांग और ओबीसी से जुड़े कई अन्य मुद्दों की जोरदार ढंग से पैरोकारी की। धनखड़ की उम्मीदवारी की घोषणा करते समय भाजपा ने उन्हें किसान पुत्र बताया था, जिसे किसानों और खासकर जाट समुदाय के बीच एक संदेश देने के प्रयास के तौर पर देखा गया, क्योंकि तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ हुए आंदोलन में इस समुदाय के लोगों ने अच्छीखासी भागीदारी की थी। ( शेष पेज 8 )

> **भारत** के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर जगदीप धनखड़ को बधाई। सार्वजनिक जीवन के आपके लंबे और समृद्ध अनुभव से राष्ट्र को लाभ होगा। सार्थक और सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।
> **-राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू**

> **हमें** किसान पुत्र उपराष्ट्रपति पर गर्व है, जिनके पास उत्कृष्ट कानूनी ज्ञान और बौद्धिक कौशल है। मुझे विश्वास है कि धनखड़ एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे। उनके विवेक और सूझबूझ से हमारे देश को बहुत लाभ होगा।
> **-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

> **किसान** पुत्र धनखड़ जी का उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होना पूरे देश के लिए हर्ष का विषय है। मुझे विश्वास है कि उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति के रूप में वे संविधान के एक आदर्श संरक्षक सिद्ध होंगे।
> **-केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह**

# आबकारी नीति मामले में 11 अधिकारी निलंबित

● उपराज्यपाल ने निविदा में अनियमितता और चुनिंदा विक्रेताओं को लाभ देने पर की बड़ी कार्रवाई

● पूर्व आबकारी आयुक्त और उप आबकारी आयुक्त पर गिरी गाज

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आबकारी नीति 2021-22 के कार्यान्वयन में गंभीर चूक को लेकर राष्ट्रीय राजधानी के पूर्व आबकारी आयुक्त आरव गोपीकृष्ण और उप आबकारी आयुक्त आनंद कुमार तिवारी सहित 11 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना की सिफारिश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह कार्रवाई की है। इन सभी के खिलाफ जांच भी शुरू की जा रही है। एलजी ने यह निर्णय संबंधित अधिकारियों की ओर से आबकारी नीति के कार्यान्वयन में गंभीर चूक के मद्देनजर लिया है। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग के दानिक्स कैडर के तीन तदर्थ अधिकारियों और छह अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, उपराज्यपाल ने आबकारी नीति के कार्यान्वयन में संबंधित अधिकारियों की ओर से की गई कथित गंभीर चूक को देखते हुए यह निर्णय लिया है, जिसमें निविदा को अंतिम रूप देने में अनियमितताएं और चुनिंदा विक्रेताओं को पोस्ट-टेंडर लाभ प्रदान करना शामिल है। उपराज्यपाल सक्सेना ने सतर्कता निदेशालय (डीओवी) की ओर से दायर एक जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है।

गौरतलब है कि उपराज्यपाल ने आबकारी नीति 2021-22 के कार्यान्वयन में नियमों के कथित उल्लंघन और प्रक्रियात्मक खामियों की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश पहले ही कर दी है। दरअसल, 17 नवंबर 2021 को लागू की गई नई आबकारी नीति के तहत 32 क्षेत्रों में विभाजित शहर की 849 शराब की दुकानों के लिए निजी फर्मों को खुदरा लाइसेंस जारी किए गए थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने अब इस नीति को वापस ले लिया है। ( शेष पेज 8 )

**निलंबित अधिकारी**

- आरव गोपी कृष्णा आइएएस 2012 बैच (पूर्व आबकारी आयुक्त)
- आनंद तिवारी दानिक्स -2003 बैच ( उप आबकारी उपायुक्त )
- पंकज भटनागर- एड-हॉक दानिक्स (सहायक आयुक्त)
- नरेंद्र सिंह- एड-हॉक दानिक्स (पूर्व सहायक आयुक्त)
- नीरज गुप्ता-एड-हॉक दानिक्स (सहायक आयुक्त)
- कुलजीत सिंह-(सेक्शन आफीसर)
- सुभाष रंजन-(सेक्शन आफीसर)
- सुमन-(सेक्शन आफीसर)
- सत्यव्रत भार्गव-(डीलिंग हैंड)
- सचिन सोलंकी-(डीलिंग हैंड)
- गौरव मान-(डीलिंग हैंड)

## झारखंड में जज के हत्यारों को मृत्युपर्यंत आजीवन कारावास की सजा

**धनबाद ( भाषा।)।** झारखंड में धनबाद की एक विशेष अदालत ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (अष्टम) उत्तम आनंद की हत्या के दो दोषियों को शनिवार को मृत्युपर्यन्त आजीवन कारावास और तीस-तीस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत के न्यायाधीश रजनीकांत पाठक ने उत्तम आनंद की हत्या के लिए दोषी करार दिए गए आटो चालक लखन वर्मा एवं उसके सहयोगी राहुल वर्मा को मृत्युपर्यन्त सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष अदालत ने 28 जुलाई को दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। विशेष न्यायाधीश ने दो अलग-अलग अपराधों के लिए दोनों दोषियों को अलग-अलग सजा सुनाई। अदालत ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत ( शेष पेज 8 )

## नीति आयोग की बैठक में भाग नहीं लेंगे केसीआर

● नीतीश कुमार भी नहीं आ रहे, ममता बैठक के लिए कई दिन से दिल्ली में डटीं

● तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने केंद्र पर लगाए संघीय ढांचे को खत्म करने समेत कई आरोप

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने ऐलान किया है कि वह रविवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। केसीआर का कहना है कि एनपीए बढ़नाए देश का संघीय ढांचे का समाप्त होना, राज्यों के लिए उचित व्यवस्था नहीं किया जाना विकास के लक्षण नहीं हैं। इसके अलावा पूर्व में नीति आयोग में दिए गए उनके सुझावों पर भी कोई विचार नहीं किया गया। ऐसे में नीति आयोग की बैठक का कोई अर्थ नहीं है।

केसीआर ने यह ऐलान ऐसे समय किया जब बिहार में भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे जदयू अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीष कुमार ने इस बैठक में आने से इनकार कर दिया है। रोचक बात यह कि हर बार पीएम मोदी की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग की बैठक से दूर रहने वाली ममता बनर्जी न केवल इस बैठक में षामिल हो रही हैं, बल्कि कई पहले से दिल्ली में डटी हैं। यह बात भी काबिले गौर है कि केसीआर और ममता बनर्जी दोनों ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आगामी लोकसभा चुनाव में चुनौती पेश करने के लिए विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा है कि उन्होंने पूर्व की नीति आयोग की बैठकों में आम लोगों को फायदा पहुंचाने वाली नीतियां बनाने संबंधी अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं लेकिन केन्द्र सरकार ने उन्हें नहीं माना है। वह इस बात से ज्यादा व्यथित हैं कि केंद्र का रवैया राज्यों के साथ ठीक नहीं है। वह राज्यों के साथ बराबरी का व्यवहार नहीं कर रहा। ( शेष पेज 8 )

**बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,388 | |
| निफ्टी | 17,397 | |
| सोना | 52,144 | /10g |
| चांदी | 58,042 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### चीन के सैन्य अभ्यास को ताइवान ने हमले जैसा बताया

**बीजिंग।** ताइवान ने कहा कि चीन का सैन्य अभ्यास स्वशासित द्वीप पर हमले की तरह प्रतीत होता है, क्योंकि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइपे यात्रा के बाद चीन के कई युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट किया कि ताइवानी सशस्त्र बलों को सतर्क किया गया है और द्वीप के आसपास हवाई तथा नौसैन्य गश्ती दलों को भेजा गया है। इसने कहा कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जमीन से मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों को तैयार रखा गया है। वहीं, चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने ताइवान के उत्तर, दक्षिण-पश्चिम और पूर्व में समुद्री तथा हवाई क्षेत्रों में योजना के अनुसार सैन्य अभ्यास किया।

# कुश्ती में दहिया-नवीन-फोगाट को स्वर्ण पदक

**राष्ट्रमंडल खेल**

**भाषा ।** बर्मिंघम



रवि दहिया



नवीन कुमार



विनेश फोगाट

**टोक्यो** ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि दहिया और अनुभवी विनेश फोगाट तथा नवीन कुमार ने राष्ट्रमंडल खेलों की कुश्ती स्पर्धा में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए भारत की झोली में स्वर्ण पदक डाले जबकि पूजा गेहलोत ने कांस्य जीता। दहिया ने पुरुषों के 57 किग्रा फाइनल में नाइजीरिया के एबिकेवेनिमो वेल्सन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 10-0 से हराया। इससे पहले उन्होंने न्यूजीलैंड के सूरज सिंह और पाकिस्तान के असद अली को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया था। वहीं तोक्यो ओलंपिक की नाकामी, अतीत के मानसिक और शारीरिक संघर्षों को पीछे छोड़कर विनेश ने महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में चंद सेकंड में ही श्रीलंका की चामोडिया केशानी मदुरावलागे डॉन को चित करके 4-0 से जीत दर्ज की।

विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता कनाडा की सामंथा ली स्टीवर्ट के खिलाफ विनेश का पहला मुकाबला कठिन था लेकिन उसने महज 36 सेकंड में जीत दर्ज की थी। इसके बाद विनेश का सामना नाइजीरिया की मर्सी बोलाफुनोलुवा एडेकुरोए से हुआ जिसकी कठिन चुनौती का इस भारतीय पहलवान ने बखूबी सामना किया। महिलाओं के 53 किलोवर्ग में चार ही पहलवान थे। फॉर्म और फिटनेस के लिए जूझ रही विनेश तोक्यो ओलंपिक में पहले दौर से बाहर हो गई थी। महिलाओं के 50 किलो वर्ग में पूजा गेहलोत ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टेले एल को कांस्य पदक के मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-2 से हराया। पहले मैच में इसी प्रतिद्वंद्वी को हराने के बाद कैमरन की रेबेका एंडोलो मुआम्बो पर वाकओवर मिला था। सेमीफाइनल में हालांकि वह कनाडा की मेडिसन बियांका पार्क्स से हार गई थी। नवीन भी 74 किलोवर्ग में फाइनल में पहुंच गए हैं।उन्होंने नाइजीरिया के ओग्बोना एमैन्युअल जॉन को तकनीकी श्रेष्ठता पर हराया। इसके बाद सिंगापुर के हांग यू लोउ और इंग्लैड के चार्ली जेम्स बोलिंग को मात दी। अब वह पाकिस्तान के ताहिर मुहम्मद शरीफ से खेलेंगे। पुरुषों के 97 किलोवर्ग में दीपक भी कांस्य के लिए पाकिस्तान के तैयब रजा से खेलेंगे।

# तमिलनाडु में फिल्म वालों पर आईटीकी रेड, 200 करोड़ मिले

● आयकर विभाग के मुताबिक कुछ फिल्म निर्माताओं, वितरकों और फाइनेंसरों के 40 ठिकानों पर हुई छापेमारी

● अज्ञात स्रोतों से हुई इन आय की हो रही जांच

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**आयकर** विभाग ने हाल ही में तमिलनाडु में कुछ फिल्म निमार्ताओं, वितरकों और फाइनेंसरों के 40 ठिकानों पर छापेमारी कर 200 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी की, जिनके के स्रोत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शनिवार को बताया कि दो अगस्त को 40 ठिकानों पर छापा मारा गया, जो चेन्नई, मदुरै, कोयंबटूर तथा वेल्लोर में स्थित है। हालांकि इनकी पहचान नहीं उजागर की गई।

बोर्ड आयकर विभाग का प्रशासनिक विंग और विभाग इसके अधीन काम करता है। विभाग ने यह भी बताया कि तलाशी में अज्ञात स्रोत से हासिल 26 करोड़ नगद तथा तीन करोड़ रुपये से अधिक के सोने के जेवरात बरामद किए गए। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि तलाशी अभियान का परिणाम ये निकला कि अभी तक अज्ञात स्रोत से हासिल 200 करोड़ रुपये से अधिक की आय का पता चल चुका है। बयान के मुताबिक विभाग ने इन नगदी के लेन-देन और निवेश से संबंधित कई दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण भी बरामद किए हैं। ( शेष पेज 8 )

# महिला से अभद्रता करने वाला नेता श्रीकांत फरार

## आरोपी के घर पहुंची नोएडा पुलिस, 3 गाड़ियां जब्त, 4 लोगों को हिरासत में लिया

● 48 घंटों में होगा सलाखों के पीछे, आरोपी का भाजपा से नहीं कोई संबंध : डॉ. महेश शर्मा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में बीजेपी नेता द्वारा एक महिला के साथ बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है। शनिवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। साथ ही तीन गाड़ियों को भी जप्त की। बता दें कि नोएडा के सेक्टर 93-बी में स्थित ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में दिन के दौरान विवाद हुआ था।

बीजेपी नेता श्रीकांत त्यागी के खिलाफ सोसाइटी की महिलाओं सहित अन्य लोगों ने भी विरोध प्रदर्शन किया। मामले को बिगड़ता देख जिले के सांसद डॉ महेश शर्मा शनिवार शाम ओमेक्स सोसाइटी पहुंचे। सरकारों की तरफसे डॉ महेश शर्मा ने आश्वासन दिया कि श्रीकांत की गिरफ्तारी 48 घंटे में होगी। इसके लिए पुलिस को विशेष निर्देश दे दिए गए हैं, यही नहीं श्रीकांत के खिलाफ अन्य धाराओं को भी दर्ज किया गया है। भाजपा सरकार किसी भी महिला का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकती। श्रीकांत जल्द जेल की सलाखों के पीछे होगा। हालांकि सांसद ने दावा किया कि श्रीकांत त्यागी नामक शक्स का भाजपा से कोई वास्ता ही नहीं है। वो पद तो छोड़ो, पार्टी का कार्यकर्ता भी नहीं हैं। सांसद ने कहा कि उनकी बात स्वयं किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष से भी इसकी जानकारी ली, वहां से ऐसे किसी शख्स की कोई जानकारी नहीं है। सांसद ने कहा कि स्वयं गृह मंत्री अमित शाह और सूबे के मुख्यमंत्री के आदेश पर आये है। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता सहित महिला मोर्चा की भी तमाम पदाधिकारी मौजूद रहीं।

ज्ञात हो कि शुक्रवार को सेक्टर-98 बी स्थित ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो में भाजपा नेता एक महिला के साथ बहस कर रहे हैं। कुछ ही देर में वह महिला के साथ गाली गलौच करना शुरू कर देते हैं। वह महिला पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी करते हैं। इसके अलावा महिला के पति पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इसके बाद सोसाइटी की महिलाएं वहां इकट्ठा हो गईं। उन्होंने नेता के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि वह सोसाइटी में अतिक्रमण कर रहे हैं। पहले उन्होंने सोसाइटी में बड़े पौधे लगाकर अतिक्रमण किया। अब वह छोटे पौधे लगाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। जब सोसाइटी की एक महिला उन पौधों को हटाने लगी तो आरोपी नेता ने उसे धमकी दी कि वह पौधे को हाथ लगाएगी तो वह उसे छोड़ेंगे नहीं। इस मामले की सूचना मिलने के बाद फेज दो थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी श्रीकांत त्यागी के खिलाफविभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वैश्य समाज में गुस्सा, डीसीपी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग

सेक्टर-93बी में स्थित ओमेक्स ग्रैंड हाउसिंग सोसाइटी में एक वैश्य समाज की महिला के साथ तथाकथित भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी ने बदतमीजी और मारपीट की। इस मामले के बाद वैश्य समाज के लोगों में तथाकथित भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी के खिलाफभारी रोष है। उन्होंने शनिवार को सेंट्रल नोएडा के पुलिस उपायुक्त को ज्ञापन देते हुए मांग की है कि ऐसे अपराधी व्यक्ति के खिलाफसख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। सेंट्रल नोएडा डीसीपी ने नोएडा वैश्य संगठन को आश्वासन दिया है कि श्रीकांत त्यागी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है।

# भाजपा और पुलिस के संरक्षण में फरार हुआ श्रीकांतः पंखुड़ी



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा की ओमेक्स सोसायटी में महिला से अभद्रता करने वाला श्रीकांत भारतीय जनता पार्टी और उसकी पुलिस के सरंक्षण में फरार हुए है। ये आरोप लगाते हुए नोएडा विधानसभा से कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक ने शनिवार शाम को नोएडा मीडिया क्लब में एक प्रेस वार्ता कर भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

पंखुड़ी ने कहा कि नोएडा में ऐसी घटना पहली नहीं। भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार यहां की ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के लोग परेशान हैं। हालात तो ये हैं कई लोग पलायन कर गया। भाजपा अब श्रीकांत त्यागी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रही है। ये भाषा मात्र श्रीकांत की नहीं एबल्कि भाजपा की है। जो आज इनके लिए आम हो गई है। श्रीकांत का औपचारिक पत्र भी सोशल मीडिया पर है।

पंखुड़ी ने कहा कि 2019 में भी वीडियो वायरल हुआ, जिसमें ये अपने सरकारी गनर के साथ सोसायटी के लोगों को धमका रहा है। जिसके बाद डीएम ने पुलिस कप्तान को पत्र लिखकर इसकी सुरक्षा हटवाई थी। पंखुड़ी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ इसके सम्बंध हैं।

योगी आदित्यनाथ, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा तक तमाम बड़े भाजपा नेताओं के साथ इसके फोटो बहुत कुछ बता रहे हैं। भाजपा इससे पल्ला झाड़ रही है, लेकिन अब तक इसे संरक्षण क्यों दे रही थी। इस दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट अनुमा आचार्य ने श्रीकांत पर हुई एफआईआर पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि धारा 503 और 506 नहीं लगाई गई।


भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनीता अग्रवाल/ शैलेंद्र कुमार अग्रवाल/ गौरव अग्रवाल/ LBNOD00002082389 | फ्लैट नंबर-7112, 11वीं मंजिल, टाइप- ए, टावर-7, एटीएस, ट्रायम्फ सेक्टर-104, गुड़गांव, हरियाणा 03 अगस्त, 2022 | जून 25, 2021 रु. 2,35,90,336/- | दिल्ली |
| 2. | सुनीता अग्रवाल/ शैलेंद्र कुमार अग्रवाल/ गौरव अग्रवाल/ LBNOD00002082390 | फ्लैट नंबर- 4182, 18वीं मंजिल, टाइप- सी, टॉवर- 4, एटीएस टूमलाइन, ग्राम बाबूपुर, सेक्टर-109 बी, गुड़गांव, हरियाणा/ 03 अगस्त, 2022 | जून 23, 2021 रु. 1,58,65,398/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 06, 2022
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



वसूली अधिकारी-।। का कार्यालय
ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।।, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

आर.सी. सं. 34/2016 ई-नीलामी बिक्री सूचना दिनांकित : 19-07-2022

आईसीआईसीआई बैंक बनाम राजीव सिंह

आदेश

मेरे आदेश दिनांकित 19-07-2022 के अनुसार उक्त वसूली प्रमाणपत्र में निम्नवर्णित सम्पत्ति दिनांक 08-09-2022 को सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी :-

नीलामी बिक्री वेबसाइट :- www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी" होगी
नीलामी की तिथि एवं समय : 08-09-2022 को अप. 03.00 बजे और अप. 04.00 बजे के बीच
(अप. 04.00 बजे के बाद 5 मिनट के विस्तारों सहित, यदि अपेक्षित है)

सम्पत्ति का वर्णन

| क्र. सं. | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | फ्लैट नंबर पीपी/डी-1201, 12वां तल, प्लॉट नंबर 1/2, वैभव खण्ड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201010, उत्तर प्रदेश | रू. 53,00,000/- | रू. 5,30,000/- |

नियम और शर्तें

1. नीलामी बिक्री वेबसाइट पोर्टल : www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी" होगी।
2. ईएमडी "वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली खाता आर/सी सं. 34/2016" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से जमा करनी होगी। ईएमडी राशि के लिए उक्त डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर, पहचान पत्र (निर्वाचन आई कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट), जिसमें आगे संचार/पत्रव्यवहार के लिए पता होना चाहिए, की स्व-सत्यापित प्रति तथा पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति और कम्पनी के मामले में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी का प्रतिनिधि/प्राधिकार धारक होने की पुष्टि करता है, की प्रति के साथ वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय में अधिकतम 06-09-2022 अप. 4.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए। उसके बाद प्राप्त ईएमडी अथवा ईएमडी के भुगतान के मूल प्रमाण पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. ईएमडी सन्निहित लिफाफे पर "आरसी सं. 34/2016" तथा प्रेषक का विवरण अर्थात पता, ई-मेल आईडी और मोबाइल नम्बर इत्यादि शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
4. सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार तथा जो है जैसा है आधार" पर की जा रही है।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली देने तथा ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले ई-नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पोर्टल www.bankeauctions.com अच्छी तरह पढ़ लें तथा/अथवा श्री मोहित चढ्ढा, प्रबंधक, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटे., दिल्ली, मोबाइल नंबर 9650957770, ई-मेल : उवीपजण्बींकीं/पबपबपइंदाण्बवउ से सम्पर्क करें।
6. भविष्यलक्षी बोलीदाताओं से पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करवाने तथा ईएमडी जमा करने के बाद, मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज-2, बिल्डिंग नंबर 301, गुरूग्राम, हरियाणा - 122015, फोन नंबर 7291981124/25/26 सम्पर्क व्यक्ति : श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबर 9813887931, ई-मेल आईडी : delhi@c1india.com तथा support@bankeauctions.com से लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड पर्याप्त अग्रिम में प्राप्त किया जाना अपेक्षित है, जो उपरोक्त ई-नीलामी में बोलीदान के लिए अनिवार्य है।
7. इच्छुक बोलीदाता ईएमडी जमा करने के बाद, मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज-2, बिल्डिंग नंबर 301, गुरूग्राम, हरियाणा - 122015, फोन नंबर 7291981124/25/26 सम्पर्क व्यक्ति : श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबर 9813887931, ई-मेल आईडी : delhi@c1india.com तथा support@bankeauctions.com से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
8. केवल वे बोलीदाता ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो वैध यूजर आईडी एवं पासवर्ड और डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से ईएमडी भुगतान पुष्टि के धारक हैं।
9. संभावित खरीदार साइट का निरीक्षण 22-08-2022 तथा 23-08-2022 को पूर्वा. 10.30 बजे से अप. 04.00 बजे तक कर सकते हैं।
10. इच्छुक बोलीदाता जो 06-09-2022 तक अपनी बोलियां, जो सुरक्षित मूल्य से कम नहीं है, वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय में दे चुके होंगे, ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो 08-09-2022 को अप. 03.00 बजे और अप. 04.00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। नीलामी समाप्त होने के आखिरी 5 मिनट में कोई बोली आने पर नीलामी समाप्त होने का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
11. बोलीदाता अपनी बोली रू. 1,00,000/- (रू. एक लाख मात्र) के गुणज में बढ़ाएंगे।
12. असफल बोलीदाता ईएमडी ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया समाप्त होने के तत्काल पश्चात सीधे वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे।
13. सफल/उच्चतम बोलीदाता को बोली/बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर, ईएमडी समायोजित करने के पश्चात, वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 34/2016 के पक्ष में अगले बैंक कार्यदिवस के अप. 04.00 बजे तक तैयार कर इस न्यायाधिकरण में जमा करना होगा, जिसमें असफल रहने पर ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
14. सफल/उच्चतम बोलीदाता को बिक्री मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 34/2016 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से, वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के पास सम्पत्ति की ई-नीलामी की तिथि से, उस तिथि को छोड़कर, 15वें दिन अथवा पूर्व और 15वां दिन रविवार या अवकाश दिवस होने की स्थिति में 15वें दिन के बाद पहले कार्य दिवस को रजिस्ट्रार, डीआरटी-।।, दिल्ली के पक्ष में रू. 1000/- तक 2 प्रतिशत निरोध शुल्क तथा रू. 1000/- से ऊपर सकल राशि पर 1 प्रतिशत निरोध शुल्क के साथ जमा करनी होगी। (शेष 75 प्रतिशत राशि डाक द्वारा जमा करने की स्थिति में यह वसूली अधिकारी को उपरोक्तानुसार प्राप्त हो जानी चाहिए)। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, बिक्री की नई उद्घोषणा के बाद, सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी। चूककर्ता क्रेता द्वारा जमा की गई राशि, बिक्री संबंधी खर्चे काटकर, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, सरकारी खाते में जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति या उसके किसी अंश की अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के संबंध में चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त माने जाएंगे।
15. सफल/उच्चतम बोलीदाता इस फोरम के समक्ष जमा की जाने हेतु प्रस्तावित नीलामी राशि पर लागू टीडीएस का भुगतान करने के लिए आयकर अधिनियम की धारा 194-1क के प्रावधानों का अनुपालन करने हेतु स्वतंत्र होगा। ऐसी स्थिति में, सफल/उच्चतम बोलीदाता को शेष बिक्री प्रतिफल का भुगतान करते समय उक्त राशि जमा कर चुके होने का प्रमाण इस फोरम के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।
16. सीएचएफआई/सीएच बैंक को बिक्री उद्घोषणा की सूचना सीडी'ज को दस्ती, स्पीड पोस्ट, कुरियर के माध्यम से तथा सम्पत्ति के सुप्रकट भाग में चस्पा करने द्वारा और इसके आसपास के क्षेत्र में ढोल पीटकर देने और सूचना की एक प्रति इस न्यायाधिकरण के सूचना पट पर चस्पा करने का निर्देश दिया जाता है।
17. बिक्री उद्घोषणा की सूचना क्षेत्र में पर्याप्त व्यापक प्रसार वाले अंग्रेजी और स्थानीय भाषा के समाचारपत्रों में भी प्रकाशित करवाई जाए।
18. सीएचएफआई/सीएच बैंक को समाचारपत्रों में विज्ञापन प्रकाशन की पुष्टि करने तथा प्रकाशन के मूल प्रमाण सुनवाई की अगली तिथि को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है।
19. अधोहस्ताक्षरी के पास किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य नहीं पाई जाती हैं, अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है तथा इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम मान्य होगा।

सम्पत्ति की अनुसूची

| बिक्री की जा रही सम्पत्ति का वर्णन | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व | सम्पत्ति के संबंध में देय किसी ऋणभार का विवरण | सम्पत्ति के बाबत पेश किया गया कोई दावा तथा अन्य कोई ज्ञात विवरण जो सम्पत्ति की प्रकृति और मूल्य को प्रभावित करता है। |
|---|---|---|---|
| फ्लैट नंबर पीपी/डी-1201, 12वां तल,प्लॉट नंबर 1/2, वैभव खण्ड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201010, उत्तर प्रदेश | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

ई-नीलामी बिक्री सूचना की तामील, तामील के प्रमाणों (ट्रैक परिणामों सहित यथा स्पीड पोस्ट तथा कुरियर) तथा दस्ती तामील के प्रमाण, समाचारपत्रों में प्रकाशन के मूल प्रमाण और ई-नीलामी के प्रयोजन हेतु वेबसाइट पर व्यापक प्रचार के प्रमाण प्रस्तुत करने हेतु वाद 29-08-2022 को प्रस्तुत किया जाए।

(दत्तात्रेय बाजपेयी)
वसूली अधिकारी-।।,
डीआरटी-।।, दिल्ली


# हत्या और बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार पुलिसकर्मी निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश पुलिस के एक कर्मी को एक युवती से बलात्कार और उसकी हत्या के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उसे इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त (प्रथम जोन) हरीश चंदर ने आरोपी पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस मामले में गिरफ्तार पुलिसकर्मी और उसके एक अन्य साथी को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि फेज-3 थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल में दो अगस्त को एक युवती का शव फंदे से लटका मिला था। इस मामले में युवती के परिजनों ने नोएडा में तैनात एक पुलिसकर्मी आकाश और युवती के सहकर्मी अर्जुन दुग्गल सहित पांच लोगों के खिलाफ बलात्कार तथा हत्या करने का आरोप लगाया था।

अपर पुलिस उपायुक्त (द्वितीय जोन) अंकिता शर्मा ने बताया कि सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करने वाली युवती रेप के बाद हत्या कर दी गई थी।

# मां ने की बेटे की हत्या, दो गिरफ्तार

● बेटे ने प्रेमी के संग देखा तो दबाया दिया गला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में शनिवार को एक मां ने बेटे की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि बेटे ने उसे प्रेमी के साथ आपित्तजनक स्थिति में देख लिया था। इसका विरोध करने पर उसने प्रेमी संग मिलकर पहले उसका गला दबाया। इसके बाद प्राईवेट पार्ट पर डंडा मारकर हत्या कर दी।

मोदीनगर के सीओ सुनील कुमार सिंह का कहना है कि पुलिस ने इस मामले में कृष्णा देवी व अभिषेक निवासी मोदीनगर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी देवेन्द्र फरार चल रहा है। मामला मोदीनगर के जगतपुरी कॉलोनी का है। यहां रहने वाले अनुज कुमार गत 18 जुलाई को संदिग्ध हालात में लापता हो गए थे। उनकी पत्नी अंजली ने मोदीनगर थाने में हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने 21 जुलाई को गुमशुदगी दर्ज कर ली। तीन अगस्त को उसका शव मिल गया।

थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि युवक का शव देखकर हत्या की आशंका हुई। इसके बाद शक के आधार पर मां कृष्णा देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। लेकिन, उसने बेटे के आत्महत्या करने बता रही थी। लेकिन जब सख्ती की तो उसने सब कुछ उगल दिया।

कृष्णा देवी ने बताया कि दो अगस्त को अनुज ने उसे देवेन्द्र के साथ अपित्तजनक स्थिति में देख लिया था। इस बात को लेकर विवाद हुए विवाद में उसकी मौत हो गई। उसने बताया कि देवेन्द्र ने अनुज के साथ पहले मारपीट की और फिर दुपट्टे से गला दबा दिया था।

गला दबाने के बाद देवेन्द्र ने उसके प्राईवेट पार्ट में डंडा भी डाल दिया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। अनुज की हत्या के बाद उसने अपने छोटे बेटे अभिषेक को फोन करके अपने पास बुला लिया।

# छात्रा के फोटो से छेड़छाड़ कर किया वायरल तीन छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के एक नामी स्कूल में पढ़ने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा के फोटो से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। छात्रा के परिजनों ने बीटा दो कोतवाली में आरोपी तीनों छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के एक नामी स्कूल में एक छात्रा 12वीं क्लास में पढ़ती है। इसी स्कूल की 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले तीन छात्रों ने छात्रा के फोटो से छेड़छाड़ कर उसे अश्लील बनाया और इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया। छात्रा ने इंस्टाग्राम पर अपना फोटो देखा तो घटना की जानकारी स्कूल प्रबंधन और अपने परिजनों को दी। परिजनों ने मामले में तीनों आरोपी छात्रों के खिलाफबीटा दो कोतवाली में तहरीर दी।

कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर आरोपी छात्रों के खिलाफआईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस में मुकदमा दर्ज होने के बाद प्रबंधन ने तीनों आरोपी छात्रों को स्कूल से निकाल दिया है।

लेकिन, जब इस मामले में स्कूल की प्रिंसिपल से बात की गई तो उन्होंने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार किया है। प्रिंसिपल का कहना है कि स्कूल से किसी को नहीं निकाला गया है। यह स्कूल पहले भी विवादों में रहा है। काफी समय पहले बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। इस मामले में काफी हंगामा भी हुआ था।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार

**नोएडा।** मुठभेड़ फेज-1 थाना क्षेत्र के सेक्टर-14 के नाले से करीब 150 मीटर आगे हुई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बदमाश चिंकी को गोली मारी है। उसके पैर में गोली लगी।

बदमाश को जिला अस्पताल भेजा गया है। इसका एक साथी इस्तेखार मौके से फरार हो गया। एडीसीपी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि चिंकी ने शुक्रवार को ही सेक्टर.63 से बाइक चोरी की। उन्होंने बताया कि चिंकी दिल्ली एनसीआर में मोबाइल और लूट की वारदातों को करता था। इसका टारगेट बार्डर एरिया होते थे।

## 20 लाख के 15 ई-रिक्शा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में नशीला पदार्थ देकर वाहन विशेषकर ई.रिक्शा लूटने वाले गैंग के आधा दर्जन बदमाशों को सिहानी गेट थाने के एसएचओ नरेश कुमार शर्मा की टीम ने उस समय दबोच लियाए।

पकड़े गये बदमाशों के पास से 20 लाख से अधिक कीमत की एक दर्जन से अधिक ई-रिक्शा व नशीले पदार्थ की खेप के अलावा अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लुटेरों के जिस गैंग को पकड़ा गया, उसके सरगना का नाम शफीक व उसके दाएं हाथ का नाम पप्पू है। इनका गैंग टोली बनाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वाहन चालकों विशेषकर ई-रिक्शा चालकों को निशाना बनाकर उनसे वाहन लूट लेता था।

एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल व सीओ सैंकेंड आलोक दुबे बदमाशों से पूछताछ कर रहे थे। प्राथमिक पूछताछ में गैंग के लीडर शफीक ने बताया कि वह और उसके गैंग के सदस्य ई.रिक्शा को हायर करते और फिर सुनसान स्थान पर नशीले पदार्थ को कोल्ड ड्रिंक्स आदि के जरिए सेवन करवाकर चालक को बेहोश कर देते थे और उसकी ई-रिक्शा लेकर फरार हो जाते थे।

# औद्योगिक विकास मंत्री की नाराजगी का पत्र वायरल

● अधिकारियों पर गलत रिपोर्ट देकर महाप्रबंधक को बचाने का आरोप



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी नाराज हैं, जिनका नाराजगी भरा पत्र शुक्रवार को सोशल मीडिया में वायरल हो गया।

28 जुलाई को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को लिखे गये इस पत्र में औद्योगिक विकास मंत्री ने विभिन्न बातों को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी है। मंत्री ने लिखा है कि 22 जून 2022 को लिखे पत्र में पीके कौशिक महाप्रबंधक नोएडा प्राधिकरण और तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक ग्रेटर नोएडा के द्वारा तैनाती के दौरान बरती गई अनियमितताओं को लेकर जांच रिपोर्ट मांगी गई थी। 1 जुलाई 2022 को आयी रिपोर्ट के परीक्षण से स्पष्ट है कि तथ्यों को पूर्णता छिपाते हुए पीके कौशिक को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्हें सही रिपोर्ट नहीं दी गई। पत्र में उन्होंने चार आरोपों के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी। लेकिन उन्हें सतही तौर पर रिपोर्ट भेजी गई।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सीईओ द्धारा उन्हें भेजे जाने किसी पत्र का सम्यक परीक्षण नहीं किया जाता। निर्देशित किया जाता है कि सीईओ द्धारा परीक्षण के बाद ही उन्हें समस्त पत्र भेजे जायें। इस मामले में भ्रामक सूचनाएं प्रेषित करने के लिए अपर मुख्य कार्यापालक अधिकारी अमनदीप डुली को चेतावनी जारी की जाए और इसकी प्रति उनकी चरित्र पंजिका में चस्पा करने के लिए अपर मुख्य सचिव नियुक्ति व कार्मिक को भेजते हुए उन्हें भी अवगत कराया जाए। औद्योगिक विकास मंत्री के इन तेवरों से प्राधिकरण के अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार



गाजियाबाद के वसुंधरा ग्रैंड सोसाइटी में शनिवार को 'ट्रीमैन' के नाम से मशहूर डॉ. दीपक गौर और एओए अध्यक्ष स्वप्निल की मौजूदगी पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके सोसाइटी के पदाधिकारी एओए अभिनव, आरके महाजन, पवन कुमार तथा राज्यसभा सचिवालय के राजेश शर्मा भी उपस्थित थे। इस अभियान का नारा है, ' पेड़ों को बचाइये, वे भविष्य में आपको बचाएंगे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी शिकायतें

**गाजियाबाद।** माह के पहले शनिवार को नेहरू नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम आरके सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान सबसे अधिक शिकायतें अवैध कब्जे से सम्बंधित आरटीई के तहत निजी स्कूलों द्वारा दाखिला न देने के सम्बंध में थी। इस दौरान लोगों ने बारिश के कारण जलभराव और अन्य शिकायतें भी डीएम के समक्ष रखी। डीएम ने कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। समाधान दिवस में एसएसपी मुनिराज, सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक आदि सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### दो दिवसीय राखी प्रदर्शनी शुरू

**गाजियाबाद।** बगीचा द आर्ट एंड डेकोर स्टोर, डीवी इवेन्ट्स और लायन्स क्लब गाजियाबाद समर्पण द्वारा दो दिवसीय वोग शोग राखी एडिशन मेला आरडीसी में शुरू हो गया है। इस स्टॉल में पर्व से सम्बंधित आइटमों के अलावा होम डेकोरेशन, डिजाइनर ड्रेस, विभिन्न डिजाइन की राखी, फूड स्टॉल, आर्टिफिशीयल ज्वैलरी के स्टॉल लगाए गए हैं। पहले दिन राखी स्टॉल की प्रदर्शनी लगाई गई है। सात को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा कवियत्री सम्मेलन की लाइव प्रस्तुति भी होगी। इस मौके पर दिव्या बावेजा, तरू त्यागी, विभूति लव, सुनीता, राधा, आंचल लव आदि मौजूद रहीं।

### लैब की छत उखाड़कर चुराया लाखों का माल

**गाजियाबाद।** पुलिस की निष्क्रियता के चलते जनपद में बदमाश कितने बेखौफहो गये हैं इसका जीता जागता सबूत उस समय मिल गया कि जब बीती रात बदमाशों ने चिरौड़ी मार्ग पर स्थित पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित ओम डायग्नोस्टिक एण्ड अल्ट्रा साउंड सेंटर की छत उखाडकर वहां रखे 20 हजार से अधिक नगदी व लाखों की मशीनों के सहित पचास लाख का माल चुरा लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस के आला अफसर डॉग स्कॉवड की टीम के साथ पहुंच गये।

### तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे विधायक

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वसुधंरा के वार्ड नंबर 74 के 13 बाला जी मंदिर के पास से रविवार सुबह 9.15 मिनट पर तिरंगा यात्रा निकलेगी। तिरंगा यात्रा में विधायक सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, क्षेत्रीय पार्षद आशा भाटी शामिल होंगी। यह यात्रा वसुंधरा के सेक्टर13, 15, 17, 19 और सेक्टर 6 वैशाली तक जाएगी ।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# शराब नीति पर डिप्टी सीएम सिसोदिया ने पूर्व उपराज्यपाल बैजल पर जड़े आरोप

● उपमुख्यमंत्री ने कहा- बैजल ने अनधिकृत क्षेत्रों में शराब की दुकानें खोलने पर बदला रुख

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को पूर्व उपराज्यपाल अनिल बैजल पर नई शराब नीति पर हमला करते हुए अनधिकृत क्षेत्रों में शराब की दुकानें खोलने के मामले में अपना रुख बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि इसके कारण उनकी सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ।

सिसोदिया ने दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने इस मामले से जुड़ी जानकारी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भेज दी है और दिया कि मामले की तफ्तीश होनी चाहिए। बैजल ने इस मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सिसोदिया ने कहा कि नई आबकारी नीति के तहत अनधिकृत क्षेत्रों समेत पूरी दिल्ली में 849 दुकानें खोली जानी थीं। तत्कालीन उपराज्यपाल ने इस प्रस्ताव का विरोध नहीं किया और इसे मंजूरी दे दी। उन्होंने आरोप लगाया कि नीति लागू होने से दो दिन पहले पिछले साल 15 नवंबर को तत्कालीन उपराज्यपाल ने अपना रुख बदल लिया और शर्त लगा दी कि अनधिकृत क्षेत्रों में शराब की दुकानें खोलने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से अनुमति लेनी होगी।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने कहा, तत्कालीन उपराज्यपाल के रुख में बदलाव के कारण अनधिकृत क्षेत्रों में दुकानें नहीं खोली जा सकीं, जिससे सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। दूसरी ओर, जो दुकानेंखोली गई थीं, उन्होंने काफी कमाई की।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार ने जब नई आबकारी नीति तैयार की थी, उस समय बैजल दिल्ली के उपराज्यपाल थे। इस नीति को 17 नवंबर 2021 को लागू किया गया था। सरकार ने अब यह नीति वापस ले ली है और वह एक सितंबर से अपने उपक्रमों के माध्यम से पुरानी आबकारी व्यवस्था के तहत शराब की दुकानें संचालित करने की तैयारी कर रही है।

सिसोदिया ने कहा कि इस बात की जांच की जानी चाहिए कि बैजल ने अपना रुख क्यों बदला, जिससे कुछ लोगों को लाभ हुआ और सरकार को वित्तीय नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि पूर्व राज्यपाल ने क्या किसी दबाव में यह फैसला किया और क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का इससे कोई संबंध है।

मौजूदा उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आबकारी नीति 2021-22 के कार्यान्वयन में नियमों के कथित उल्लंघन और प्रक्रियागत खामियों की सीबीआई जांच की सिफारिश की है, जिसके तहत शहर के 32 जोन में शराब की खुदरा बिक्री के लिए निजी कंपनियों को लाइसेंस जारी किए गए थे।

## पूर्व एलजी को बलि का बकरा बना रही सरकार: भाजपा

● संबित पात्रा ने कहा, नई आबकारी नीति दुधारु गाय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार अपनी आबकारी नीति में अनियमितताओं से ध्यान हटाने की कोशिशों के तहत पूर्व उपराज्यपाल अनिल बैजल को बलि का बकरा बना रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने पूछा कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और आबकारी विभाग के प्रमुख मनीष सिसोदिया अब तक चुप क्यों रहे। इससे पहले दिन में सिसोदिया ने बैजल पर अनधिकृत क्षेत्रों में शराब की दुकानें खोलने पर अपना रुख बदलने का आरोप लगाया और दावा किया कि इससे दिल्ली सरकार को हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। सिसोदिया ने कहा कि उन्होंने मामले का विवरण केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भेज दिया है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। पात्रा ने कहा, केजरीवाल सरकार के लिए नई आबकारी नीति दुधारू गाय बन गई है। इसके लिए उसे एक बलि के बकरे की जरूरत है, क्योंकि सीबीआई जांच में उन अनियमितताओं को उजागर करने जा रही है। भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि उनकी पार्टी पहले दिन से आबकारी नीति का विरोध कर रही है और अब केजरीवाल सरकार के गलत कामों का पर्दाफाश हो गया है। बैजल के काल में अरविंद केजरीवाल सरकार ने नई आबकारी नीति तैयार की और इसे 17 नवंबर, 2021 को लागू किया था।

## आप ने माना, नीति लागू होने से हुआ भ्रष्टाचार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता ने कहा कि जून 2021 में पास की गई नई शराब नीति में केजरीवाल सरकार का सच सामने आ गया है। जबकि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब नीति पर बेबुनियाद स्पष्टीकरण दे रहे है क्योंकि यह प्रेस वार्ता मुख्यमंत्री को करनी चाहिए थी। सिसोदिया द्वारा तत्कालीन उपराज्यपाल पर आरोप लगाया यह मानना है कि नई शराब नीति लागू करने में भ्रष्टाचार किया गया है। यह साफ हो चुका है कि इन्होंने शराब माफिया को फायदा पहुंचाने में हजारों करोड़ छूट दी है। जबकि नॉन-कन्फर्मिंग क्षेत्रों में शराब की दुकानें खुलवाकर रिहायशी क्षेत्रों के सामाजिक संतुलन को बिगाड़ने का काम किया है। नॉन कंफर्मिंग क्षेत्रों में शराब की दुकाने खोलने की पैरवी करना मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की समाज व जन विरोधी चेहरे को उजागर करता है।

## डीएसएसबी परीक्षा में अनियमितता के चलते शिक्षा निदेशालय ने 72 शिक्षकों को किया बर्खास्त

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने सरकारी विद्यालयों के 72 शिक्षकों द्वारा भर्ती परीक्षा के दौरान जमा कराई गई तस्वीरों और उनके बायोमेट्रिक्स के बीच मिलान नहीं होने के बाद उन्हें बर्खास्त किए जाने का नोटिस भेजा है। डीओई समिति ने कहा था कि इन उम्मीदवारों ने 2018 में दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) द्वारा आयोजित परीक्षा में बैठने के लिए अपनी जगह किसी और को भेजा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इन उम्मीदवारों को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विभिन्न पदों पर नामित किया गया था और उन्हें स्कूल आवंटित किए गए थे। डीएसएसएसबी ने 2021 की शुरुआत में उनके बायोमेट्रिक्स को सत्यापित किया था था, जिसके बाद समिति ने डीओई को तस्वीरों का मिलान नहीं होने का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट सौंपी। उन्होंने कहा कि ए 72 शिक्षक (पुरुष और महिला दोनों) दिल्ली के विभिन्न विद्यालयों में परिवीक्षा पर काम कर रहे हैं।



## एलजी व पुलिस आयुक्त ने किया गुलाबी बूथ और युवा केंद्र का निरीक्षण

● वी.के सक्सेना ने एकीकृत सुविधा सेंटर की सराहना की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के दक्षिणी जिले में एकीकृत सुविधा केंद्र, पिंक बूथ और युवा केंद्र का दौरा किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सक्सेना और अरोड़ा ने आईएनए मार्केट में एकीकृत सुविधा केंद्र का दौरा किया और इस पहल की सराहना की। इन केंद्रों को दिल्ली में पुलिसकर्मियों को जनता के करीब लाने और क्षेत्र में 24 घंटे उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है।

बूथ में ई-एफआईआर कियोस्क होता है, जहां लोग खुद अपनी ई-प्राथमिकी दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा, लापता व्यक्तियों के बारे में सूचना देने के अलावा अन्य सुविधाएं भी प्राप्त कर सकते हैं।

बयान में कहा गया, ए पुलिस बूथ महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और इन व्यस्त क्षेत्रों में आने वाले अन्य लोगों के लिए सहायक होंगे। बाद में सक्सेना और अरोड़ा ने ग्रेटर



कैलाश थाने के युवा प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया। बयान में कहा गया है कि व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए केंद्र की स्थापना की गई है, जिसके तहत युवाओं को अतिथि सत्कार और खुदरा (रिटेल) क्षेत्रों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

## 'बच्चों की रक्षा व पोषण हम सब की जिम्मेदारी'

● बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चिल्ड्रन फर्स्ट जर्नल के दूसरे अंक के विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि हमें बच्चों के सफल होने की क्षमता पर विश्वास रखना चाहिए और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। सिसोदिया यहां दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) के चिल्ड्रन फस्ट जर्नल के दूसरे अंक के विमोचन के अवसर पर भाषण दे रहे थे। उन्होंने कहा, हमारी शिक्षा प्रणाली की सबसे बड़ी कमी यह है कि हमें अपने बच्चों के सफल होने की क्षमता पर विश्वास नहीं है।

सवाल यह नहीं है कि हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लेकर क्या सोचते हैं, बल्कि यह है कि हम अपने बच्चों के साथ घर और कक्षा में किस तरह से बातचीत करते हैं। इससे पता चलता है कि उनमें विश्वास की कमी है। राष्ट्रीय राजधानी के शिक्षा मंत्री सिसोदिया ने कहा कि जब भी बच्चे आईएएस अधिकारी, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश या खिलाड़ी बनने का सपना बताते हैं, तो हम उन्हें उनकी सीमा के भीतर सपने देखने के लिए मजबूर करते हैं। उन्होंने कहा, आज एक गरीब घर की बेटी भी राष्ट्रपति बन सकती हैं।

इसी तरह, हर लड़की अपना सपना पूरा कर सकती है, हमें केवल उसके आत्मविश्वास को मजबूत करने की ज़रूरत है। सिसोदिया ने कहा, मैं एक ऐसे भारत का सपना देख रहा हूं, जहां हर बच्चा जीवन में सब कुछ हासिल करने का आत्मविश्वास रखता हो। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली ऐसी होनी चाहिए कि दूसरे देशों के लोग अपने बच्चों को यहां पढ़ने के लिए भेजें। यह पूछे जाने पर कि बच्चों के लिए वह किस तरह का भारत चाहते हैं? समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आए उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि बच्चों के लिए न्याय तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना आवश्यक है।

## युवती से दुष्कर्म का आरोप, स्पा सेंटर का मैनेजर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नशीला पेय पिला कर 22 साल की युवती के साथ बलात्कार करने के आरोप में एक स्पा सेंटर के मैनेजर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। घटना उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली के पीतमपुरा इलाके की है। उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि घटना के संबंध में बृहस्पतिवार को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पीड़िता और उसका पति स्पा सेंटर के बाहर मौजूद थे और युवती के साथ बलात्कार को लेकर सेंटर के प्रबंधक और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ शिकायत कर रहे थे। डीसीपी ने कहा, युवती ने बताया कि उसने 30 जुलाई से स्पा सेंटर में काम करना शुरू किया और बृहस्पतिवार को शाम करीब छह बजे एक व्यक्ति सेंटर के प्रबंधक राहुल के साथ आया और उससे यौन संबंध बनाने की मांग करने लगा। महिला के अनुसार, प्रबंधक ने उसे शीतल पेय पीने को दिया, जिसे पीकर उसे चक्कर आने लगा और दोनों ने उसके साथ बलात्कार किया।

## भाजपा व सहयोगी संगठनों ने निकाली बाइक तिरंगा रैली



पायनियर समाचपार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में युवा मोर्चा द्वारा देश को आज़ादी दिलाने वाले स्वातंत्रता सेनानियों को सम्मान देने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर गुप्ता ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है।

प्रदेश कार्यालय से तिंरगा मोटर साईकिल रैली का नेतृत्व करते हुए आदेश गुप्ता ने कहा कि इस तिरंगा अभियान के दौरान दिल्ली के हर घर में तिरंगा लगे, इसके लिए भाजपा काम करेगी। उन्होंने कहा कि तिरंगा भाजपा या किसी पार्टी का अभियान नहीं बल्कि देश के हर व्यक्ति का अभियान है।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रदेश के प्रभारी बैजयंत जय पांडा ने कहा कि अमृत महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा की अभियान दर्शाता है कि आज स्वतंत्रता दिवस का समारोह सरकारी दिवस न होकर जनता का त्योहार बन चुका है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विशाल बाइक रैली के लिए युवा मोर्चा को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बाइक रैली सिर्फ एक रैली नहीं बल्कि उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सच्चे मन से श्रद्धांजली है जिनकी मेहनत और बलिदान के बल पर आज हम आजादी की हवा में सांसें ले रहे हैं।

### 750 बाइक सवार केसरी दस्तार सजाकर शामिल

केन्द्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने भाजपा के सिख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा की अगुवाई वाली तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केसरी दस्तार सजा कर 750 से ज्यादा बाइक सवारों ने इस तिरंगा रैली में शिरकत की। इस मौके पर मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किये गए आहवान 'हर घर तिरंगा' को मद्देनज़र रखते हुए हमने तिरंगा बाइक रैली निकालने का फैसला किया। यह बाइक रैली तालकटोरा स्टेडियम से शुरु होकर इंडिया गेट पर समाप्त हुई।

## यमुना किनारे पौधरोपण को भूमि उपलब्ध

● दिल्ली वन विभाग ने डीडीए को पत्र लिखकर दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली वन विभाग ने डीडीए को अवगत कराया है कि यमुना के बाढ़ संभावित मैदानी हिस्सों में करीब नौ हज़ार हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है, जिसका इस्तेमाल नदी की पारिस्थितिकी के अनुकूल वृक्षारोपण और राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के लिए अनिवार्य वनरोपण के वास्ते किया जा सकता है।

गौरतलब है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने राष्ट्रीय राजधानी में हरित गतिविधियों के लिए भूमि की कमी का मुद्दा बार-बार उठाया है। वन विभाग ने बताया कि उसने यमुना सहित 13 प्रमुख नदियों का कायाकल्प करने के लिए केंद्र की परियोजना पर विचार करते हुए, यमुना के बाढ़ संभावित मैदानी हिस्सों में वृक्षारोपण के लिए उपलब्ध भूमि का वानिकी के माध्यम से विस्तृत विश्लेषण किया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने मार्च में 13 नदियों के कायाकल्प के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जारी की थी। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में संरक्षण, वनरोपण, जलग्रहण उपचार, पारिस्थितिकीय पुनरुद्धार, नमी संरक्षण, आजीविका सुधार, आय सृजन, नदी के किनारों और इको-पार्क विकसित करके पर्यावरण पर्यटन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। केंद्र के अनुसार, डीपीआर में प्रस्तावित गतिविधियों से हरियाली बढ़ाने, मिट्टी के कटाव को कम करने, जल-स्तर बढ़ाने, गैर-लकड़ी वनोपज क्षेत्र में लाभ के अलावा कार्बन डाइऑक्साइड कम करने में मदद मिलेगी।

वन विभाग की ओर से डीडीए को जारी पत्र के मुताबिक, मुख्य सचिव के निर्देशानुसार, यमुना के बाढ़ से प्रभावित रहने वाले मैदानी हिस्सों में वृक्षारोपण के लिए उपलब्ध भूमि का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। पत्र में कहा गया है कि ओ-जोन में कम से कम 5,532 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। कुल मिलाकर, यमुना के बाढ़ संभावित हिस्सों में लगभग 9,000 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है।

## दिल्ली और नोएडा में हल्की बारिश, उमस बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली और इससे सटे नोएडा के कुछ हिस्सों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश हुई। दिल्ली में मयूर विहार और बुराड़ी समेत कई जगह बारिश हुई। हल्की बारिश के साथ ही कई इलाकों में जलभराव की भी शिकायतें सामने आईं। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली ने एक ट्वीट में कहा, उत्तर-पूर्वी दिल्ली, मध्य-दिल्ली, दक्षिण-पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, एनसीआर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा) के अलग-अलग स्थानों पर और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक बुलेटिन में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने किया मामला दर्ज

पीएनएस। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन के सिलसिले में तुगलक रोड पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

विपक्षी दल कांग्रेस ने महंगाई, बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बढ़ोतरी के खिलाफ शुक्रवार को देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था। पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) अमृता गुगुलोथ ने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 186 (लोक सेवक को सार्वजनिक कार्यों के निर्वहन से रोकना), 188 (लोक सेवक के विधिवत आदेश की अवज्ञा), 332 (लोक सेवक को उसका काम करने से रोकने के लिए जानबूझकर चोट पहुंचाना) और 34 (साझा इरादा) के तहत तुगलक रोड पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस को नई दिल्ली जिले में निषेधाज्ञा लागू होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में विरोध-प्रदर्शन करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने लुटियंस दिल्ली से शुक्रवार को 65 सांसदों सहित 300 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था।

## जगदीप धनकड़ के उपराष्ट्रपति बनने पर हरियाणा के सीएम ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा सरकार की तरफ से बधाई व शुभकामनाएं दी।

नई दिल्ली में हरियाणा भवन में शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जगदीप धनखड़ के उप राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि किसान वर्ग से संबंध रखने वाले जगदीप धनखड़ से सभी को आशाएं हैं कि वे उप राष्टपति के संवैधानिक पद पर रहते हुए किसानों के कल्याण व उत्थान के कार्यों को भी आगे बढ़ाने में अपना अमूल्य योगदान देते रहेंगे।मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सर्वोच्च पद राष्टपति पद द्रौपदी मुर्मू के रूप में आदिवासी समाज का प्रतिनिधत्व है। यह भाजपा की समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में शामिल करने का संकल्प है। एनडीए ने किसान परिवार से आने वाले धनखड़ को उम्मीदवार बनाकर देश के समस्त किसान परिवार का मान बढ़ाया है।

## रामलीला में तीन मंजिला मंच के साथ दिखेगी राम मंदिर की प्रतिकृति

### कलाकारों को हवा में उठाने के लिए क्रेन के साथ थ्री-डी इफेक्ट का होगा इस्तेमाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रामलीला को इस साल और भव्य बनाने के लिए तैयारी जोरों पर है। इस बार राम मंदिर की 70 फुट ऊंची प्रतिकृति के साथ तीन मंजिला मंच, हवा में कलाकारों को उठाने के लिए क्रेन का प्रयोग और थ्री-डी प्रभाव का इस्तेमाल किया जाएगा।

लव कुश रामलीला समिति द्वारा लाल किला मैदान में 26 सितंबर से छह अक्टूबर तक 10 दिवसीय कार्यक्रम काआयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजकों ने कहा कि मुंबई, कोलकाता, लखनऊ, मथुरा और वृंदावनके कलाकार एक साथ काम कर रहे हैं ताकि दर्शकों को रामायण के एक अभूतपूर्व, ऐतिहासिक पाठ का अनुभव मिल सके। दूर-दराज के क्षेत्रों के लोग नवरात्रि के दौरान रामलीला देखने आते हैं। आयोजक 2022 की रामलीला को एक भव्य आयोजन बनाने के लिए देश आजादी के 75 साल और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का जश्न मना रहा है।



इस साल की रामलीला कई स्तरों पर अलग होगी। पहले कीतुलना में एक बड़ा और अधिक आकर्षक मंच तैयार कियाजाएगा। आयोजन के दौरान 40,000 लोगों के लिए बैठने कीव्यवस्था होगी यानी सामान्य से 15,000 अधिक लोग इस बार रामलीला देख सकेंगे।लव कुश रामलीला समिति के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने कहा कि समिति लाल किले के मैदान में 180 गुणा 60 फुट का तीन मंजिला मंच बनाएगी। मंच के ऊपर एक बड़ा राम मंदिर बनाया जाएगा। यह रामलीला के लिए अब तक का सबसे बड़ा मंच होगा।

अब तक यह 120 गुणा 48 फुट का हुआ करता था। उन्होंने कहा कि एक तरफ 30 फुट में कैलाश पर्वत के नजारे होंगे तो दूसरी तरफ जंगल के दृश्य होंगे। मंदिर की प्रतिकृति की ऊंचाई 70 फुट होगी। मंच को एलईडी लाइट से सजाया जाएगा और इसमें कलाकारों के प्रवेश और निकास के लिए पांच दरवाजे होंगे। मंच केहिस्से अलग-अलग राज्यों में तैयार किए जा रहे हैं और उन्हें यहां जोड़ दिए जाएंगे। कुमार ने कहा, बेहतर अनुभव देने के लिए थ्री-डी इफेक्ट का उपयोग किया जाएगा। जैसे जंगल का कोई दृश्य है, तो आप पक्षियों को चहचहाते हुए सुन पाएंगे और ऐसा महसूस करेंगे जैसे आप जंगल में हैं।

उन्होंने कहा कि मंचन के दौरान कलाकारों को हवा में उठाने के लिए दो बड़ी क्रेन का इस्तेमाल किया जाएगा और विशेषज्ञ, कलाकारों को स्टंट में महारत हासिल करने का प्रशिक्षण दे रहे हैं। मंच के कुछ हिस्सों को कोलकाता में तैयार किया जा रहा है, प्रदर्शन करने वाले कलाकार, स्टंट मैन और मेकअप कलाकार मुंबई से हैं और मंच के चित्रकार वृंदावन और मथुरा से हैं।

### मंचन के लिए कलाकारों के चयन की प्रक्रिया जारी

कलाकारों के चयन की प्रक्रिया जारी है और कई पात्रों को अंतिम रूप दिया गया है। अभिनेता सोनू डागर राम की भूमिका निभाएंगे, शिवानी राघव सीता की भूमिका निभाएंगी और अभिनेता गोवर्धन असरानी नारद की भूमिका निभाएंगे। कुमार ने कहा, कुल मिलाकर 250 स्थानीय कलाकार प्रदर्शन करेंगे और 30 कलाकार मुंबई से आ रहे हैं। बॉलीवुड स्टंट मैन उन्हें प्रशिक्षित करेंगे। लगभग 200 लोगों को मंच और मंदिर की तैयारी में लगाया जा रहा है। कोविड से पहले जितने लोग बैठते थे, उससे 15,000 अधिक सीट की व्यवस्था होगी। दशहरे के दिन रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के बड़े-बड़े पुतले जलाए जाएंगे। ये पुतले क्रमश 100 फुट, 90 फुट और 80 फुट के होंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 7 अगस्त, 2022



# स्वच्छता में गुरुग्राम को टॉप-10 शहरों में लाना हमारा लक्ष्य : नवीन गोयल

### नवीन गोयल ने झाड़सा बांध पर की सफाई अभियान की शुरुआत

### सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ने का भी लोगों से किया आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के पटेल नगर स्थित झाड़सा बंध पर पौधारोपण करते लोग।

**स्वच्छता** के मामले में हमें गुरुग्राम को देश के टॉप10 शहरों लाना है। यह हमारा लक्ष्य है। यह लक्ष्य गुरुग्राम के हर व्यक्ति के सहयोग के बिना संभव नहीं है। इसलिए यहां का हर नागरिक अपने आसपास सफाई का ध्यान रखे। सफाई खुद भी रखें और दूसरों को भी प्रेरित करें। व्यक्ति से व्यक्ति तक इस अभियान को जब हम एक आंदोलन बना देंगे तो अपने मिलेनियम शहर को इस लक्ष्य तक पहुंचा सकते हैं। यह आह्वान किया है पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने यहां पटेल नगर स्थित झाड़सा बांध पर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए कही।

पर्यावरण संरक्षण विभाग, नगर निगम गुरुग्राम, युवा स्वच्छता एवं जन सेवा समिति दुल्हेड़ी के सांझा प्रयासों से यह सफाई अभियान चलाया गया। इसमें पटेल नगर समेत आसपास के लोगों के साथ संस्थाओं के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर प्रवीण अग्रवाल एडवोकेट, मनोज गुप्ता (गुड्डू), अजय जैन, बनवारी लाल शर्मा, अजय शर्मा, पदम डागर, एसएन शर्मा, युधिष्ठिर कौशिक, आरएस कदियान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, अनिल कुमार गुप्ता आरडब्लूए सेक्टर-15, कृष्ण गोपाल रोहिल्ला आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, दीपचंद्र चौधरी, ज्योतिष सिंह एवं निर्मला नागेश समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए जन-जन को पर्यावरण, स्वच्छता का संदेश देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि चाहे पर्यावरण सरंक्षण हो या जल संरक्षण,चाहे शहर की साफ-सफाई हो या शारीरिक स्वच्छता। ये सभी विषय एक-दूसरे के पूरक हैं। सभी का ध्येय स्वच्छता है। स्वच्छता से हम स्वयं सही रह सकते हैं। स्वच्छता से शहर की सुंदरता बढ़ेगी। पर्यावरण स्वच्छ होगा तो हम बीमारियों से दूर रहेंगे। ऑक्सीजन की कमी को हम सबको अहसास है। कोरोना काल में ऑक्सीजन सिलेंडरों में हम लेने को भागदौड़ कर रहे थे। अगर हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं तो कभी ऑक्सीजन सिलेंडरों की हमें जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारा शहर ऐसा हो कि चारों तरफ हरियाली ही नजर आए। जमीन पर कहीं गंदगी ना फैली हो, ऐसी हमारी सफाई व्यवस्था हो। ऐसा करने के लिए हमें सिर्फ सरकार के भरोसे ना बैठकर खुद भी जिम्मेदार बनना होगा। अगर हम सभी अपने आसपास की सफाई भी रखनी शुरू कर दें तो कभी स्वच्छता अभियान की जरूरत नहीं होगी। ये छोटे-छोटे काम ऐसे हैं, जिसमें हम सीधे तौर पर सरकार का सहयोग कर सकते हैं। जब हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता के लिए झाड़ू उठा सकते हैं।

एक खाली प्लास्टिक की बोतल सड़क से उठा सकते हैं तो फिर हमें ऐसे काम करने में पीछे नहीं रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने ये दोनों काम करके देश को संदेश दिया है कि हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारियां भी स्वच्छता के लिए हैं। हम जनसेवा के किसी काम में शर्म, झिझक महसूस ना करें। हम जो काम करेंगे, वह राह चलते लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। एक दिन में अगर हमने एक व्यक्ति को भी प्रेरित कर दिया तो हमारा काम सफल माना जाएगा। उन्होंने फिर से सभी नागरिकों का आह्वान किया कि वे अगर एक काम करना चाहते हैं तो स्वच्छता रखें। उससे कई काम सिद्ध हो जाएंगे।

# सनातन धर्म की मजबूती के लिए करें श्रेष्ठ काम



गुरुग्राम के प्रताप नगर स्थित श्रीराम मंदिर के वार्षिक सम्मेलन में शिरकत करते समाजसेवी बोधराज सीकरी।

### श्रीराम मंदिर में वार्षिक सम्मेलन में की शिरकत

**गुरुग्राम।** शनिवार को श्रीराम मंदिर प्रताप नगर में वार्षिक सम्मलेन के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर में आज के दिन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। वार्षिक सम्मेलन में पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ओम कथूरिया ने की। दोनों अतिथियों द्वारा मंदिर में ध्वजारोहण भी किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान बोधराज सीकरी ने पहले धर्म पर अपना वक्तव्य दिया और फिर राम नाम की महिमा पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि धर्म को मजबूती देना बहुत जरूरी है। धर्म की मजबूती के लिए सनातनी श्रेष्ठ काम करें। सनातन धर्म का झंडा बुलंद करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने विभाजन विभीषिका के बारे में भी जानकारी दी, जिसका भव्य आयोजन गुरुग्राम में 10 अगस्त 2022 को कटारिया चौक के निकट ब्लिस बैंक्वेट हॉल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की मौजूदगी में होगा। श्री सीकरी ने आह्वान किया कि इस त्रासदी को हमारी युवा पीढ़ी न भूले। इस निमित इस प्रकार के स्मृति दिवस हर वर्ष मनाये जायेंगे। इस अवसर पर चंद्रभान नागपाल, देवराज, सुभाष डुडेजा, बालकृष्ण खत्री, श्याम ग्रोवर, योगेश ग्रोवर, सुरेंद्र, सुभाष गांधी, रामलाल ग्रोवर, भारत बन्धु आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में एकता का संदेश देगा हर घर तिरंगा : गगन गोयल



गगन गोयल।

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक देश में हर घर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को जागरुक करते हुए भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल ने कहा कि यह अभियान दुनिया को देश में एकता का संदेश देगा। लहराते तिरंगे से देश में जो सकारात्मकता ऊर्जा का संचार होगा, वह देश के प्रति सम्मान को जन-जन में और गहरा करेगा। गगन गोयल ने कहा कि यह किसी सरकार और पार्टी का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हर भारतवासी का कार्यक्रम है। इसमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हम सबको अपने घरों, दफ्तरों पर तिरंगा लहराना है। आजादी के 75 साल इस बार पूरे होने जा रहे हैं। यह तिरंगा अभियान हर उसे स्वतंत्रता सेनानी के सम्मान में लहरेगा, जिसने आजादी आंदोलन में खुद को शामिल किया। बहुतों ने शहादत दी तो बहुतों ने यातनाएं झेली। ऐसे आजादी के मतवालों का हमें सम्मान करना है। यह तिरंगा अभियान हर उस फौजी के सम्मान में लहरेगा, जिसने सीमा पर रहकर दुश्मन के साथ मजबूती से लड़ाई लड़ी है। जिसने अपनी शहादत दी है और जो सैनिक आज भी सीमा पर डटे हुए हैं।

### बिजली दरबार में ऑनलाइन बिल पेमेंट वाले होंगे पुरस्कृत

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा मानेसर सब डिवीजन के तहत गांव मौकलवास में सोमवार 8 अगस्त को बिजली दरबार लगाया जाएगा। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि यह खुला दरबार गांव मौकलवास के पंचायत घर में सुबह11:00 बजे से ही शुरू हो जाएगा और मौके पर ही बिजली समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसमें बिजली निगम के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली बिलों को ऑनलाइन जमा करवाने वाले ग्रामीण उपभोक्ताओं को पुरस्कृत भी किया जाता है। इस अवसर पर गांव में ऑनलाइन बिजली बिल के भुगतान करने वाले एक उपभोक्ता को 2100 रुपए की राशि का पुरस्कार भी दिया जाएगा। उपमंडल अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों के सामने ही ग्रामीण क्षेत्रों से ऑनलाइन बिल पेमेंट करने वाले उपभोक्ताओं में से ड्रा द्वारा एक उपभोक्ता का चयन किया जाएगा। निगम मैनेजमेंट के निर्णय अनुसार ऑनलाइन बिजली बिल के भुगतान करने वाले ग्रामीणों को प्रोत्साहन देने के लिए यह पुरस्कार राशि अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भी दी जाएगी।

### भोंडसी जिला जेल में बीमारी से एक हवालाती की मौत

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल में 41 वर्षीय हवालाती बंदी की बीमारी से मौत हो गई। मृतक बंदी एक्ससाइज एक्ट के मामले में जेल आया था। शुक्रवार की दोपहर डेढ़ बजे हवालाती बंदी महावीर उम्र 41 वर्ष निवासी गांव झाबुआ थाना बावल रेवाड़ी की अवचानक तबीयत खराब हो गई। जिसे पहले जेल में स्थित अस्पताल में दाखिल कराया। जहा डॉक्टरों ने तबियत अधिक खराब होने पर सेक्टर-10 गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया ।

### साइकिल रैली निकाल ग्रामीणों को दिया हर घर तिरंगा का संदेश



साइकिल रैली निकालते सोहना के वार्ड-20 स्थित राजकीय मिडल स्कूल सांप की नंगली के विद्यार्थी।

**सोहना।** राजकीय मिडल स्कूल सांप की नंगली के विद्यार्थियों ने साइकिल रैली निकालते हुए नागरिकों को अपने घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने रैली के दौरान साइकिलों पर राष्ट्रीय झंडा लगाया हुआ था। देश के स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव के रुप में मनाने के लिए अब स्कूली विद्यार्थी भी आम नागरिको को जागरुक कर रहे हैं। शनिवार को नगर परिषद के वार्ड-20 के गांव सांप की नंगली में स्थित राजकीय मिडल स्कूल के विद्यार्थियों ने तिरंगा झंडा के साथ साइकिल रैली निकाली। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद सतेन्द्र सिंह, स्कूल प्रधानाचार्य मिडल विजयपाल, प्राथमिक मुख्याध्यापक ऊषा रानी ने मिलकर रैली को हरीझंडी दिखाकर गांव में रवाना किया। वार्ड पार्षद सतेन्द्र सिंह भी विश्वास दिया कि वे अपने स्तर पर ग्रामीणों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए उत्साहित कर रहे है। आज निकाली जा रही विद्यार्थियों की इस रैली से भी ग्रामीण जागरुक होंगे। मिडल प्रभारी विजयपाल ने बताया कि राष्ट्रीय झंडा को लेकर निकाली साइकिल रैली के दौरान विद्यार्थियों जोश नजर आया। इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थी के अंदर देश प्रेम, देश के प्रति कर्तव्य और आत्म समपर्ण की भावना आती है।



सांप की नंगली में विद्यार्थियों की साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते स्कूल प्रभारी और वार्ड पार्षद।

# गुरुग्राम में स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में निकाली यात्रा



गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल से स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में यात्रा निकालते लोग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति गुरुग्राम की ओर से यात्रा में लहराए तिरंगे

**शनिवार** को शहर में स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में स्वतंत्रता सेनानी सम्मान यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में शामिल लोगों ने स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरें भी ले रखीं थी। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति गुरुग्राम की ओर से निकाली गई यात्रा में कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल भी शामिल हुए। सिविल लाइन स्थित स्वतन्त्रता सेनानी भवन से यह यात्रा प्रारम्भ हुई। इससे पूर्व अपने वक्तव्य में नवीन गोयल ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों एवं शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया।

अपने संबोधन में श्री गोयल ने कहा कि भारत की आजादी में सुभाषचंद्र बोस, शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह जैसी महान विभूतियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनके अलावा देश में अनेकों ऐसे ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानी भी हैं, जिन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य देश की आजादी बनाया था और आजादी के आंदोलन में वे कूदे थे। ऐसे महान सेनानियों का, उनके बलिदान के प्रति देश सदैव कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। आजादी के 75 साल पूरे हो रहे हैं।

देश के सैनिकों, शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मां भारती के सम्मान में देशभर में घर-घर तिरंगा मुहिम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की है। आने वाली 13 से 15 अगस्त तक हम सबको अपने घरों, कार्यालयों में तिरंगा जरूर लगाएं। यह हमारी आन-बान और शान का प्रतीक है। इसी तिरंगे के नीचे हमारा मान-सम्मान है। यही हमारा स्वाभिमान है। इस अवसर पर कपूर सिंह दलाल, सूबेदार विजेंद्र ठाकरान, देशराज राघव, अत्तर सिंह संधू, सतीश चौहान, अलका दलाल, बृजमोहन गोयल, कविता सांगवान, सुनीता कटारिया, गगन गोयल, मनजीत, दीपक बेनीवाल, पुष्पा धनकड़, बलराज अहलावत व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# देश निर्माण में भारत विकास परिषद योगदान:जिंदल

### राजकीय कन्या महाविद्यालय में किया औषधीय पौधों का रोपण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के राजकीय कन्या महाविद्यालय में औषधीय पौधारोपण कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, स्टाफ व छात्राएं।

**राजकीय** कन्या महाविद्यालय में भारत विकास परिषद गुरुग्राम की चाणक्य इकाई की ओर से औषधीय पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रांत प्रमुख संघ चालक पवन जिंदल और विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की।

प्राचार्य डा. रमेश गर्ग ने अतिथियों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि पवन जिंदल ने पौधारोपण के दौरान कहा कि भारत विकास परिषद का भारत के निर्माण में अहम योगदान रहा है। भारत विकास परिषद एक सेवा एवं संस्कार-उन्मुख अराजनैतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक स्वयंसेवी संस्था है, जो स्वामी विवेकानंदजी के आदर्शों को अपनाते हुए मानव-जीवन के सभी क्षेत्रों में भारत के सर्वांगीण विकास के लिये समर्पित है। भारत परिषद विभिन्न व्यवसायों व कार्यों में लगे श्रेष्ठतम लोगों का एक राष्ट्रीय, गैर राजनैतिक, समाजसेवी व सांस्कृतिक संगठन हैं। विशिष्ट अतिथि नवीन गोयल ने यहां छात्राओं को पर्यावरण का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि महाविद्यालय में औषधीय पौधे लगाए गए हैं। ये पौधे भी छात्राओं की पढ़ाई में काम आएंगे।

भारत विकास परिषद गुरुग्राम शाखा के सचिव डा. डीपी गोयल ने पर्यावरण के मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। शिक्षण संस्थानों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे प्लांटेशन ड्राइव चलाएं। समाजसेवी प्रदीप शर्मा ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम सभी में प्रेम होना चाहिए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद चाणक्य इकाई के पदाधिकारियों के अलावा परीक्षित वत्स प्रेजीडेंट, अमित गंगोतरा वाइस प्रेजीडेंट, अंकित मोदी, सचिव कुमार, दीपक जिंदल, निधि जैन और डा. पूनम, डा. राजेश बेनीवाल, डा. लोकेश शर्मा, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स आदि ने भी पौधारोपण किया। डा. राखी कौशिक और डा. अनीता राठी ने पौधों के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी। औषधीय पौधों के साथ उन पौधों की नेम प्लेट भी लगाई गई।

# टोल की बढ़ी दरों के विरोध में 28 को होगा विरोध

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

### समिति सदस्यों ने कहा, जेल भी जाना पड़ेगा तो समिति के सदस्य पीछे नहीं हटेंगे

### कहा, समिति घामडौज टोल पर आए दिन बढ़ती जा रही समस्याओं से निपटते-निपटते तंग आई

**टोल** संघर्ष समिति 28 अगस्त को घामडौज प्लाजा पर बढ़ाई गई दरों के विरोध में प्रदर्शन करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में गुरुग्राम समेत नूंह, रेवाड़ी, पलवल और फरीदाबाद से लोगों को बुलाया गया है। संघर्ष समिति इस बार टोल विवादों को समाप्त करने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने के इरादे से प्रदर्शन करेगी।

शनिवार को टोल संघर्ष समिति की अनाज मंडी स्थित धर्मशाला में बैठक हुई। जिसमें सतबीर पहलवान समेत मनोज राघव, महाराज सिंह, जग्गी बादशाहपुर, सतबीर आदि 20 से 25 पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक दोपहर 12 बजे शुरू हुई तथा करीब एक घंटा तक चला विचार-विमर्श के बाद फैसला लिया। बैठक के बाद सतबीर पहलवान ने बताया कि टोल संघर्ष समिति घामडौज टोल पर आए दिन बढ़ती जा रही समस्याओं से निपटते-निपटते तंग आ चुकी है, लेकिन एनएचआई और टोल एजेंसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है। उन्होंने बताया कि यह टोल विवादों का अड्डा बन चुका है। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त को घामडौज टोल पर बढ़ाई गई टोल दरों के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन पूर्व में हुए अब तक विरोध प्रदर्शन से हटकर होगा। इस बार टोल संघर्ष समिति आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। यदि जेल भी जाना पड़ेगा तो समिति के सदस्य पीछे नहीं हटेंगे। महाराज सिंह ने बताया कि इस टोल को एनएचआई ने राष्ट्रीयता का दर्जा दिया हुआ है। जबकि राष्ट्रीय मार्ग धुनेला से मुम्बई जाने वाले हाइवे है। इसलिए घामडौज टोल पर राज्यस्तरीय टोल दरों को मान्यता दी जाए। एक साथ ढाई गुणा टोल दरें बढ़ाकर क्षेत्रीय नागरिकों के साथ अन्याय है। जबकि एक तरफ सरकार टोल से 20 किलोमीटर दायरे में आने वाले गांवों को टोल फ्री करने का ऐलान कर चुकी है। वहीं दूसरी और टोल एजेंसी क्षेत्रीय नागरिकों का मासिक पास बनाकर टोल वसूली का कार्य कर रही है।

# साईकिल से गांव-गांव पहुंचकर पौधारोपण करा रहे बीडीपीओ

### पंचायत विभाग खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 25 पौधे लगाना हुआ शुरू

### बीडीपीओ ने 8 ग्राम पंचायतों में 2 से अधिक पौधे लगाए गए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



बीडीपीओ सोहना और गांव रिठौज के ग्रामीण मिलकर गांव के राजकीय स्कूल में पौधारोपण करते हुए।

**पंचायत** विभाग खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 2500 पौधे लगाने की कवायद शुरू कर दी है। खंड विकास अधिकारी स्वयं ग्राम पंचायतों में साइकिल पर सवार होकर पौधे लगाने के लिए जाते हुए प्रदूषण से बचाने का संदेश दे रहे हैं। बीते दो दिन में करीब 8 ग्राम पंचायतों में 200 से अधिक पौधे लगाए गए हैं।

पिछले तीन दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश के साथ ही पंचायत विभाग ने ग्राम पंचायतों में पौधारोपण की कवायद शुरू कर दी है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी समेत ग्राम सचिव, निवर्तमान सरपंच, पंच, नंबरदार, ब्लॉक समिति सदस्य, जिला पार्षद, चौकीदार और सफाई कर्मी पौधारोपण के कार्य में बढ़चढ़कर भाग ले रहे हैं। पंचायत विभाग ने इस बार पौधारोपण अभियान को एक पौधा विश्वास का नारा दिया है। जिसका उद्देश्य प्रत्येक मनुष्य मात्र एक पौधा लगाए। लेकिन उस पौधा की तीन वर्ष तक अपने बच्चों की भांति पालन पोषण करेगा। जिससे पौधारोपण का लाभ हो सके। खंड शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी बलजीत ने बताया कि विभाग की तरफ से फलदार, छायादार, औषधि देने वाले पौधे लगाएं जा रहे हैं। जिसके बड़े होने पर आम नागरिक को उसके होने का लाभ मिल सके। इसके साथ 24 घंटा ऑक्सीजन देने वाले पौधों में बड़ व पीपल को भी अभियान में शुरू किया है।

**गांव से दूसरे गांव साइकिल पर :** इस पौधारोपण अभियान में बीडीपीओ परमेन्द्र सिंह एक ग्राम पंचायत से दूसरी ग्राम पंचायत में पौधारोपण करने के लिए साइकिल पर सवार होकर जा रहे हैं। उनके साथ ग्राम पंचायत सचिव भी साइकिल पर चल रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को पौधारोपण के साथ-साथ प्रदूषण बचाओ का भी संदेश मिल रहा है।

**पर्यावरण** को शुद्ध बनाने के लिए पौधे लगाने ही जरुरी नहीं हैं। वाहनों का कम उपयोग करने की दिनचर्या भी बनानी होगी। अपने छोटे कार्यों को निपटाने के लिए साइकिल का उपयोग करे। जिससे प्रदूषण को फायदा के साथ शारिरीक लाभ भी मिलेगा।

**परमेन्द्र सिंह ( बीडीपीओ )**

# हत्या के प्रयास के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

### आरोपी, उसके माता-पिता, भाई, चाचा, पत्नी और छोटे भाई की पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना से रिठौज ढाणी में 307 के मामले में आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम के एएसआई के साथ महिलाओं ने हाथापाई करते हुए वर्दी को तार-तार कर दिया। आरोपी को छत के रास्ते से भगाते हुए सरकारी कार्य में बांधा डाली। एएसआई की शिकायत पर आरोपी समेत उसके माता-पिता, भाई, चाचा, पत्नी और छोटे भाई की पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शुक्रवार को दोपहर बाद रिठौज ढाणी निवासी मोहित को उसके घर पर भोंडसी से एएसआई सत्यवेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम गई। एएसआई सत्यवेन्द्र प्राइवेट गाड़ी क्रेटा से अपने साथ अन्य मुलाजिमों को लेकर मोहित को पकड़ने पहुंचा। उनकी गाड़ी के पीछे सरकारी गाड़ी भी थी, लेकिन पुलिस को घर के दरवाजे पर देख मोहित का पिता संतराम, छोटा भाई पंकज, मां रज्जो, चाचा रविन्द्र ने पुलिस कार्य में पूरी बाधा डाली और मोहित को छत के रास्ते से भगा दिया। पुलिस ने मोहित के छोटे भाई पंकज को अपनी गाड़ी में बैठा लिया, क्योंकि पुलिस से छुपकर छत पर बैठा मोहित को पकड़ने के लिए जैसे ही पुलिस जाने लगी। मोहित का छोटा भाई पंकज बीच रास्ते में खड़ा हो गया। इस दौरान मोहित छत से कूदकर भाग निकलने में कामयाब हो गया। सरकारी कार्य में बाधा बने पंकज को जैसे ही पुलिस ने अपनी गाड़ी बैठा लिया। वैसे ही मोहित के परिजनों ने एएसआई सत्यवेन्द्र के साथ हाथापाई करनी शुरू कर दी। पुरुष इस हाथापाई से दूर रहे और महिलाओं ने एएसआई पर जमकर मुक्के व थप्पड़ बरसाते हुए वर्दी को फाड़ दिया।

**किस मामले में आरोपी है मोहित :** मोहित के खिलाफ खेड़ला निवासी विपिन ने 21 जून को मोहित, विनु और गौरव के खिलाफ भोंडसी थाना में भोंडसी से रिठौज जाने वाले मार्ग के मोड़ पर अपने ऊपर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया था।

# लोक अदालत में मिलता है सस्ता और सुलभ न्याय: सीजेएम

**गुरुग्राम।** लोक अदालतों में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। यहां के फैसलों की भी उतनी ही अहमियत होती है, जितनी सामान्य अदालतों में हुए फैसलों की होती है। लंबे समय से लंबित केसों के आपसी सहमति से निपटारे के लिए वादकारी लोक अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। इसके लिए आगामी 13 अगस्त को गुरुग्राम जिला अदालत में लोक अदालत लगाई जाएगी।

यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी ललित पटवर्धन ने शनिवार को बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों के आपसी राजीनामे से मामलों का निपटारा होगा। अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला गुरुग्राम में यह राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जा रही है। सीजेएम पटवर्धन ने बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती।

# नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड छोड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसएमओ

### सहायक एसएमओ ने कहा, आपातकाल वार्ड छोड़ने वाले डॉक्टर व नर्स को भी देंगे कारण बताओ नोटिस

**सोहना।** नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड में लगे कर्मचारी से लेकर डॉक्टर के गैर हाजिर होने पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डॉक्टर ड्यूटी के समय आपातकाल वार्ड से एक मिनट बाहर छोड़कर नहीं जाने की सख्त हिदायतें जारी कर दी गई है।

नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड में 24 घंटा ड्यूटी देने वाले डॉक्टरों को अब एक पल भी बाहर जाने पर कार्रवाई होगी। नागारिक अस्पताल का आपातकाल वार्ड हमेशा डॉक्टर के गैर हाजिर होने के आरोपों से घिरा रहा है। लेकिन शुक्रवार को बिजली का करंट लगने के दौरान उपचार के लिए आया गया 15 वर्षीय छात्र की हुई दर्दनायक मौत से नागरिक अस्पताल के अधिकारी हरकत में आ गए है। नागरिक अस्पताल के सहायक एसएमओ डॉक्टर दशरथ राव ने बताया कि विभाग की शुक्रवार को आपातकाल वार्ड को छोड़कर जाने वाले डॉक्टर व नर्स को भी कारण बताओ के नोटिस दिए जाएंगे। उन्होंने वार्ड को कितने देर के लिए छोड़ा और वार्ड को छोड़ने के कारणों का जबाव लिखित में मांगा जा रहा है। उन्होने बताया कि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी से लेकर डॉक्टरों को ड्यूटी में लापरवाही बरतने अब कड़ी कार्रवाई के लिए भी तैयार रहना होगा। आपातकाल वार्ड में दूसरी चरण में आने वाले कर्मचारी और डॉक्टर के आने से पहले वार्ड को न छोड़ने की चेतावनी तक दे दी गई है। यदि डॉक्टर की लापरवाही के कारण किसी मरिज की मौत का कारण बनती है। उस डॉक्टर के खिलाफस्वास्थ्य विभाग की तरफ से मामला दर्ज कराया जाएगा। साथ के साथ उसे कारण बताओ नोटिस का जबाव भी देना होगा।

# अग्निशमन : पांच माह से नहीं मिल रही 23 ड्राइवरों को तनख्वाह

कविता। फरीदाबाद

**नगर** निगम मुख्यालय में तैनात 23 ड्राईवरों को वर्ष 2018 में अग्निशमन विभाग में ड्यूटी के लिए भेजा गया था, लेकिन नगर निगम के द्वारा ही ड्राईवरों की तनख्वाह भेजी जा रही थी। लेकिन मार्च 2022 के बाद पिछले पांच माह से निगम मुख्यालय द्वार ड्राईवरों की तनख्वाह नहीं भेजी गई है। तनख्वाह न मिलने के कारण काम कर रहे ड्राईवरों को अब घर चलाना मुश्किल हो गया है। एक माह पहले ड्राईवरों ने तनख्वाह के लिए निगमायुक्त को पत्र लिखा, जिसका जबाव नहीं मिला। परेशान ड्राईवरों ने अग्निशमन के एडीएफओ सत्यवान सामरीवाल से शनिवार को मुलाकात की है। जिस पर उन्होंने परेशानी का समाधान करने का आश्वासन दिया है। ड्राईवरों ने बताया कि अब कौशल पोर्टल पर भी ब्योरा मांगा जा रहा है, लेकिन वह दुविधा में है कि नगर निगम से दिया जाएगा या अग्निशमन विभाग से? दो दिन पहले भी ठेके व अन्य नए कर्मचारियों की ट्रेनिंग का लेटर विभाग के पास आया है। लेकिन अग्निशमन ने उन्हें ट्रेनिंग के लिए नहीं भेजा। जिससे लगता है कि विभाग उन्हें कर्मचारी ही नहीं मान रहा है।

## वेतन न मिलने से ड्राइवरों को अब घर चलाना हुआ मुश्किल



सेक्टर 15 स्थित फायर स्टेशन।

**यह है पूरा मामला :** नगर निगम में भर्ती किए गए 23 ड्राइवरों ने बताया कि 18 अप्रैल 2018 को उन्हें अग्निशमन में ड्राईवर के पद पर भर्ती किया था। उनका वेतन नगर निगम द्वारा ही भेजा जा रहा था। लेकिन मार्च 2022 के बाद उनके खातों में निगम ने वेतन डालना बंद कर दिया। उन्होंने करीब एक महीने पहले निगमायुक्त के दफ्तर में गुहार लगाई, लेकिन अब तक भी कोई जबाब नहीं मिला है। जिस पर उन्होंने शनिवार को एडीएफओ सत्यवान से बात की है।

**सौतेला व्यवहार :** ड्राइवरों ने बताया कि गत 4 अगस्त 2022 को चंडीगढ़ फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट से एक पत्र जारी किया गया। जिसमें लिखा गया कि 24 मई 2018 से लगे सभी फायर कर्मचारियों चाहे वह किसी भी पद है या फिर ठेकेदारी में, सभी की डिटेल दो दिन के भीतर मेल से भेजे, उनकी ट्रेनिंग करवाई जाएगी। लेकिन इन 23 ड्राईवरों से अग्निशमन विभाग ने किसी भी तरह की कोई डिटेल नहीं मांगी। ड्राईवरों का कहना है कि उन्होंने विभाग में इमानदारी से काम किया है, जहां निगम की ड्यूटी 8 घंटे की होती है, कोरोना काल से लेकर अब तक वह 24-24 घंटे की ड्यूटी दे रहे हैं, लेकिन विभाग उनके संग सौतेला व्यवहार क्यों कर रहा है, यह समझ नहीं आ रहा है। दोनों विभागों के बीच वे पीस रहे हैं। उनका घर चलाना भी मुश्किल हो गया है।

# पत्नी से प्रेम संबंधों के चलते की सब्जी विक्रेता की गोली मारकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिलपत** इलाके में दो दिन पूर्व एक अज्ञात व्यक्ति एक सब्जी विक्रेता के पेट में गोली मारकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को इलाज के बीके अस्पताल पहुंचा दिया था। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा ने इस हत्या के मामले में संज्ञान लेते हुए सभी क्राइम ब्रांचों को तुरंत कार्रवाई कर अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने हरकेश नगर तिलपत में हुए ब्लाइंड मर्डर का मात्र 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोमबीर (32) उत्तर प्रदेश के संभल जिले के गांव बाघऊ का मूल निवासी है। वह वर्तमान में गांव तिलपत के हरकेश नगर में पिछले करीब दो साल से रह रहा है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना पल्ला के हत्या के मुकदमे में आईएमटी बल्लभगढ़ के चंदावली ऐरिया से गिरफ्तार किया है।

## आरोपी थाना पल्ला क्षेत्र में हुई सब्जी विक्रेता की हत्या में चंदावली से काबू किया

आरोपी ने मृतक को दो अगस्त की रात को देसी कट्टे से गोली मार दी थी। जिसे ईआरवी टीम ने मौके पर पहुंच कर घरवालों के साथ बीके अस्पताल में भर्ती करा दिया था। जिसकी पांच अगस्त को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। मुकदमे में पुलिस द्वारा हत्या की धारा लगा दी गई है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि मृतक नीरज के साथ आरोपी की पत्नी का अफेयर था। जो कई बार मना करने के बाद भी नीरज नहीं माना। जिसको लेकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी पिछले तीन महीने से अपने गांव गया था। जो अभी दो अगस्त को फरीदाबाद आया था।


मृतक नीरज और आरोपी दोनों एक साथ सब्जी की रेहड़ी लगाते थे।

अपने गांव से आते समय किसी व्यक्ति से देसी कट्टा व दो जिंदा राउंड 2000 रुपये में वारदात को अंजाम देने के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी दो अगस्त की रात को अपने साथ पिस्तौल लेकर हरकेश नगर सब्जी मंडी में नीरज के अकेले होने का इंतजार कर रहा था। आरोपी ने मौका देखकर करीब 10.30 बजे अकेला देखकर बृजवासी मिष्ठान के पास नीरज को पीछे से गोली मार दी। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर देसी कट्टा, रोंद व मामले में पूर्ण जानकारी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 15 को : सीजेएम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीजेएम** कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती गोयल ने बताया कि अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 13 अगस्त को जिला फरीदाबाद में 15 जजों की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें 15 जजों की अदालतों में 138 एनआईएक्ट के लिए एक अदालत, ट्रैफिक चालान व सिविल क्रिमिनल केसों के लिए 7 अदालतों, समरी केसों के लिए दो अदालतों, लेबर कोर्ट केसों के लिए एक अदालत, फैमिली मैटर के लिए एक,सिविल इल्क्ट्रीकल केसों के लिए दो,मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसों की सुनवाई के लिए एक, प्रमानैन्ट लोक अदालत एक और एमसीएफ लेबर कोर्ट केसों के लिए एक राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालतों में केसों का निपटान आपसी सहमति से करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वादी अदालत में समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करवा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती गोयल ने अपील की कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत लगवाएं। इससे शीघ्र निस्तारण हो सके।


सीजेएम सुकिर्ती गोयल।

# देशभर में बिजली कर्मचारी करेंगे विरोध-प्रदर्शन : लाम्बा


यूनियन कार्यालय में सर्कल कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा।

**फरीदाबाद।** केन्द्र सरकार ने हितधारकों से विमर्श किए बिना एकतरफा ढंग से इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2022 संसद में पेश किया तो लाखों बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर देशभर में काम छोड़ सड़कों पर प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

यह जानकारी इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने शनिवार को आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन की यूनियन कार्यालय में आयोजित सर्कल कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि किसान, गरीब उपभोक्ता व कर्मचारी विरोधी और कारपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए चालू सत्र में पेश किए जाने वाले बिजली अमेंडमेंट बिल 2022 के खिलाफ 10 अगस्त को देशभर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों व कर्मचारियों के तीखे विरोध के बावजूद कारपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए तैयार किए गए बिजली संशोधन बिल के के खिलाफ जनमत तैयार करने के लिए देश के चारों कोनों से नवम्बर महीने में (पावर सेक्टर बचाओ-देश बचाओ के नारे के साथ बिजली क्रांति यात्रा शुरू की जाएगी), यात्रा दिसंबर के प्रथम सप्ताह में दिल्ली पहुंचेगी और दिल्ली में विशाल रैली आयोजित की जाएगी। सर्कल कार्यकारिणी की बैठक में पारित किए प्रस्ताव में 13 अगस्त को बिजली मंत्री के सिरसा ऑफिस पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे।

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में जुटे

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आगामी 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज खजानी वूमैनस वोकेशनल इस्ट्रीटयूट की छात्राओं ने हाथ में तिरंगा लेकर और चेहरे पर तिरंगा बनाकर देशभक्त का संदेश दिया।

इस मौके पर संस्थान के डायरेक्टर संजय चौधरी ने कहा कि हर घर तिरंगा देश की अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक है। अत: हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का सम्मान करें तथा समाज में तिरंगे के इतिहास को भी साझा करें ताकि प्रत्येक नागरिक गौरव की अनुभूति कर सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता से ही देश के प्रति आमजन की भावना मजबूत होती है। उन्होनें कहा इस अभियान के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सभी देशवासी विभिन्न प्रकार के देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

# दूसरे दिन भी जारी रही एनएचएम कर्मियों की हड़ताल


बीके अस्पताल में नारेबाजी कर विरोध प्रकट करते एनएचएम के कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दूसरे** दिन भी नेशनल हेल्थ मिशन के तहत लगे कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही। जिससे शहर के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व सभी डिस्पेंसरियों में कामकाज प्रभावित रहा, तो वही दूसरी तरफ 102 एंबुलेंस कंट्रोल रूम दूसरे दिन भी बंद रहा। कर्मचारियों ने एकजुट होकर बीके अस्पताल परिसर में सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। वहीं 700 कर्मचारियों के दो दिनों से हड़ताल पर होने के कारण जिला सिविल सर्जन ने उन्हें वापस नौकरी पर लेने के लिए सभी इंचार्जों को पत्र लिखा है, ताकि हड़ताल की वजह से उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो सके।

वहीं कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल को दो दिन ओर जारी रखने के लिए कहा है। जिसमें रविवार को वह हड़ताल करेंगे और सोमवार को डायरेक्टर के दफ्तर का घेराव चंडीगढ़ जाकर करेंगे। वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों के न होने से सिविल अस्पतालों समेत डिस्पेंसरियों में कार्य ठप रहा। जिससे यहां आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। डिलीवरी हट सेंटरों पर ताला लगा होने से वहां आई गर्भवती महिलाओं को वापस लौटने को मजबूर होना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक एनएचएम (नेशनल हेल्थ मिशन) के तहत शहर में 700 से भी अधिक कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। इसमें चिकित्सक, नर्स, लैब टेक्नीशियन, एम्बुलैंस चालक व ईएमटी अन्य कर्मचारी शामिल है। एनएचएम यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि तीन स्वास्थ्य कर्मचारियों को निकाल दिया, जिन्हें वापस नौकरी पर लेने और वेतन बढ़ोत्तरी की मांग के साथ ही उन्होंने सभी को पक्का करने की मांग का मुद्दा उठाया है।

# कालोनी में विकास कार्यों की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शनिवार को फरीदाबाद की राजीव कालोनी में बांके बिहारी चौक के पास पंचायती राज विभाग द्वारा एचजीवीवी स्कीम के तहत बनाई गई इंटरलॉकिंग टाइलों से बनाई गई स्कूलों वाली गली व उसके साथ वाली गली का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रृंखला में विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन करने का प्रयास कर रही है। भू-जल स्तर को बनाए रखने और साथ ही गंदे पानी को शुद्ध करके पार्कों, उद्योग तथा अन्य कृषि क्षेत्रों में उपयोग में लाया जा रहा है।

भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने राजीव कालोनी में लगभग 95 लाख रुपये की धनराशि से बनी दो गलियों का उद्घाटन किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की 135 करोड़ की आबादी में 65 प्रतिशत युवाओं की आबादी है। सरकार युवाओं के रोजगार के लिए बेहतर नीतियां बनाकर उन्हें क्रियान्वित करने का प्रयास कर रही है। ताकि देश में कोई भी बेरोजगार युवा ना रहे।



कार्यों का शुभारंभ करते केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर व विधायक नीरज शर्मा।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद शहर को जेवर एयरपोर्ट के को जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे के बनने से क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। फरीदाबाद शहर आने वाले समय में विकास की नई दौड़ में शामिल होने जा रहा है। जिससे विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में फरीदाबाद को विश्व में अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मथुरा एक्सप्रेस वे के बाद दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि इसके बाद फरीदाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक एक नया एक्सप्रेस में बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस वे 31 किलोमीटर लंबा होगा और छह लेन का बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केजीपी से फरीदाबाद के लिए भी दूरी अब कुछ मिनटों के रह जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के नए आयाम स्थापित किए हैं और आने वाले समय में जमकर विकास होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को रोजगार मिलेगा और बड़े-बड़े उद्योग इस क्षेत्र में स्थापित होंगे। इस अवसर पर एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा, जजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर सतीश फोगाट, मुकेश डागर, वीरेंद्र डागर, पंचायती राज विभाग के सबडिविजनल अभियंता रामपाल, निवर्तमान पार्षद पति मुकेश डागर, विकास शुक्ला, संजू चपराना व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रावल अकादमी ने 8 विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** पाली स्थित आरपीसीए ग्राउंड में छठां ऑल इंडिया रविन्द्र फागना क्वार्टर फाईनल का अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच खेला गया। यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी और डब्ल्यूसीएल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर डब्ल्यूसीएल अकादमी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और खुल गेंदबाजी की। मैच में डब्ल्यूसीएल की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 29 ओवर में 61 रन बनाए और टीम आउट हो गई। जिसमें तनुभव ने 10 रन और युवराज ने सात रन लिए। राव के गेदबाज लक्ष्य डागर अरहाल खाल,ने 2-2 और कुशाग्र वरदान और निखिल ने 1-1 विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए रावल के बल्लेबाजों ने 8 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 62 रन बनाते हुए यह मैच 8 विकेट से जीत लिया। जिसमें बल्लेबाज भव्य त्यागी ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। वहीं कृष्णकांत ने 13 रन बनाए। डब्ल्यूसीएल के गेंदबाज उत्कर्ष और तरूण ने 1-1 विकेट लिया। अंत में मैन ऑफ द मैच कुशाग्र पुरी को दिया गया।

# कैसे पढ़ें : 900 बच्चों के लिए मात्र दस कमरे


बाहर बैठकर पढाई करने को मजबूर विद्यार्थी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बरसाती** मौसम में जहां एक तरफ सांप नेवले निकलने का डर रहता है। वहीं दूसरी तरफ सरकारी स्कूलों में पानी तक भर जाता है। लेकिन ऐसे में यदि स्कूलों में बच्चों की कक्षाएं बाहर लगती हो, तो उनकी पढ़ाई पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।

कुछ ऐसा ही बडखल विधानसभा क्षेत्र में मौजूद सेक्टर-21डी के सीनियर सेकंडरी स्कूल को सिंगल शिफ्ट किए जाने के बाद अव्यवस्था देखने को मिल रही है। स्कूल में बैठने के लिए पर्याप्त कमरे नहीं है। इस कारण स्टूडेंट्स को बरामदे में पढ़ाया जा रहा है। स्थिति उस वक्त और बिगड़ जाती है, तब बारिश होने पर कमरों में पानी चला जाता है। इसको लेकर जहां पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं पैरेंट्स में भी रोष है।

जानकारी के मुताबिक जिले में कुछ ऐसे स्कूलों को डबल शिफ्ट में किया गया था, जिनमें पर्याप्त कमरे नहीं हैं और उन स्कूलों में स्टूडेंट्स अधिक हैं। ऐसे में अव्यवस्था तो बनती है , साथ ही पढ़ाई पर असर पड़ता है। ऐसे स्कूलों में सेक्टर-21डी का सीनियर सेकंडरी स्कूल भी शामिल है। एक-सवा साल पहले इस स्कूल को विधायक सीमा त्रिखा के कहने पर तत्तकालीन शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने डबल शिफ्ट किया था। इससे स्कूल में स्टूडेंट्स को बैठने में आसानी हुई और स्टूडेंट्स और टीचर्स के बीच पढ़ाई का बेहतर माहौल बना।

# संक्षिप्त समाचार

## मेगा इवेंट : नाटक पात्र विद्रोही का मंचन



**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव में हो रहे 75 दिवसीय मेगा इवेंट के तहत शुक्रवार शाम नाटक पात्र विद्रोही का मंचन किया गया। सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कंवेंशन सेंटर में आयोजित इस नाटक में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नाटक का निर्देशन पृथ्वी साहनी ने किया। संभार्य फाउंडेशन, सर्वोदय फाउंडेशन व नगर निगम फरीदाबाद मिलकर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 75 दिवसीय मेगा इवेंट का आयोजन कर रहे हैं। नाटक में जात-पात का भेदभाव न करने व पर्यावरण संरक्षण का संदेश बड़े ही अनोखे ढंग से दिया गया। नाटक में पृथ्वी साहनी, सर्वेश डागर, नरेश ठाकुर, रूपाली शर्मा, अजय कुमार, रोबिन कुमार, कुलदीप सिंह, वरुण पासी व नेहा प्रजापति ने अभिनय किया। अभिषेक राजपूत ने लाइटिंग, आकाश शर्मा व कुलदीप ने संगीत में सहयोग दिया। संभार्य फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक देशवाल ने बताया कि 2 जून से शुरू हुआ यह इवेंट 15 अगस्त तक चलेगा। इवेंट में आज रविवार को नाटक लुकाछिपी की मंचन होगा। मौके पर रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सिंह सोरोत, रविंद्र फौजदार, पुरुषोत्तम सैनी, विमल खंडेलवाल, सुनीता, राजकुमार गोगा आदि मौजूद रहे।

## भागवत महान ग्रंथ है : बबली



**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 भूमिया बाबा मन्दिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा कथा श्रवण व्यास श्रद्धेय कृष्ण गोपालदास शास्त्री का पूजन कर भगवान परशुरामजी की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा श्रीमद्भागवत महान ग्रंथ है। कथा में होराम, मिथलेश, नानकचंद, रूपचन्द, कल्लू आढती, विकास, कर्ण पाराशर इंजिनियर, राजू दादा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोप में फरार शराब तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के निर्देश पर क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव की टीम ने हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम योगेश उर्फ भोला है। आरोपी बल्लभगढ़ के आजाद नगर में रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लभगढ़ के तिगांव रोड लड़कियों के सरकारी स्कूल के पास से थाना शहर बल्लभगढ़ मे दर्ज हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से वारदात में प्रयोंग डंडा को बरामद कर लिया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित मीटिंग में मौजूद डीसीपी एसीपी एवं सभी थाना प्रबंधक को निर्देश हुए देते हुए कहा कि सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, क्राइम यूनिट अपने-अपने एरिया में मौजूद होटल, गेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार, माल, धर्मशाला को निरंतर चेक करेंगे। संदिग्ध वाहन और व्यक्ति को अच्छे से चेक किया जाए। पुलिस आयुक्त ने सभी फरीदाबाद शहर वासियों से अपील की है कि शहर को सुरक्षित रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद करें। किसी भी व्यक्ति को कोई भी संदिग्ध वाहन/वस्तु/व्यक्ति के बारे में पता लगता है अथवा सूचना मिलती है तो तुरंत इस बारे में पुलिस को 112 नंबर पर या 9999150000 व्हाट्सएप नंबर पर एवं नजदीकी थाना में सूचना दें।

## डीएवी कॉलेज ने निकाली तिरंगा साइकिल रैली



**फरीदाबाद।** डीएव शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद की यूथ रेडक्रॉस इकाई, एनएसएस, एनसीसी तथा अन्य विभागों के छात्र-छात्राओं ने शनिवार 6 अगस्त को एनआईटी क्षेत्र में तिरंगा साइकिल रैली आयोजित की। इस साइकिल रैली को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सविता भगत ने झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से शुरू हुई और ईएसआई हॉस्पिटल की तरफ से दशहरा ग्राउंड होते हुए आगे बीके अस्पताल के सामने सर्किल से केएल मेहता रोड होते हुए वापस डीएवी शताब्दी महाविद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इस रैली में यूथ रेडक्रॉस डीएवी यूनिट के छात्र छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस वॉलंटियर्स छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। उनका साथ देने के लिए प्राध्यापक गण भी साईकल से पहुंचे। इस रैली में कुल 80 प्रतिभागी रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यान्यवन और आयोजन डीएवी महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. नीरज सिंह ने किया। एनसीसी गर्ल्स यूनिट की इंचार्ज कैप्टेन सुनीता डुडेजा, एनएसएस की कविता शर्मा खेल विभाग के प्रो. डॉ. नरेंद्र दुग्गल, पत्रकारिता विभाग से वीरेंद्र सिंह, मैनेजमेंट विभाग से विभागाध्यक्ष अंकिता महिंद्रा और उनके साथ ओमिता जौहर, स्मृति आदि रहे। महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ सविता भगत ने बताया कि इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में डीएवी 15 अगस्त तक लगभग प्रतिदिन कोई न कोई कार्यक्रम कराएगा।

## नाइट डोमिनेशन में पुलिस ने चेक किए 4506 वाहन

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार पांच अगस्त की रात्रि पुलिस कमिश्नरेट फरीदाबाद द्वारा 10 बजे रात्री से 4 बजे प्रात: नाईट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नर द्वारा नाइट डोमिनेशन के दौरान रात के समय चलने वाले सभी वाहनों की चेकिंग करने तथा किसी भी संदिग्ध और अपराधी किस्म के व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। फरीदाबाद पुलिस द्वारा नाइट डोमिनेशन के दौरान कुल 4506 छोटे-बड़े वाहनों को चेक किया गया। जिसमें 1602 टू व्हीलर, 1106 कार व 1062 लाइट व्हीकल और 736 हैवी व्हीकल चेक किए गये। चेकिंग के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट व अन्य कानून के तहत 141 हलके व भारी वाहनों के ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की गई। नाइट डोमिनेशन के दौरान की गई चेकिंग में 123 वाहन चालकों के चालान किए गए तथा लापरवाही करने पर 14 मुकदमें भी दर्ज कर 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चार वाहन को इम्पाउंड किया है। पुलिस ने अभियान के तहत होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड इत्यादि 299 सार्वजनिक स्थानों को चैक संदिग्ध पाए जाने वाले 417 लोगों के पर्चे अजनबी (स्ट्रेंजर रोल) काट कर उचित कानूनी कार्रवाई की गई। इसके अलावा पुलिस ने 1 देसी पिस्तौल, 11070/ रुपये नकद तथा 56 बोतल देसी शराब बरामद किए हैं।

## छात्राओं का योगाभ्यास एवम् प्रशिक्षण कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत अगस्त माह के प्रथम शनिवार को योग प्रशिक्षण एवम् योग अभ्यास कार्यक्रम का संयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में किया गया। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य ने योग प्रशिक्षण और योग अभ्यास में सम्मिलित सभी अध्यापकों और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी स्वस्थ, फिट एवम एक्टिव रहें। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए हरियाणा सरकार द्वारा सभी विद्यालयों को प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को योग प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा योगाभ्यास कर के योग से जोड़ने का निर्देश दिया गया है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि हमें प्रतिदिन तीस मिनट का योग अवश्य करना चाहिए। योग में अद्भुत शक्ति है। योग करने से एकाग्रता, संयम और संतोष की अनुभूत होती है। योग जीवन पद्धति है।

अगवा किए गए किशोर का शव मिलने पर बवाल

# पुलिस टीम पर हमला, एसओ और कई सिपाही हुए घायल

भाषा। बदायूं

**बदायूं** के थाना वजीरगंज क्षेत्र के पेपल गांव में एक किशोर का क्षत विक्षत शव मिलने के बाद मृतक के परिजनो एवं ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया तथा वजीरगंज के थानाध्यक्ष के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर हमला बोल दिया, जिसमें एसएचओ समेत कई सिपाही घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकरी ने बताया कि इस हमले में थाना वजीरगंज के एसएचओ और एक सिपाही का सिर फट गया और कई अन्य सिपाही घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सिद्धार्थ वर्मा कई थानों की फोर्स लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार थाना वजीरगंज क्षेत्र के पेपल गांव के रहने वाले जयपाल सिंह का बेटा सुखबीर (17) 24 जुलाई को अचानक लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि दो-तीन दिन तलाश करने के बाद जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने 27 जुलाई को वजीरगंज थाने में सुखबीर की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके दो दिन बाद ही सुखबीर के भाई सुनील कुमार ने गांव बरखेड़ा निवासी कोमल राम, उसकी पत्नी सुखदेवी, रामपाल और कल्लू के खिलाफ सुखबीर के अपहरण की आशंका जताई और पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने शनिवार को सुबह 10 बजे सुखवीर की लाश पास के खेत में सड़ी गली अवस्था में कंकाल के रूप में मिली। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष महेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया तो परिजन और ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से घबराई पुलिस ने बचने को वहां से भागने का प्रयास किया किंतु भीड़ ने थानाध्यक्ष महेश सिंह व आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह को घेर कर कथित तौर पर बुरी तरह से पीट दिया। अधिकारी ने बताया कि हमले में थानाध्यक्ष महेश सिंह का सिर फट गया बाकी कई पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं। वर्मा ने बताया कि सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा:** कौशांबी।जिले की एक अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के एक दोषी को शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस के खिलाफ 41000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि शासन की प्राथमिकता के आधार पर गंभीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में थाना पुरामुफ्ती में पंजीकृत मुकदमा के अभियुक्त छेद्दन उर्फ छेदीलाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और उस पर 41000 रुपए अर्थदंड लगाया गया।

**महिला को बांधकर पीटने का वीडियो वायरल होने पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी:** सिद्धार्थनगर में एक महिला को कुछ लोगों द्वारा बांधकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ शोहरतगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज काराई है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर शोहरतगढ़ थाने में भारतीय दंड संहिता की संबद्ध धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और क्षेत्राधिकारी स्तर का अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। वायरल हो रहा यह वीडियो शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के मधवापुर के पुरैना का बताया जा रहा है जिसमें ग्रामीण उस महिला को रस्सियों से बांधकर उसे गाली दे रहे हैं और पीट रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला शादीशुदा है, और वह अपने प्रेमी के साथ पकड़ी गई। महिला का पति कामकाज के सिलसिले में राजस्थान में रहता है।

## हरियाणा से लाई गई 18 लाख की शराब जब्त, पांच तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने हरियाणा से तस्करी कर लाई गई 18 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब शुक्रवार देर रात जब्त की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शराब की एक हजार पेटियां और तीन वाहनों को जब्त कर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक के मुताबिक, शामली जिले के कांधला पुलिस थाना क्षेत्र के भभीशा चेक पोस्ट पर उत्पाद शुल्क विभाग की मदद से 18 लाख रुपए मूल्य की एक हजार पेटी अवैध शराब जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि क्षेत्राधिकारी बीएस भड़ाना की अगुवाई में पुलिस टीम ने इन वाहनों को रोका और उनमें से एक लाख रुपए से अधिक की नकदी और एक रिवाल्वर भी बरामद की। अभिषेक के अनुसार, पुलिस ने हरियाणा के रहने वाले पांच लोगों-रणवीर, प्रवीण, सुमित, रविंदर और कृष्ण को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ में पता चला कि वे यह शराब सोनीपत से मुजफ्फरनगर ले जा रहे थे।

## प्रेमी से मिलने पर महिला की पिटाई का वीडियो वायरल

### पुलिस ने शुरू की पड़ताल

**गोरखपुर।** सिद्धार्थनगर जिले के शोहरतगढ़ इलाके में प्रेमी से मिलने पर ससुराल पक्ष और अन्य लोगों द्वारा एक विवाहित महिला को बांधकर पीटे जाने का एक वीडियो यहां सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने जांच के लिए एक टीम का गठन किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सिद्धार्थनगर के माधवपुर गांव की एक महिला का उसी गांव के एक व्यक्ति के साथ कथित तौर पर प्रेम प्रसंग चल रहा था और 30 जुलाई को वह रात में उससे मिलने गया था, और दोनों जब एक कमरे में थे, तो परिवार के सदस्यों ने उन्हें पकड़ लिया।

उन्होंने बताया कि उसके बाद परिवार के सदस्यों ने अन्य ग्रामीणों के साथ उसे गेट से बांध दिया और उसके साथ मारपीट की, किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि महिला और पुरुष दोनों शादीशुदा हैं, महिला तीन बच्चों की मां है जबकि पुरुष एक बच्चे का पिता है। महिला का पति दिल्ली में काम करता है और घटना की बात सुनकर वह लौट आया लेकिन महिला अपने एक बच्चे को लेकर घर से भाग गई। सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस के संज्ञान में एक वीडियो क्लिप आया है जिसमें एक महिला को बांधकर पीटा जा रहा है और इस मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है। एसपी ने कहा कि वीडियो क्लिप 6-7 दिन पुरानी है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्वाई की जाएगी।

# डीएम और एसपी ने समाधान दिवस में सुनीं जनसमस्याएं

### 145 शिकायतों में से 7 का मौके पर निस्तारण

संवाददाता। गोंडा

**तहसील** मनकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उसके समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व निष्पक्षता से निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कुल 145 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित कर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश जारी किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित किया जाये। अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर मामले का निस्तारण हो। एसपी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि तालाब, जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली के अतिक्रमण मामले में राजस्व विभाग के कर्मियों के पुलिस फोर्स के साथ जाकर अतिक्रमण हटवाया जाना सुनिश्चित किया जाये। इस मौके पर तहसील परिसर में जिलाधिकारी ने पौधरोपण भी किया। वहीं तहसील परिसर में विभागों के द्वारा लगाये गये स्टालों का डीएम व एसपी ने निरीक्षण कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व स्थानीय लोगों द्वारा बनाए गए उत्पादों के प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनसे संवाद भी किया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, डी.सी. एनआरएलएम, जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी आदि मौजूद रहे।



## गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शिता से निस्तारित करें जनशिकायतें: तोमर



### कोतवाली देहात का एसपी ने किया निरीक्षण

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने शनिवार को थाना कोतवाली देहात का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, आरक्षी बैरक, भोजनालय, थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क एवं साइबर हेल्प डेस्क आदि का जायजा लिया। साथ ही निर्माणाधीन आरक्षी बैरक, सीसीटीवी व कम्प्यूटर सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया। गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने रिकार्डों को अद्यतन करने व साफसफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए मामले का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शिता से त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। वहीं मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108 व 102 के संबंध में जानकारी देकर जागरूक करने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाने के त्यौहार, मासिक व अपराध रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात कमलाकान्त त्रिपाठी, पीआरओ राकेश सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्तार अंसारी की पत्नी के नाम 2.25 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिला प्रशासन ने जेल में बंद बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी की पत्नी अफ्शा अंसारी के नाम 2.25 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों को कुर्क किया है। मुख्तार फिलहाल बांदा जेल में बंद है। अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने पीटीआई को बताया, भारी पुलिस बल के साथ उस क्षेत्र के एसडीएम ने गोराबाजार क्षेत्र, राजदेपुर और फूलनपुर में तीन भवनों को कुर्क किया। इन संपत्तियों को आपराधिक गतिविधियों से कमाए गए पैसे से खरीदा गया था। उन्होंने कहा कि अंसारी और उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ भविष्य में भी कार्वाई जारी रहेगी।

## बड़े बेटे की हत्या के मामले में मां और छोटा बेटा गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले में मोदी नगर पुलिस ने अपने प्रेमी की मदद से अपने बड़े बेटे की हत्या करने के आरोप में एक महिला और उसके छोटे बेटे को शुक्रवार को गिरफ्तार किया, जो हत्या के बाद फरार थे। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इराज राजा ने बताया कि अंजलि नाम की एक महिला ने 21 जुलाई को अपने पति अनुज कुमार उर्फ समर (27) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और बताया था कि उसका पति 18 जुलाई से लापता है। उन्होंने बताया कि बाद में तीन अगस्त को अंजलि के भाई ने पुलिस को सूचित किया कि उसके बहनोई अनुज का शव निवाड़ी रोड पर दरगाह के पीछे पड़ा है। राजा के मुताबिक, शव मिलने के बाद अंजलि ने अपनी सास कृष्णा देवी और उनके छोटे बेटे अभिषेक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। राजा ने कहा कि अंजलि ने अपनी शिकायत में कृष्णा के कथित प्रेमी देवेंद्र पर भी आरोप लगाया था कि उसने अनुज की हत्या करने में उनकी मदद की थी।

# पैसा मांगने पर पेट्रोलपंप कर्मी को कार से कुचला, मौत

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में एक पेट्रोल पंप पर शुक्रवार रात पेट्रोल भरवाने आए युवकों ने पैसा मांगने पर पेट्रोल पंप कर्मचारी को कथित तौर पर कार से कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अखिलेश नारायण ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के एटा चौराहे पर समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता सुरेश यादव का एस एन फिलिंग स्टेशन नाम का पेट्रोल पंप है। शुक्रवार रात करीब 10.30 बजे चार युवक एक वैगन आर कार में सवार होकर पेट्रोल पंप पर आए और कर्मचारी शेर सिंह (50 वर्ष) से I,020 रुपए का पेट्रोल भरवाया। नारायण के मुताबिक, कर्मचारी द्वारा पैसा मांगने पर युवक गाली-गलौज करते हुए कार लेकर भागने लगे। उन्होंने बताया कि युवकों ने कार के पीछे भागे कर्मचारी शेर सिंह

## बस की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत दो बेटे गंभीर रूप से घायल

**लखीमपुर खीरी।** करीब आठ किलोमीटर दूर खीरी-धौरहरा राज्य राजमार्ग पर रवाही पुल पर शनिवार को जा रही तेज रफ्तार बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे पति और पत्नी की मौत हो गई जबकि उनके दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिला मुख्यालय के लिए बाइक से जा रहे शहर कोतवाली क्षेत्र के सिरकिरहा गांव निवासी अनूप कुमार शुक्ला (40) और उनकी पत्नी वंदना शुक्ला (38) की तेज रफ्तार बस की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दो बेटे-प्रांजल (10) और दिव्यांश (8) गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मऊ में पत्नी की फावड़े से हत्या

**मऊ।** मऊजिले के सराय लखंसी थाना क्षेत्र के ताजोपुर गांव में एक व्यक्ति ने शनिवार को पत्नी की फावड़े से हत्या कर दी और इसके बाद थाने पहुंचकर अपराध स्वीकारते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति ने हत्या में प्रयुक्त फावड़े को भी पुलिस को सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पति देवंद्र यादव और पत्नी कृपादेवी (38) के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। वह पिछले सात साल से अपने पति और दो बच्चों के साथ ताजोपुर गांव स्थित अपने मकान में रहती थी। उन्होंने बताया कि पेशे से किसान देवेंद्र की, कृपा दूसरी पत्नी थी। पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह की देवेंद्र की किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया और दोनों में मारपीट शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान गुस्से में देवेंद्र ने पत्नी कृपादेवी पर फावड़े से हमला कर दिया जिससे मौके पर ही कृपा देवी की मौत हो गई।

## मंदिर के पुजारी की पीट-पीटकर हत्या

**बिजनौर।** जिले के शेरकोट थाना क्षेत्र के मनोकामना मंदिर के पुजारी बेगराम (70) की शनिवार तड़के कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेगराम लगभग 20 वर्षों से अपनी पत्नी जावित्री के साथ मनोकामना मंदिर में रहकर पूजा-पाठ करते थे। शनिवार तड़के करीब साढ़े चार बजे पुलिस को अज्ञात बदमाशों द्वारा उन्हें डंडों से बुरी तरह पीटकर घायल करने की सूचना मिली। सिंह के मुताबिक, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस बेगराम को अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मारपीट के दौरान बेगराम की चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी बाहर आई, जिसके बाद बदमाश भाग गए। सिंह के अनुसार, घटना की जांच के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं।

## दतौली, मछलीगांव व गुनौरा के अमृत सरोवर ताल का डीएम ने किया निरीक्षण

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने शनिवार को तहसील मनकापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दतौली, मछली गांव नानकार तथा गुनौरा में कराये जा रहे अमृत सरोवर तालाब के निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि और अच्छे से सरोवर को तैयार किया जाय तथा इसके आस-पास पौधरोपण जरूर कराया जाये। जिससे इसके आस-पास हरियाली का वातावरण रहे। साथ ही इसकी देखभाल जरूर किया जाय, ताकि अमृत सरोवर तालाब की सुन्दरता और स्वच्छता बराबर बनी रहे। इस मौके पर डनहोंने वहां कार्य कर रहे श्रमिकों एवं बच्चों को हर घर कार्यक्रम के तहत तिरंगा ध्वज का भी वितरण किया। उन्होंने लोगों को कि बताया आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को मनाया जाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, डीसी मनरेगा संत कुमार, उपायुक्त स्वतह: रोजगार नरेश बाबू सविता, खण्ड विकास अधिकारी मनकापुर, संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भारत की समृद्धि और शैक्षणिक विरासत को सहेजने की मुहिम

**मथुरा।** प्रेम महाविद्यालय की विरासत को पुनर्जीवित करने और पुनरोद्धार करने के लिए एक परियोजना की शुरुआत करने जा रहा है् महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह ने 112 साल पहले प्रेम महाविद्यालय की शुरुआत की थी् एक समय में आलीशान एवं शानदार रही इमारत कमजोर और जीर्ण.शीर्ण हो गई। अब छात्रों के फायदे के लिए सभी जरूरी सुख.सुविधाओं से लैस संस्थान विकसित करने का संकल्प लिया गया है।राजो 1909 में महल को दान में दिया था् राजा जी ने इसे शैक्षणिक संस्थान बनाने के लिए इसे डोनेट किया था। महात्मा गांधी, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोरए लाला लाजपत रायए मदन मोहन मालवीय जैसे भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने इस संस्थान का दौरा किया थाण् अपने सुनहरे दिनों में इसे एक प्रीमियम शैक्षणिक संस्थान माना जाता है। भारत की आजादी की लड़ाई में यह महल कई स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा का एक स्रोत बन गया था। ब्रिटिश शासन के दौरान यह स्वतंत्रता सेनानियों के इकट्ठा होने का स्थल बन गया था। इस प्रोजेक्ट के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का संकल्प जताया हैण् वहीं आजए मथुरा में संस्थान के परिसर में भूमि पूजन के साथ निर्माण गतिविधियों की शुरुआत हुई। कौशल महाराज, डीएम नवनीत चाहल, डीसीपी बृजेंद्र यादव, यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद की वाइस.चेयरपर्सन डॉ् मंजरी मिश्रा एवं एमवीडीए के वीसी नागेंद्र प्रताप ने औपचारिक तौर पर इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया।

## हरे चारे में नाइट्रेट पाए जाने से हुई 61 गायों की मौत

**बरेली।** अमरोहा की सांथलपुर गौशाला में हुई 61 गायों की मौत की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पता चला है कि हरे चारे (बाजरा) में नाइट्रेट पाए जाने की वजह से इन गायों की मृत्यु हुई है। भारतीय पशु चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान (आइवीआरआइ) इज्जतनगर के निदेशक डा त्रिवेणी सिंह ने शनिवार को बताया कि आइवीआरआइ के वैज्ञानिक डाक्टर एजी तैलंग, डाक्टर स्वामीनाथन और डाक्टर आर रघुवरण की टीम ने अमरोहा के गांव साधलपुर स्थित गौशाला का गहन निरीक्षण किया था।उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों ने गायों के दो शवों का पोस्टमार्टम किया। उन्होंने बताया कि गौशाला के गहन निरीक्षण में पता चला कि गायों की नांद में हरा चारा मिला था और जांच में सामने आया है कि गायों ने हरा बाजरा ज्यादा खाया था, जिसमें नाइट्रेटानाइट्राइट ज्यादा पाई जाती है। उन्होंने बताय कि पेट में अधिक मात्रा में यह पहुंचने के बाद हीमोग्लोबिन में मिलकर नुकसान करता है, इसके बाद हीमोग्लोबिन शरीर के उत्तकों तक आक्सीजन नहीं पहुंचने देता है जिससे वह तड़पने लगती हैं और इससे पशुओं की मौत हो जाती है।

# चिकित्सालयों की व्यवस्था सुधारें, सुविधाएं बढ़ाएं: पाठक

## पेंशन वितरण में किसी तरह की देरी बर्दाश्त नही की जाएगी:डिप्टी सीएम

**मथुरा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को अधिकारियों को चेतावनी दी कि दिव्यांगों समेत तीन प्रमुख श्रेणियों के लोगों के पेंशन वितरण में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी क्योंकि राज्य सरकार पात्र सभी लोगों को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। शनिवार को मथुरा पहुंचे ब्रजेश पाठक ने वृन्दावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद संवाददाताओं से कहा कि 25 दिनों के बाद सरकार की विभिन्न योजनाओं विशेष रूप से वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन और दिव्यांग पेंशन की प्रगति का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा। पाठक ने कहा कि आवेदनों के सत्यापन के बाद न केवल पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत पेंशन सुनिश्चित की जाएगी, बल्कि जो पेंशन के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं, उन्हें विशेष शिविर लगाकर सरकार की विभिन्न पेंशन योजनाओं के दायरे में लाया जाएगा। यहां जारी विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने आए पाठक ने कहा कि समीक्षा बैठक में प्रत्एक विभाग का बिंदुवार आकलन किया जाएगा और 25 दिन बाद प्रगति की फीडबैक देने का निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम बेहतर परिणाम के लिए जनप्रतिनिधियों को विकास कार्यों में शामिल करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार काम करेगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य का प्रभार संभालने वाले पाठक ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को निर्देश दिया गया है कि वह नवजात शिशु की मां को प्रसव के बाद 48 घंटे तक अस्पताल में रहने के लिए राजी करें ताकि नवजात शिशु का टीकाकरण हो सके। उन्होंने मथुरा के निवासियों से रविवार को होने वाले कोविड-19 रोधी टीकाकरण कार्यक्रम में भाग लेने की भी अपील की पाठक ने स्वास्थ्य विभाग को भी जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की ताकीद की। उन्होंने सीएमओ से कहा कि अस्पतालों में मशीनों की कमी नहीं रहे और रोगियों को चिकित्सा सुविधाएं समय पर एवं समर्पण भाव से उपलब्ध कराई जाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी अगर जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, तो उनके विरूद्ध कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को अस्पताल से वापस नहीं भेजा जाए, मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा के रेस्पॉन्स टाइम का भी पूरा ध्यान रखा जाए। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक वृन्दावन के पवन हंस हैलीपेड पहुँचेंए जिसके बाद उन्होंने श्री बांके बिहारी जी के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की।






## फोन टैपिंग का डर

योगी सरकार के एक अति वरिष्ठ मंत्री बहुत परेशान हैं। उन्हें लगता है कि उनकी निगरानी करायी जा रही है। डर के मारे मंत्री जी ने फोन पर बातें करना बहुत कम कर दिया है। अपने संगे-सम्बंधियों से भी मंत्री जी फोन पर सिर्फ जरूरी बातें करते हैं और उन्हें ऐसी-वैसी बातें फोन पर करने से मना करते हैं। मंत्री जी का मानना है कि निगरानी की इस कड़ी में उनका फोन भी टेप किया जा सकता है। साल 2017 में भाजपा के सत्ता में आने पर वह मुख्यमंत्री बनते-बनते रह गये थे। पिछली सरकार के वह एक मात्र ऐसे मंत्री थे जो सीएम योगी को पर्दे के पीछे से चुनौती देते रहे। सरकार की तरफ से केन्द्रीय नेतत्व को इस मंत्री की शिकायतें भी हुईं लेकिन पिछड़ी जाति का बड़ा नेता होने के नाते मंत्री जी अपनी पारी को आगे बढ़ाते रहे। पिछला विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी योगी सरकार में उन्हें उनका पुराना ओहदा मिला है लेकिन मंत्री जी पिछली बार की तरह इस बार उतने ज्यादा अक्रामक तेवर में नहीं हैं। सत्ता की अपनी दूसरी पारी में बहुत फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। उनका अपने करीबियों से साफ कहना है कि अगर कुछ जरुरी बात हो तो फोन की बजाय वाट्सअप पर फोन करो।



## प्रोफेसर बन गए मास्टर

समाजवाद के प्रोफेसर साहब की स्थिति अब मास्टर से भी बदतर हो चुकी है। अब न तो उनसे कोई ज्ञान लेना चाहता है और न ही उनकी घुड़की में आना चाहता है। एक समय था जब समाजवाद में प्रोफेसर साहब का जलवा था। समाजवादी कुनबे में जिधर से वे निकल जाते थे उनके सम्मान में लोगों के सिर झुक जाया करते थे लेकिन अब स्थितियां बदल चुकी हैं। अब समाजवाद में वह मुलायमियत नहीं रही जो पहले हुआ करती थी। यही कारण है प्रोफेसर साहब को अब समाजवादी कुनबे में मास्टर वाला सम्मान भी नहीं मिल रहा है। शायद यही कारण है प्रोफेसर साहब अब मजबूर होकर अगल-बगल झांकने लगे हैं हो सकता है अपने बच्चे का भविष्य तलाश रहे हो। अभी हाल के दिनों में प्रोफेसर साहब भगवा सरकार के मुखिया से मिलने पहुंचे। बहाना क्या बनाया कि पीड़ित लोगों की शिकायत लेकर गए थे। हो सकता है इसी बहाने प्रोफेसर साहब अपनी पीड़ा भी दूर करवाने लगें हों क्योंकि अब समाजवादी कुनबे में उनकी पीड़ा सुनने व समझने वाला कोई बचा ही नहीं। ऐसी स्थिति में प्रोफेसर साहब को नया रास्ता तो तलाशना ही पड़ेगा।

## हमाम में सब नंगे

कैम्पस में एक बार फिर बगावत के सुर उठने लगे हैं। हर समय विपक्ष में बैठने वाले नेताजी ने अपना तम्बू कनात एक बार फिर से गाड़ना शुरू कर दिया है। अभी कुछ दिन पहले की ही बात है। मैनेजमेंट गुरु ने शासन और विपक्ष के बीच चली आ रही खाई पर संस्थान की दुहाई देकर किसी तरह से मिट्टी डालकर पाटने का प्रयास किया था। मिट्टी पड़ने के बाद जब नेताजी से उनके बदले सुर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने सीधा सा जवाब दिया था कि घर की इज्जत है। सो हमें साथ चलना ही चाहिए। नेताजी की बात सुनकर थोड़ा आश्चर्य तो जरूर हुआ पर अच्छा लगा। चलो देर से ही सही शाम को घर तो लौट आए। मगर खुशियों का जश्न जैसे ही थमा नेताजी ने अपने तम्बू कनात फिर से उठा लिया। इस बार नेताजी का मुद्दा हाजिरी को लेकर है। नेताजी का तर्क है कि अपने दम पर पर अव्वल आने वाले संस्थान को अपने साथियों पर ही भरोसा नहीं है जो इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। बात यहीं तक नहीं रुकी। उन्होंने इसे बिरादरी का घोर अपमान तक बता दिया। अब नेताजी को कौन याद दिलाये पुरानी बात की। यह भी तो घर की बात है। घर में ही सुलझा लें। बाहर क्यों ले जाना। दूसरे नेताजी को कम से कम यह तो जरूर समझना चाहिए कि जो हो रहा है उसे होने दें। विरोध क्यों। इससे तनख्वाह पर थोड़े न असर आने वाला है और तनख्वाह में कोई कटौती कर दे इतना किसी में दम नही। अरे जब हमाम में सभी नंगे हैं तो फिर कौन आपकी शान में गुस्ताखी कर सकता है। व्यवस्था है चलने दीजिए। बाकी अंदर अंदर क्या कब पकता है समय समय पर आपको देख लोग जान ही जाते हैं।

## ...फिर करें भी तो क्या

योगी सरकार के एक मंत्री जी इस समय बड़ी मुश्किल में हैं। दरअसल उनके पास उत्तर प्रदेश में उद्योग को तेजी से बढ़ाने और निवेश लाने का जिम्मा है मगर मंत्री जी करें तो क्या करें क्योंकि उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा उद्योग पश्चिम यूपी में ही विकसित हो रहे हैं खासतौर से नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में। लेकिन मंत्री जी को उच्च स्तर से सख्त हिदायत है कि वह उस क्षेत्र में नहीं देखेंगे क्योंकि नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र का जो भी मामला होगा वह मुख्यमंत्री स्तर पर ही देखा जाएगा। उसके अलावा अन्य कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इससे अलग उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे के जब निर्माण की बात हो तो उसके लिए भी मंत्री जी को हिदायत मिली है कि एक्सप्रेस वे का काम एक बड़े खास अधिकारी जो कि मुख्यमंत्री जी के बहुत करीब हैं वह देख रहे हैं। कृपया उसमें भी आप दखलअंदाजी मत करें। अब मंत्री जी के पास बचा तो क्या बचा। वह ट्रांसफर पोस्टिंग के जरिए ही कुछ काम कर लेने की कोशिश में लगे हुए हैं। यही कारण रहा कि जब तबादला सत्र समाप्त हो गया तो भी उन्होंने बैक डेट में कई सारे तबादले किए मगर इसके बाद भी मंत्री जी का पूरा ध्यान अपने विभाग पर केंद्रित नहीं हो पा रहा है क्योंकि नीतियां उच्च स्तर पर बन रही हैं और उनका क्रियान्वयन मंत्री जी को करना पड़ रहा है इसलिए उनके कार्य क्षेत्र का दायरा काफी सीमित हो गया है। तबादला सत्र में मंत्री जी के विभाग के ईसीएस महोदय भी बहुत परेशान हैं। उनको रात में 12 और एक बजे तक मंत्री जी के आवास में रुकना पड़ता था। तबादला सूची को अंतिम रूप देने के लिए अधिकारी भी परेशान थे। कहां फंस गए चक्कर में। अब मंत्री महोदय अपनी तुलना पिछले कार्यकाल में तत्कालीन मंत्री महोदय से करते हैं कि उनके पास तो काफी काम था। यहां तो सब कुछ पहले से ही तय है। अब बेचारे मंत्री जी करे तो क्या करें।

## इंद्र से निपटते इंद्रजीत

शहर में भारी बारिश हुई तो नगर निगम के नये बड़े साहब के दावों की पोल खुल गयी। साहब ने अधिकारियों को नालों और नालों की सफाई के लिए करोड़ों रुपए आवंटित किए। कई बैठकें कर पूरी रूपरेखा तय की लेकिन अफसरों की ऐसे निर्देशों को झेलने की पुरानी आदत है और वे इसे अनसुना कर आगे बढ़ गये। इसका नतीजा 16 सितंबर को हुई बारिश से सबके सामने आ गया। ऐसे में बड़े साहब को छाता लेकर नाले और सीवर चोक देखने निकलना पड़ा। आलम यह है कि 26 घंटे की बारिश ने सारी तैयारियों की हकीकत दिखा दी। अब साहब को समझ आया कि उत्तर प्रदेश की राजधानी को संभालना बच्चों का खेल नहीं है। चूक गए तो कुर्सी गयी। साहब ने आनन फानन में अफसरों को कड़ी हिदायत देकर काम करने का एलान किया है। अब पंप और जेनरेटर लेकर अधिकारी बैठे हुए हैं।



## फिर दिन बहुरे

देश की सबसे पुरानी पार्टी के सूबाई इकाई के धुरंधर लोगों में शुमार नेताजी दोबारा उच्च सदन क्या पहुंचे उनके तो दिन दिन बहुर गए हैं। राजधानी में उनका पुराना सरकारी आवास जो वीरान हो गया था उसमें एक बार फिर से दरबार सजने लगा है। दरअसल नेताजी सूबे की विधानसभा में लंबा रिकार्ड बनाने के बाद अपनी विरासत बेटी को सौंपकर खुद दिल्ली दरबार चले गए थे। वहां उच्च सदन की शोभा बढ़ाई लेकिन कार्यकाल खत्म होने के बाद पिछले काफी समय से वह किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। लिहाजा यहां सूबे में भी उनकी पूछ कम पड़ गई थी। नेताजी की किस्मत फिर खुली और दोबारा उच्च सदन में पहुंचते ही जिन स्थानीय नेताओं ने उनसे दूरी बना ली थी वह एक बार फिर उनके आसपास मंडराने लगे हैं। इतना ही नहीं पार्टी मुख्यालय के करीब ही स्थित उनके आवास पर सुबह-शाम ये नेता दरबारी करते नजर आते हैं। आलम यह है कि पार्टी मुख्यालय से ज्यादा नेताओं का जमावड़ा उनके आवास पर होने लगा है।

# आजादी के अमृत महोत्सव में आमंत्रित होंगी पद्म सम्मानित विभूतियां

## स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद सैनिकों के परिजनों को भी किया जाएगा आमंत्रित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इस** साल 15 अगस्त को आजाद भारत के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्रता दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस विशेष दिन दिव्य व भव्य उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। हर घर तिरंगा सहित तमाम कार्यक्रम स्वतंत्रता सप्ताह 11 से 17 अगस्त के बीच आयोजित किए जा रहे हैं।

लखनऊ में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को और भी यादगार बनाने के लिए राज्य के पद्म पुरस्कार विजेताओं को पहली बार आमंत्रित किया जा रहा है। इसमें उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन तथा शहीद सैनिकों के परिजनों के साथ मुख्य समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस विशेष है क्योंकि भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। सरकार की पहल पर देश की आजादी के 75 साल और इसकी संस्कृति, लोगों और उपलब्धियों के शानदार इतिहास का सम्मान और जश्न मनाया जा रहा है। योगी सरकार स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों को आमंत्रित करेगी। इसके लिये तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। यूपी के कुल 14 विभूतियों को 2021 के पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इनमें दो विभूतियां दिवंगत हो चुकी हैं जबकि 12 विभूतियों को सरकार मुख्य समारोह में ससम्मान आमंत्रित करेगी। इनमें पद्म भूषण से सम्मानित राशिद खान कला वशिष्ठ त्रिपाठी साहित्य एवं शिक्षा को आमंत्रित किया जाएगा वहीं पद्मश्री से सम्मानित कामलिनी अस्थाना एवं नलिनी अस्थाना कला शिवनाथ मिश्रा कला, शीशराम कल, सेठ पाल सिंह कृषि, विद्या विंदु सिंह (साहित्य एवं शिक्षा), शिवानंद बाबा (योग), अजय कुमार सोनकर विज्ञान एवं तकनीक, अजिता श्रीवास्तव कला, डॉ कमलाकर त्रिपाठी औषधि को भी आमंत्रण भेजा जाएगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के राधेश्याम खेमका साहित्य एवं शिक्षा तथा कल्याण सिंह सार्वजनिक जीवन को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। 2021 में 4 विभूतियों को पद्म विभूषणए 17 विभूतियों को पद्म भूषण तथा 107 विभूतियों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। इनमें यूपी से कुल 14 विभूतियों को अलग अलग श्रेणी में पद्म सम्मानों से नवाजा गया। उत्सव की मुख्य विशेषताओं में से एक यह भी है कि यूपी की विभिन्न संस्कृतियों और क्षेत्रों से संबंधित प्रत्येक वर्ग के 75 लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें लोक कलाकार, आदिवासी समूह और विभिन्न समुदाय शामिल होंगे जो उत्तर प्रदेश की विविध संस्कृति को अपनी पारंपरिक पोशाक में प्रदर्शित करेंगे। कुल मिलाकर 75 विभिन्न समूहों के 75 व्यक्ति राज्य की समृद्धि का चित्रण करेंगे।



## स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर होंगे बस स्टैंड व बसें

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बस स्टैंड और बसों को संग्राम सेनानियों के नाम पर किए जाने का फैसला लिया है। अमृत महोत्सव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश अधिकारियों को दिए। सरकार के निर्णय के क्रम में 75 बसों को स्वतंत्रता समर के योद्धाओं के नाम पर नयी पहचान दी जाएगी।

सीएम के निर्देश के बाद अब यूपी रोडवेज की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। मुख्यमंत्री ने 75वें स्वतंत्रता दिवस को भव्य रूप में मनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने प्रत्येक जनपद में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े स्थलों, शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। साथ ही शहीद स्मारकों पर पुलिस व पीएसी बैंड द्वारा राष्ट्र धुनों का वादन करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अपने अपने जिलों के स्वतंत्रता संग्राम शहीदों के परिजनों, पद्म पुरस्कारों से सम्मानित विभूतियों एवं अन्य राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कारों से सम्मानित महानुभावों को ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज भेंट करने के लिए कहा है। यूपी में इस बार 4.76 करोड तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सभी विभागों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

## विधायक राजेश्वर सिंह ने कार्यकर्ताओं को बांटे तिरंगे

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ हुए 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों के बीच तिरंगा वितरित किया। शनिवार को आशियाना के पराग चौराहा स्थित भाजपा कार्यालय पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्वाधीनता के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान से जनता को जोड़ने के लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षोंए मंडल महामंत्रियों और सेक्टर संयोजकों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया। साथ ही उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से क्षेत्रवासियों को तिरंगा वितरित करने व घरों में लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ भरी संख्या में क्षेत्र की जनता भी मौजूद रही। देशभक्ति की भावनाओं से भरे कार्यक्रम में जनता भी उत्साहित नजर आई। भाजपा कार्यकर्ता हो या क्षेत्र की आम जनता, विधायक द्वारा सभी को तिरंगा उपलब्ध कराया गया।

## जीएसटी अधिकारियों ने लगाया जागरूकता शिविर

**लखनऊ।** जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने सदर में व्यापारियों की जागरूकता के लिए एक शिविर लगाया जिसमें जीएसटी पंजीयन के लिए व्यापारियों को जागरूक किया गया। इस शिविर में व्यापारियों को जीएसटी पंजीयन के लिए जानकारी दी गई। आसान पंजीयन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। व्यापारी अपने घर से ही ऑनलाइन जीएसटी पंजीयन आवेदन कर सकता है। जीएसटी अधिकारियों ने बताया गया की 1.5 करोड़ वार्षिक टर्नओवर की सीमा तक व्यापारी समाधान योजना को अपना कर केवल 1 प्रतिशत टैक्स देकर अपना व्यापार कर सकते हैं। पंजीयन लेकर व्यापारी विभिन्न सरकारी विभागों में सप्लाई के लिए वर्क ऑर्डर प्राप्त कर सकते हैं बिना जीएसटी पंजीयन के सरकारी विभागों में वर्क ऑर्डर या ठेका नहीं मिल सकता है। व्यापारी को पंजीयन लेने के बाद बैंक में आसानी से खाता खुल जाता है। इस शिविर में प्रदीप पटेल असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी, सिद्धांत सिंह राज्यकर अधिकारी जीएसटी, सतवीर सिंह राजू अध्यक्ष सदर व्यापार मंडल, संजय अग्रवाल, दिलीप वैश्य वरिष्ठ महामंत्री, सुनील वैश्य महामंत्री, विपिन वैश्य मंत्री समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बिजली के निजीकरण के विरोध में 8 को प्रदर्शन

● पीएम से हस्तक्षेप की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऑल** इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने केंद्रीय विद्युत मंत्रालय को नोटिस देकर कहा है कि जिस दिन इलेक्ट्रिसिटी संशोधन बिल-2022 संसद में रखा जायेगा उसी दिन 8 अगस्त को देशभर के तमाम बिजली कर्मचारी व इंजीनियर उसी समय काम बंद कर पूरे दिन व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे।

केंद्रीय विद्युत मंत्री आरके सिंह द्वारा इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 8 अगस्त को संसद में रखने और पारित कराए जाने की घोषणा के बाद ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर उनसे इस मामले में प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील की है जिससे जल्दबाजी में इस बिल को संसद में न पारित कराया जाए। इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने प्रधानमंत्री को प्रेषित पत्र में लिखा है कि इलेक्ट्रीसिटी अमेंडमेंट बिल 2022 पर केंद्रीय विद्युत मंत्री के 2 अगस्त को हस्ताक्षर हैं जिससे स्पष्ट है कि इस बिल पर किसी भी राज्य सरकार अथवा किसी भी स्टेकहोल्डर्स से न ही कोई बात की गई है और न ही किसी से कोई कमेंट मांगे गये है। बिजली संविधान की समवर्ती सूची पर है जिसका अर्थ है कि इस मामले में केंद्र सरकार और राज्य सरकार को बराबर का अधिकार है। 2 अगस्त को केंद्रीय विद्युत मंत्री के हस्ताक्षर वाला बिल का मसौदा 5 अगस्त को जारी किया गया है और लोकसभा में 8 अगस्त को रखा जा रहा है। फेडरेशन ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि बिल को जल्दबाजी में पारित न किया जाए और इसे लोकसभा की बिजली मामलों की स्टैंडिंग कमेटी को संदर्भित किया जाये जिससे सभी स्टेकहोल्डर्स के विचार लिये जा सकें। श्री दुबे ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में विचार विमर्श और सलाह देने को विशेष महत्व दिया है जबकि इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2022 को संसद में रखने के पहले बिजली के उपभोक्ताओं और बिजली इंजीनियरों व कर्मचारियों से एक बार भी विचार-विमर्श नहीं किया गया है।

## केंद्र सरकार विद्युत अधिनियम 2003 में पहले करे अहम संशोधन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा केंद्र सरकार की मंशा साफ है तो सबसे पहले वर्तमान लागू विद्युत अधिनियम 2003 में कुछ अहम संशोधन करके जनहित में फैसला करे। देश के सभी निजी घरानों चाहे वह वितरण, उत्पादन के क्षेत्र में हो या पारेषण क्षेत्र में सभी की अनिवार्य रूप से सीएजी से ऑडिट कराई जाएगी। दूसरा प्रस्ताव रुपया 6 प्रति यूनिट की लागत वाली बिजली किसी भी हालत में किसी भी पावर एक्सचेंज जैसे प्लेटफार्म पर 7 रुपए प्रति यूनिट के ऊपर नहीं बेची आएगी जो पहले 20 रुपए प्रति यूनिट तक बेची जाती थी। कोई भी निजी घराना उपभोक्ताओं पर भार डाल कर अपने प्रबंध निदेशक सहित उच्च पदों पर बैठे निजी कार्मिकों को अनाप-शनाप वेतन नहीं दे सकते। पिछले दिनों नोएडा पावर कंपनी में प्रबंध निदेशक को एनपीसीएल 6.5 करोड प्रति वर्ष वेतन पर खर्च कर रहा था यानी 55 लाख प्रतिमाह, उपभोक्ता परिषद के विरोध के बाद अब प्रबंध निदेशक ने इस्तीफा दे दिया। इसके लिए भी सख्त कानून बनाया जाए और एक निश्चित वेतनमान का प्रावधान हो। बिजली क्षेत्र में एस्टीमेट सहित सभी उपभोक्ता सामग्रियों से जीएसटी की वसूली अनिवार्य रूप से खत्म किया जाए।



सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर प्रख्यात पर्वतारोही बछेंद्री पाल ने की भेंट

## सदस्यता अभियान के लिए सहप्रभारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सदस्यता अभियान को गतिशील बनाने के लिए वीर सिंह यादव पूर्व जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर को जिला गाजियाबाद का तथा उदय लाल मौर्य पूर्व विधायक को वाराणसी जिला का पार्टी सदस्यता अभियान का सहप्रभारी नामित किया गया है। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी 1 जुलाई 2022 से 30 जून 2027 तक की सदस्यता के लिए समाजवादी पार्टी का 5 जुलाई 2022 से सदस्यता अभियान चला रही है। इस अभियान को गति देने के लिए पार्टी हाई कमान ने प्रत्येक जिले में प्रभारियों की तैनाती की है।

## 12 आईएएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** में शुक्रवार की देर रात 12 आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। आईएएस विवेक को विशेष सचिव गृह तथा कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के पद पर तैनाती दी गई है। इसके साथ ही तीन पीसीएस अधिकारियों का भी तबादलाा कर दिया गया। सुरेंद्र प्रसाद सिंह को अपर श्रमायुक्त कानपुर नगर बनाया गया है। अभी तक प्रतीक्षारत रहे आशुतोष निरंजन को विशेष सचिव नियोजन विभाग के पद पर तैनाती दी गई है। राकेश कुमार मिश्रा को विशेष सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग बनाया गया है। वह अभी तक प्रतीक्षारत थे। वैभव श्रीवास्तव को विशेष सचिव गृह तथा कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है। राम नरायन सिंह यादव को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा बनाया गया है। अमृत त्रिपाठी को नियोजन विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात किया गया है। ओम प्रकाश वर्मा को अपर आयुक्त वाणिज्य कर, अटल कुमार राय को अपर आयक्त उद्योग कानपुर, रविंद्र पाल सिंह को विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग, संदीप कौर को विशेष सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग व डॉ अरविंद कुमार चौरसिया को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के पद पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा पीसीएस अधिकारियों में आनंद कुमार सिंह एसडीएम लखनऊ को सिटी मजिस्ट्रेट और एडीएम एफआर बागपत अमित कुमार को एडीएम प्रशासन मेरठ और सिटी मजिस्ट्रेट आगरा प्रतिपाल चौहान को एडीएम एफआर बागपत के पद पर भेजा गया है।

## पंचामृत योजना से बढ़ेगी गन्ने की पैदावार

**लखनऊ।** किसानों की आमदनी दोगुना करना सरकार का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हासिल करने के दो मूलभूत मंत्र हैं। पहला न्यूनतम लागत में अधिकतम उत्पादन और दूसरा उत्पादन का उचित मूल्य। न्यूनतम लागत में अधिकतम उत्पादन में तकनीक की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश में गन्ना किसानों की संख्या को देखते हुए गन्ने की खेती की लागत को कम करना और समय से गन्ना मूल्य भुगतान जरूरी हो जाता है। सरकार गन्ने का प्रति कुंतल मूल्य बढ़ाकर और गन्ने का रिकॉर्ड भुगतान कर यह काम कर रही है। अब सरकार का जोर न्यूनतम लागत में अधिक पैदावार के लिए खेती की नई तकनीक के साथ गन्ने के साथ सहफसली खेती को प्रोत्साहन दे रही है। इस क्रम में राज्य सरकार ने पिछले पेराई सत्र के लिए गन्ना समर्थन मूल्य गन्ने की खूबी के अनुसार बढ़ाया था। गन्ने की खेती में नई तकनीक का प्रयोग कर उपज बढ़ाने के लिए गन्ना विभाग ने गन्ने की खेती के लिए पंचामृत योजना् नाम से एक नई योजना शुरू की है। इसमें गन्ना बोआई की आधुनिक विधा ट्रेंच, पेड़ी प्रबंधन, ड्रिप इरीगेशन, मल्चिंग और सहफसल शामिल है। इसके नाते ही इसे पंचामृत नाम दिया गया है। इसमें हर चीज का अपना लाभ है। मसलन ड्रिप इरीगेशन से पानी की खपत 50 से 60 फीसद कम हो जाएगी।

## भाजपा सरकार में महंगाई के डबल अटैक ने जीना दूभर कर दिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जबसे भाजपा सत्ता में आई है जनता के हिस्से में सिर्फ महंगाई, तबाही आयी है। महंगाई की मार से गरीब, मध्यमवर्ग सबसे ज्यादा परेशान है। घरेलू अर्थव्यवस्था चौपट है लेकिन हैरत है कि सत्ताधारी दल को महंगाई नहीं दिखाई देती है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपाराज में रसोई से जुड़ा हर सामान महंगा हो गया है। गैस सिलेण्डर, दूध, दही, पनीर, आटा, दाल, सब्जी, तेल सब महंगा हो गया है। आटा, दाल, सब्जी प्रतिदिन एक रूपए मंहगी हो रही है। एक छह वर्षीय बच्ची ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पेंसिल, रबर और मैगी के दामों में बढ़ोत्तरी की ओर ध्यान दिलाया है। इस पर भी भाजपा नेतृत्व की आंख खुल नहीं रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई के डबल अटैक ने जीना दूभर कर दिया है। सीएनजी, पेट्रोल, डीजल से भी ज्यादा महंगी हुई है। पीएनजी के भी दाम बढ़ गए है। सीएनजी-पीएनजी के दामों में 20 दिन में ही वृद्धि हुई है।

## यूपी बूस्टर डोज के एक करोड़ के आंकड़े के करीब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** जल्द ही एक करोड़ कोविड बूस्टर डोज लगाने वाला प्रदेश बन जाएगा। अब तक प्रदेश में लगभग 92 लाख लोगों ने कोविड वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज ले ली है। यूपी 35 करोड़ 17 लाख से अधिक टीके की डोज देने के साथ ही टीकाकरण अभियान में दूसरे प्रदेशों की तुलना में पहले पायदान पर अपना स्थान बनाए हुए है। सर्वाधिक आबादी वाले यूपी में सर्वाधिक टीके की डोज देकर देश में यूपी टीकाकरण अभियान का सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रहा है। प्रदेश सरकार कोरोना संक्रमण को मात देने के लिए बेहतरीन रणनीति के तहत काम कर रही है। योगी सरकार ने 10 जनवरी से बूस्टर डोज देना शुरू किया है। अमृत महोत्सव के अंतर्गत 15 जुलाई से 30 सितंबर तक राज्य में प्रीकॉशन डोज़ का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 75 दिनों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को तीसरी खुराक लगवाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में अब तक 91.96 लाख बूस्टर डोज दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार 18 साल से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को बूस्टर डोज लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बूस्टर डोज के महत्व के बारे में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इन अभियानों के माध्यम से टीकाकरण केंद्रों की जानकारी भी दी जा रही है। विदित कि उत्तर प्रदेश में कोविड वैक्सीन के अबतक 35.17 करोड़ टीके लगाये जा चुके हैं। इनमें लगभग 17.63 करोड़ से ज्यादा पहली खुराक हैं जबकि 16.62 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को पूरी तरह से डबल डोज लगायी जा चुकी है। राज्य में 15.17 आयु वर्ग के बच्चों को 27077099 से अधिक टीके की खुराक दी गई है और 12.14 आयु वर्ग के बच्चों को 15817228 से अधिक टीके की खुराक दी गई है। प्रदेश सरकार ने 30 सितंबर तक 75.दिवसीय विशेष अभियान के दौरान कम से कम 13 करोड़ लोगों को प्रिकॉशन डोज प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।



# भाजपा सरकार में न दंगे हुए हैं और न होने देंगे: डिप्टी सीएम

**● डिप्टी सीएम ने नैमिष पहुंचकर किया पूजन, अमृत सरोवर में किया पौधारोण**

**संवाददाता।** सीतापुर




**डिप्टी सीएम** केशव प्रसाद मौर्या अपने निर्धारित समय से लगभग डेढ़ घंटा देरी से शनिवार को सीतापुर के नैमिषारण्य पहुंचे। कल्ली चौराहे पर तिरंगा यात्रा के साथ मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव और भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। सड़क मार्ग से नैमिष आए डिप्टी सीएम को नैमिष के अतिथि गृह में गार्ड ऑफ आनर दिया गया। डीएम अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभाल ने डिप्टी सीएम को मां ललिता देवी तथा चक्रतीर्थ का मोमेंटो भेंट किया। इसके बाद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अपनी पत्नी राजकुमारी तथा बेटे आशीष के साथ मां ललिता देवी के दरबार में माथा टेका। फिर उन्होंने हनुमान गढ़ी और फिर देव देवेश्वर धाम में दर्शन पूजन किया। सीतापुर के नैमिषारण्य में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने विरोधी दलों पर जमकर हमला बोला। डिप्टी सीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पांच अगस्त को 2020 को भव्य राम मंदिर निर्माण का शुभारंभ हुआ था, धारा 370 इसी तारीख को हटाई गई थी, पांच अगस्त को जब देश में खुशी मनाने का दिन था, उस दिन कांग्रेस ने काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन के जरिए अपने काले कारनामे छिपाने का प्रयास किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव के तिरंगा यात्रा के दिन दंगे की संभावना वाले बयान पर पलटवार करते हुए उपमुख्यमंत्री बोले कि उन्हें अपनी सरकार का कार्यकाल याद आ गया होगा। भाजपा सरकार में न दंगे हुए हैं और न होने देंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि अखिलेश अपने दंगाइयों को यह जरूर बता दें कि दही के बजाय कहीं वे चूना न खा लें। डिप्टी सीएम ने ब्लॉक मिश्रिख की ग्राम पंचायत बर्मी के अमृत सरोवर, बाल्मीकि वाटिका एवं गोशाला का निरीक्षण भी किया।

# नगर विकास मंत्री ने बांटे लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र



**संवाददाता।** सीतापुर

**यूनियन बैंक** ऑफ इंडिया सीतापुर की ओर से क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन सीतापुर शाखा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु ने अपने कर कमलों से प्रधानमंत्री स्वनिधि, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत अलग शाखाओं के लगभग 20 विभिन्न लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया। सभा का संचालन जिला सामंवयक् तथा मुख्य शाखा प्रबंधक डॉ. राज दीपक गौतम द्वारा किया गया। पी ए सी शाखा प्रबंधक दीपाली बाजपेयी व शाखा प्रबंधक सीतापुर श्री अमित गुप्ता जी के सहयोग और आयोजन से कार्यक्रम को सफल बनाते हुए कुल रु. 1.50 करोड़ की स्वीकृति विभिन्न सरकारी योजनाओं में की गई।

## क्विक न्यूज

### खानकाह नियाजिया से निकला मोहर्रम का जुलूस

**बरेली।** मोहर्रम की 6 तारीख को खानकाह नियाजिया से इमाम हुसैन की याद में ताजियों का जुलूस में हर साल निकाला जाता है इस साल भी बड़े एहतराम साथ यह ताजियों का जुलूस निकाला गया जिसकी अगुवाई डॉक्टर कमाल मियां नियाजी ने की यह ताजियों का जुलूस खानकाह नियाजिया से शुरू होकर बड़ा बाजार, कटरा मानराय , दिवान खाना , शाहबाद , कुल्हाड़ापीर , कुतुबखाना , बड़ा बाजार होता हुआ वापस खानकाह नियाजिया पहुंचा जहां उस का इस्तकबाल किया गया इस अवसर पर डॉ कमाल मिया नियाजी ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता यह हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है हम हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम की 6 तारीख को ताजियों का जुलूस निकालते हैं हिंदू मुस्लिम भाईचारे का प्रतीक है हमारे जुलूस में हिंदू भाई भी शामिल होते हैं अमन चैन की दुआ करते हैं इमाम हुसैन की शहादत सबक लेना चाहिए सच के रास्ते पर चलकर जिन्होंने अपनी कुर्बानी दी।

### बाइक समेत नदी में गिरकर ग्रामीण की मौत

**बरेली ।** मोटरसाइकिल समेत नदी में गिर कर ग्रामीण की मौत हो गई उसकी लाश शुक्रवार शाम नदी में पाई गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।क्योंलड़िया थाना क्षेत्र के गांव अमीन नगर निवासी 58 वर्षीय शांति स्वरूप उर्फसचिन पाल की लाश कल शाम को गांव से कुछ ही दूरी पर बहने वाली देवहा नदी में पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि शांति स्वरूप का एक मकान पीलीभीत में और वह 3 अगस्त को मोटरसाइकिल से पीलीभीत गया था जहां से शाम को घर वापस लौटते समय जब वह दे देवहा नदी के पुल के ऊपर से गुजर रहा था तभी अचानक उसकी मोटरसाइकिल बेकाबू हो गई और वह बाइक समेत नदी में जा गिरा देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश की लेकिन कुछ पता नहीं चला सुबह होते ही घर के लोग फिर से उसे तलाशने में जुट गए तब उसकी चप्पले देवहा नदी के पुल पर पड़ी मिली लोगों को शक हुआ कि वह नदी में डूबा है उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी गई और कल शाम को उसकी लाश पुलिस की मदद से देवहा नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजी ।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**बरेली।** पति के साथ मोटरसाइकिल पर जा रही एक महिला अचानक मोटरसाइकिल से नीचे गई और गंभीर रूप से घायल हो गई स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव भिटौरा निवासी गुलाब मौर्य की 30 वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी कि कल शाम गांव से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि मुन्नी देवी कल शाम को पति गुलाव मौर्य के साथ मोटरसाइकिल से जन सुविधा केंद्र पर जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही वह भिटौरा बीएसएफकैंप के सामने अचानक मोटरसाइकिल से नीचे गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई पति उसे छोड़ कर आगे बढ़ गया कुछ दूर चलने के बाद पति को पता चला कि मुन्नी देवी मोटरसाइकिल से गिर गई है पति वापस लौटा और उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गया लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते ही डॉक्टर ने मुन्नी देवी को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### ज्यादा से ज्यादा लोगो को समाजवादी पार्टी की दिलाएं सदस्यता

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव की अध्यक्षता मे सपा सदस्यता अभियान के प्रभारी पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व मंत्री इंसराम आली, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह व पूर्व एमएलसी जगजीवन प्रसाद साहू की उपस्थिति मे बैठक हुई। पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने सदस्यता के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए सभी से अनुरोध किया कि वो ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़े और प्रारम्भिक सदस्य बनाएं। महिला नेत्री जूही सिंह ने कहा कि समाज की आधी आबादी को पार्टी मे अधिक से अधिक संख्या मे सदस्यता दिलाने के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में एमएलसी जासमीर अंसारी, विधायक अनिल वर्मा, सुमैया राणा, पूर्व विधायक राकेश राठौर, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व विधायक रामपाल राजवंशी, पूर्व विधायक हरगोविंद भार्गव, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, दिनेश सिंह, अशफाक खाँ, अफजाल कौसर, पूर्व मंत्री कमलेश यादव, जयसिंह यादव, मसूद आलम, विपिन पांडे, शमीम कौसर सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

# समाधान दिवस में कारागार राज्यमंत्री ने सुनी समस्याएं

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने मिश्रिख तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनीं। डीएम ने कहा शिकायतों के डिफाल्टर होने पर सम्बन्धित अधिकारी स्वंय जिम्मेदार होंगे। मिश्रिख में कुल 67 शिकायतों में से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी तरह तहसील सिधौली में प्राप्त 132 प्रार्थना पत्रों में से 11, लहरपुर में प्राप्त 82 प्रार्थना पत्रों में से 05, महोली में प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 03, महमूदाबाद में प्राप्त 92 प्रार्थना पत्रों में से 08, सदर में प्राप्त 88 प्रार्थना पत्रों में से 06 तथा बिसवां में प्राप्त 86 प्रार्थना-पत्रों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर निर्धारित समयावधि में संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। कारागार

**● डीएम-एसपी ने शिकायतों को निस्तारण कराए जाने के दिए निर्देष**

राज्य मंत्री सुरेश राही ने तहसील लहरपुर में आयोजित तहसील दिवस का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहां की स्थिति देखकर वह खासा नाराज दिखे। कारागार राज्य मंत्री नेउपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, विकास विभाग सहित अधिकतर विभागों के अफसर अनुपस्थित मिले। कारागार राज्यमंत्री ने एसडीएम अनुपम मिश्र से नाराजगी जाहिर करते हुए सभी अनुपस्थित लापरवाह अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने स्वयं उपस्थित पंजिका में सभी को अनुपस्थित दर्ज किया।

# श्यामनाथ मंदिर में भव्य झांकी देख मंत्री हुए मंत्रमुग्ध

**संवाददाता।** सीतापुर





**बाबा श्याम नाथ** सेवा समिति ने शहर के श्यामनाथ मंदिर परिसर में सावन माह के पर्व पर भव्य झांकी और भजन संध्या का आयोजन किया जिसका शुभारंभ राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु जी के द्वारा हुआ कार्यक्रम में मयूर जागरण ग्रुप द्वारा मनमोहक झांकियों को प्रस्तुत किया गया जिसको देख वहां मौजूद श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए और भगवान भोलेनाथ के भजनों पर जमकर झूमे इसके बाद कमेटी द्वारा सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान कमेटी के सदस्यों द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि करो ना काल के बाद सावन माह के इस पर्व पर भोलेनाथ के भक्तों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन व प्रसाद वितरण का कार्य किया जाए. इस मौके पर हरिओम मिश्र कुलदीप मिश्र कमलेश गुप्ता शरद वर्मा बनवारी लाल जयसवाल विवेक शर्मा अवनीश मिश्रा आशीष श्रीवास्तव ऋषि गुप्ता अमित गिहार प्रियांक महेंद्र डॉक्टर मंगल वर्मा संदीप मिश्रा दीपक निषाद सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# फर्रूखाबाद के लिए निकली कांवर यात्रा



**मितौली-खीरी।** कस्बा मितौली से शिव शंभू कांवरिया सेवा समिति द्वारा 12वीं कांवर यात्रा बड़े धूमधाम से बम-बम भोले जय शिव शंभू हर-हर महादेव के जयघोष के साथ पद यात्रा निकाली गई। पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंच कर भोले भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। महिलाओं ने पुष्कर वर्ष कर कावरियों को विदाई दी। कांवर यात्रा मितौली से फरुखाबाद घटिया घाट के लिए प्रस्थान कर गोला गोकरण नाथ में सोमवार को शिव जी को जलाभिषेक कर टेढ़ेनाथ होते हुए पुन: मितौली वापसी होगी। इस अवसर पर श्रवण शुक्ला, रामचंद्र दीक्षित, रामसनेही दीक्षित, अखिलेश मिश्र, मुदित दीक्षित, नित्यानंद बाजपेई, गुड्डू बर्तन वाले, पप्पू गुप्ता, अमन शुक्ला, श्यामू मिश्र सहित काफी संख्या में माताएं बहने और भक्तगण मौजूद रहे।

# सातवीं मोहर्रम का उठा अलम का जुलूस



**मोहम्मदी-खीरी।** सातवीं मोहर्रम का अलम का जुलूस इमाम हुसैन के छह माह के अली असगर की शहादत पर बड़ी अकीदत के साथ इमामबाड़ा बाजार खुरद से या हुसैन की सदाओं के बीच में उठा। इसमें बड़ी संख्या में अंजुमन हुसैनिया तथा अकीदतमंद लोगों ने जुलूस में हिस्सा लिया। जुलूस के लिए मातमदारों के लिए जगह-जगह पानी और शरबत की शबीले इमाम हुसैन की प्यास की याद में लगाई गयी। जुलूस में अंजुमन हुसैनियां के मातमदारों ने जोश के साथ नौहा खानी और मातम किया। जिससे माहौल गमजदा हो गया या हुसैन की सदाएं पूरे जुलूस में गूजती रही। जुलूस मोहम्मदी की मुख्य मार्गों में शुकलापुर चौराहे से पुवायां रोड से देवी स्थान से नत्थू चौराहा पुतली चौराहा से तालिव अली से पीडी इंटर कालेज, सरैया से इस्लामियां इंटर कालेज से जामा मस्जिद से होता हुआ। कट्ठा से देर रात इमामबाड़ा बाजार खुर्दू में समाप्त हुआ। जुलूस से पहले अंजुमन के अध्यक्ष मो. अब्बास नकवी ने इमाम हुसैन के छह माह के बेटे अली असगर की शहादत पर कहा कि यजीदी फौज ने छे माह के अली असगर को भी पानी नहीं दिया। पत्थर दिल यजीदी फौज ने 6 माह के अली असगर को भी शहीद कर दिया, जिससे इंसानियत शर्मशार हो गयी। उन्होंने शहादत के बारे में विस्तार से बताया कि उन्होंने कहा कि पैगंबर साहब के नवासे इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में ऐसी कुर्बानी पेश की जिसकी दुनिया में कोई मिसाल नहीं मिलती है। करबला हुसैन की शहादत की गवाह बनी। अंजुमन हुसैनिया के मातमदारों ने मातम करते हुए नोहे भी पढ़े इस जुलूस में प्रमुख रूप से कमेटी के जहीर हसन, हसन नकवी, इबबन जैदी, अच्छन रिजवी, अकरम रिजवी, मेराज हसन, नजफ अली, मुन्ने जैदी, हसन अली, वहीद हसन, राशिद अली, मेराज अली, आलिम रजा, भोला जैदी, वहीद हसन, नजफ अली, लकी हसन, अफजल जैदी, जाहिद लकपेड़ा सहित तमाम मातमदार मौजूद रहे। जुलूस का नेतृत्व अंजुमन के सचिव मो. हसन नकवी एडवोकेट ने किया। सुरक्षा की भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त को

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश मिश्र के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय व वाह्य न्यायालय मोहम्मदी व समस्त तहसीलों के साथ.साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में 13 अगस्त दिन द्वितीय शनिवार को किया जाएगा। अस आशय की जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अविनाश चन्द्र गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्देशित प्रकरण तथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दंडित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, माप प्रचलन अधिनियम वाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद, सेवानिवृत्ति वाद, यातायात संबंधी चालान कराधान प्रकरण विद्युत वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, एनआई एक्ट के वाद एवं समस्त निस्तारित होने योग्य वादों का निस्तारण किया जाएगा।

# टूटे तार की चपेट में आकर बच्चे की मौत



**ढखेरवा-खीरी।** निघासन कोतवाली क्षेत्र के गांव नरेंद्र नगर बेली में एलटी लाइन के टूटे पड़े तार की चपेट में आने से एक मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि ग्रामीण लालजी का छः वर्षीय पुत्र आर्यन शुक्रवार दोपहर घर के बाहर खेल रहा था। इस बीच वह घर के पास खेत में पहुंच गया। खेत की मेढ़ पर एलटी लाइन का टूटा हुआ तार पड़ा था जिसमें करंट दौड़ रहा था। बच्चा तार की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा होने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लालजी के मुताबिक शुक्रवार सुबह ही तार टूट कर नीचे गिर गया था। जिसकी सूचना ढखेरवा पावर हाउस पर दूरभाष के माध्यम से कई बार देने के बाद भी सप्लाई बंद नही की गई और न ही कोई कर्मी तार ठीक करने मौके पर आया। खबर लिखे जाने तक मृतक की लाश मौके पर ही पड़ी थी। पढुआ चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह और मृतक के परिजनों में पोस्टमार्टम कराने को लेकर बातचीत हो रही थी।

## पेज एक का शेष

### धनखड़ होंगे...

धनखड़ 11 अगस्त को शपथ ग्रहण करेंगे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अल्वा ने धनखड़ को बधाई दी और साथ ही उन विपक्षी नेताओं और सांसदों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने विपक्ष की साझा उम्मीदवार के तौर पर उनका समर्थन किया था। अल्वा ने ट्वीट किया, श्री धनखड़ के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर उन्हें बधाई। मैं विपक्ष के उन सभी नेताओं और सांसदों का आभार जताती हूं, जिन्होंने इस चुनाव में मुझे वोट किया। मैं उन सभी स्वयंसेवियों को भी धन्यवाद कहती हूं, जिन्होने इस छोटे, लेकिन गहन चुनाव प्रचार के दौरान अपनी नि:स्वार्थ सेवा दी।

### आबकारी नीति मामले में...

इस नीति में सबसे खास बात यह थी कि शराब बेचने का काम पूरी तरह से निजी हाथों में दे दिया गया था। दिल्ली सरकार ने शराब बिक्री के लिए बनाए गए 32 जोन से आबकारी नीति 2020-21 से डेढ़ गुना राजस्व बढ़ने का दावा किया था, मगर एक साल पूरा होने से पहले नीति तहस-नहस हो चुकी है। एक साल पूरा भी नहीं हुआ है कि 32 में से 16 जोन कंपनियां छोड़ कर चली गई हैं। इनमें से कंपनियों ने छह जोन गत एक अगस्त को ही छोड़ दिया है। इन कंपनियों ने दिल्ली सरकार द्वारा एक माह काम करने के लिए लाइसेंस विस्तार की सुविध लेने से ही इंकार कर दिया। यानी एक अगस्त को दिल्ली में 126 दुकानें बंद हो गईं।यानी 468 से घटकर अब 342 दुकानें बची हैं। ये दुकानें 31 अगस्त को बंद हो जाएंगी। एक सितंबर से दिल्ली सरकार अपने स्तर पर दिल्ली में शराब बेचेगी, जिसके लिए पहले चरण में 500 दुकानें खोली जाएंगी।

### झारखंड में जज के हत्यारों को...

दोषसिद्धि के लिए दोनों अभियुक्तों को मृत्युपर्यन्त उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई अदालत ने आईपीसी की धारा 201 (अपराधी को बचाने के इरादे से साक्ष्य मिटाने) के तहत अपराध के लिए दोनों को सात-सात साल जेल की सजा और दस-दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने स्पष्ट किया कि दोनों सजा साथ-साथ चलेगी। यद्यपि सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक अमित जिंदल ने दोनों अपराधियों के लिए मौत की सजा की यह कहते हुए मांग की कि एक न्यायाधीश की इस तरह से बेरहमी से हत्या दुर्लभ से दुर्लभतम मामला माना जाना चाहिए, जबकि बचाव पक्ष के वकील कुमार विमलेन्दु ने कहा कि दोनों को कम से कम सजा दी जानी चाहिए, क्योंकि यह हत्या का मामला था ही नहीं, अलबत्ता यह महज एक दुर्घटना थी और उस वक्त दोनों नशे की हालत में थे।

इस मामले में आज सजा सुनाए जाने के बाद मृतक उत्तम आनंद के जीजा विशाल आनंद ने कहा कि न्यायाधीश का परिवार फैसले के अध्ययन के बाद उच्च न्यायालय में अपील करने को लेकर फैसला करेगा। पिछले वर्ष 28 जुलाई को न्यायाधीश उत्तम आनंद की सनसनीखेज हत्या के बाद राज्य सरकार ने पहले मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया था लेकिन बाद में झारखंड उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय के इस मामले का स्वत: संज्ञान लेने के बाद इसकी जांच चार अगस्त, 2021 को सीबीआई को सौंप दी गई थी। मामले की जांच की निगरानी स्वयं झारखंड उच्च न्यायालय कर रहा था।

### नीति आयोग की बैठक में...

दूसरी ओर नीति आयोग ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि राज्यों के साथ मिलकर काम करने के लिए पहले ही कई कदम उठाए गए हैं। पिछले साल मुख्यमंत्रियों के साथ लगभग 30 बैठकें आयोजित हुईं। एक प्रतिनिधिमंडल हैदराबाद में मुख्यमंत्री केसीआर से भी मिला था। हाल ही में एक बैठक में षामिल होने के लिए अनुरोध करने के बावजूद मुख्यमंत्री केसीआर ने कोई जवाब नहीं दिया। केसीआर ने आरोप लगाया कि तेलंगाना में जल आपूर्ति योजनाओं के लिए नीति आयोग ने 24000 करोड़ रुपये तेलंगाना सरकार को देने की अनुशंसा की थीए जिसे केंद्र सरकार ने नहीं माना। इसका खंडन करते हुए आयोग ने जवाब दिया है कि लगभग चार साल में केंद्र सरकार ने 3982 करोड़ रुपये जल जीवन मिषन के तहत तेलंगाना को दिए गएए लेकिन राज्य केवल 200 करोड़ ही खर्च कर पाया। यही नहींए तेलंगाना को 1195 करोड़ पीएमकेएसवाई एआईबीपी सीएडीडब्ल्यूएम योजना के तहत सन 2014 से 2022 तक दिए गए। नीति आयोग की बैठक में शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व विकास संबंधी मुद्दों पर गंभीर चर्चा करता है और उनका उचित समाधान खोजता है। केसीआर ने बिंदुवार लिखे पत्र में कहा है कि नीति आयोग ने उपकर के रूप में राज्यों को लगभग 14 लाख करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया। क्या यह सही हैए क्या यही टीम इंडिया है, क्या नीति आयोग में इस पर बहस होगी? केसीआर ने कहा है कि उन्होंने नीति आयोग की हर बैठक में मुद्दों को उठाया। वह चाहते थे कि उनकी बात को रिकार्ड पर लिया जाए। हमने पिछले वित्त वर्ष में 1.90 लाख करोड़ रुपये कमाए और खर्च किए, इसमें से केंद्र ने केवल पांच हजार करोड़ रुपये दिये। केंद्र से कुछ नहीं आता। क्या यह संघीय भावना है? नीति आयोग की किसी को परवाह नहीं। दिल्ली में भी पीने के पानी की आपूर्ति नहीं, बिजली की आपूर्ति नहीं। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। यहां तक कि मनरेगा का बकाया भी नहीं मिल रहा है। सोलह राज्यों के ग्रामीणों को जनता मंतर पर प्रदर्शन करना पड़ा।

### तमिलनाडु में फिल्म वालों...

यहां तक कि कुछ ' गुप्त और छिपे ठिकानों' का भी पता लगाया गया है। 'अज्ञात स्त्रोत से हुई आय को अज्ञात निवेश के साथ साथ विभिन्न अज्ञात भुगतानों में इस्तेमाल किया गया है।' बयान में कहा गया है कि फिल्म वितरकों के मामलों में जब्त किए गए दस्तावेजों से थियेटरों से नगदी का इकट्ठा किए जाने का संकेत मिलता है जिसका कोई हिसाब किताब नहीं है। बयान में आरोप लगाया गया है कि ' सबूतों के मुताबिक वितरकों ने एक गठजोड़ बना लिया है और मिलकर थियेटर से आने वाली आय को छिपा लेते है जिसके परिणाम स्वरूप वास्तविक आय के बारे में सही जानकारी नहीं मिल पाती।' तलाशी अभियान में अभी तक अज्ञात स्त्रोतों से हासिल 200 करोड़ रुपये से अधिक का पता चला है। दक्षिण भारतीय इंडस्ट्री ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी है जिनसे थियेटरों तथा विभिन्न भाषाओं में फिल्म की डबिंग कर भारी कमाई की है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शनिवार को** तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें मुख्य रूप से एसपी संजीव सुमनए सीडीओ अनिल कुमार सिंह मौजूद रहे।

डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापरकए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अफसरों को निर्देशित किया। जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस की पंजिका का अवलोकन कर गत संपूर्ण समाधान दिवसो में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर शिकायतकर्ताओं से फोन पर फीडबैक प्राप्त किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 16, पुलिस 9, विकास 2, नगर निकाय 3, आपूति 2, अन्य के 4 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसीएमओ डा. वीसी पंत, डीडीओ अरविंद कुमार, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, एसओसी ओपी अंजोर, डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डीपीओ संजय निगम, सुनील श्रीवास्तव, एडीआईओ नरेंद्र कुमार, एसडीएम श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह व जिला और तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा-जदयू के रिश्तों पर आशंकाओं के बादल मंडराए

**भाषा।** पटना

भाजपा और जद-यू गठबंधन पर आशंकाओं के बादल मंडराने लगे हैं , क्योंकि जद(यू) के शीर्ष नेताओं ने कहा है कि पार्टी का मकसद राज्य में सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में वापसी करना है। बताया जाता है कि जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने कुछ मीडिया संस्थानों से कुछ दिनों पहले कहा था कि उनकी पार्टी राज्य की सबसे बड़ी पार्टी होने के दर्जे को फिर से पाने की दिशा में कार्यरत है। उन्होंने कहा था कि पार्टी वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में मिली हार को पीछे छोड़ देगी, जिसकी वजह उन्होंने एक साजिश को बताया। तब चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ने जद(यू) के सभी उम्मीदवारों के खिलाफ उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था, जिनमें से कई भाजपा के बागी थे, और मुख्यमंत्री नीतीश की पार्टी की सीट संख्या पांच साल पहले के 71 से घटकर 43 रह गई थी।

राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में अंदरखाने बड़ी मुसीबत उभर रही है।


राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी

उसकी नाव उस बाढ़ में डूब जाएगी जो बरसात के मौसम में आती है। तिवारी का मानना है कि अपनी समाजवादी पृष्ठभूमि के कारण नीतीश कुमार भाजपा के हिंदुत्व एजेंडे के साथ खड़े होने में सक्षम नहीं होंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या जद(यू) और राजद के बीच फिर से समायोजन की संभावना है, जिन्होंने वर्ष 2015 के विधानसभा चुनावों से पहले हाथ मिला लिया था। हालांकि दो साल बाद दोनों अलग हो गए थे। इस पर राजद प्रवक्ता ने कहा, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि बिहार को समाजवादी सरकार की जरूरत है, और इसे यह जल्द ही मिलेगी। लोग तेजस्वी यादव में नई उम्मीद देख रहे हैं। यह कहना जल्दबाजी होगी कि ऐसी सरकार की संरचना कैसी होगी। माना जाता है कि ललन ने भाजपा के हालिया दावे के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की थी। भाजपा की ओर से कहा गया था कि वह वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव और एक साल बाद होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रही है, जिसे नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। जाहिर तौर पर भाजपा ने यह बयान जद (यू) को शांत करने के उद्देश्य से दिया था, जिसके मन में भगवा पार्टी के दबंग रुख के कारण खटास आ गई है। फिलहाल भाजपा अभी अपने सबसे पुराने सहयोगी के साथ विवाद में पड़ने के मूड में नहीं दिख रही है। राज्य भाजपा प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा, हमारे संबंध नीतीश कुमार के साथ रहे हैं और ये वर्ष 1996 से हैं, जब उनकी पार्टी को समता पार्टी कहा जाता था। उनकी पार्टी के अन्य लोग क्या कहते हैं, हम उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा नीतीश कुमार को बिहार में राजग का नेता माना है।

## जदयू ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर आरसीपी सिंह से मांगा जवाब

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों पर अपने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आर सी पी सिंह से स्पष्टीकरण मांगा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह से जवाब मांगा है। सिंह का हाल में राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो गया लेकिन पार्टी ने उन्हें फिर से सदन के लिए नहीं भेजा। कुशवाहा ने पत्र में लिखा है, आप अच्छी तरह से जानते हैं कि हमारे माननीय नेता (मुख्यमंत्री) भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस (तनिक भी सहन नहीं करने) की नीति के साथ काम कर रहे हैं और वह अपने लंबे राजनीतिक करियर में बेदाग रहे हैं। पत्र के साथ पार्टी के अज्ञात कार्यकर्ताओं द्वारा सिंह के खिलाफ की गई शिकायत को भी संलग्न किया गया है। जद(यू) कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि सिंह और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर 2013 और 2022 के बीच बड़ी संपत्ति अर्जित की गई। पत्रकारों के एक सवाल पर जद (यू) संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, यह खुलासा करना उचित नहीं है कि आरोप किसने लगाए हैं। लेकिन स्पष्टीकरण मांगा गया है। पार्टी उनके जवाब के आधार पर आगे की कार्वाई तय करेगी। एक सवाल के जवाब में कुशवाहा ने कहा कि जांच एजेंसियां इस मामले में स्वत: संज्ञान लेने के लिए स्वतंत्र हैं, जिसके बारे में उन्हें मीडिया के जरिए पता चला होगा। हालांकि, यह पूछे जाने पर कि क्या यह घटनाक्रम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के लिए पार्टी में दरवाजे बंद होने का संकेत है, कुशवाहा ने कहा, यह एक राजनीतिक सवाल है। पार्टी इस मामले को राजनीतिक रूप से नहीं देख रही है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के उत्तर प्रदेश कैडर के पूर्व अधिकारी सिंह ने 1990 के दशक के अंत में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए नीतीश कुमार का विश्वास जीता था, जब कुमार केंद्रीय मंत्री थे।

### आरसीपी सिंह ने जदयू छोड़ी

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री आर सी पी सिंह ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जदयू छोड़ दी। इसके कुछ घंटे पहले यह खबर आई थी कि पार्टी ने कुछ अज्ञात कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। जद (यू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंह को पार्टी द्वारा राज्यसभा का एक और कार्यकाल से इनकार करने के बाद अपना मंत्रिपद छोड़ना पड़ा था। उन्होंने पार्टी छोड़ने की घोषणा नालंदा जिले स्थित अपने पैतृक आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। उन्होंने कहा, आरोप उन लोगों द्वारा एक साजिश है जिन्होंने मुझे केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने से ईर्ष्या की थी। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि कांच के घरों में रहने वालों को दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकने चाहिए। मैं पार्टी की अपनी प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ रहा हूं।

## क्विक न्यूज

### सेना प्रमुख ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम क्षेत्रों का किया दौरा

**जम्मू।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम क्षेत्रों का शनिवार को दौरा किया और अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की। एक अधिकारी ने बताया कि चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे और उन्हें सुरक्षा संबंधी मौजूदा स्थिति से अवगत कराया गया। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने ट्वीट किया, जनरल मनोज पांडे ने पुंछ और राजौरी सेक्टर में अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया। सीओएएस ने सभी रैंक के अधिकारियों से बातचीत की और उनसे समान जोश एवं उत्साह के साथ काम करते रहने का आह्वान किया। अधिकारी ने बताया कि जनरल पांडे ने शुक्रवार को यहां नगरोटा में व्हाइट नाइट कोर के मुख्यालय और जम्मू के बाह्य हलाके में स्थित अखनूर सेक्टर का भी दौरा किया। इससे पहले, एडीजीपीआई ने ट्वीट किया, जनरल मनोज पांडे ने व्हाइट नाइट का दौरा किया और उन्हें वहां सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी गई। उन्होंने अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया और कमांडर एवं सैन्य बलों की पेशेवर मानकों, अभियानगत तैयारियों और किसी भी खतरे से निपटने की क्षमता के लिए सराहना की।

### भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता की हत्या में स्थानीय लोग थे : गृह मंत्री

**तीर्थहल्ली (कर्नाटक)।** कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने शनिवार को संकेत दिए कि दक्षिण कन्नड़ जिले में हाल में हुई भाजपा कार्यकर्ता की हत्या में शामिल लोग स्थानीय थे और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं। कर्नाटक पुलिस को पहले संदेह था कि हत्याकांड का संबंध केरल से है और उसने पड़ोसी राज्य में टीम भेजी थी क्योंकि घटनास्थल पड़ोसी राज्य की सीमा के करीब है। ज्ञानेंद्र ने संवाददाताओं से कहा, सूचना के अनुसार, बेल्लारे के प्रवीण की हत्या में शामिल लोग मेंगलुरु (दक्षिण कन्नड़) जिले के स्थानीय लोग हैं। उन्होंने कहा, उनकी पृष्ठभूमि जैसे कि वे किस संगठन से जुड़े हैं, पुलिस इन सभी कोण से जांच कर रही है और उन्हें पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। भारतीय युवा मोर्चा समिति के जिला सदस्य प्रवीण नेत्तार (32) की 26 जुलाई की रात दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्लारे में अज्ञात मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने हत्या कर दी थी। कर्नाटक पुलिस ने हत्या के सिलसिले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े दो संदिग्धों को बेल्लारे से गिरफ्तार किया था। राज्य सरकार ने हत्या की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी है।

### अभिनेत्री के साथ छेड़खानी के आरोप में स्टॉक ब्रोकर गिरफ्तार

**मुंबई।** फिल्म में भूमिका दिलाने में मदद के बहाने एक अभिनेत्री के साथ कथित रूप से छेड़खानी करने के आरोप में स्टॉक ब्रोकर को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को इस आशय की जानकारी दी। प्राप्त तहरीर के आधार पर एमआईडीसी थाने के अधिकारी ने बताया कि स्टॉक ब्रोकर जिग्नेश मेहता (48) ने एक फिल्म प्रोड्यूसर से मिलवाने की बात कह कर 28 वर्षीय युवती को शुक्रवार को अंधेरी के एक होटल में बुलाया। उन्होंने कहा, मेहता ने कमरे में कथित रूप से युवती को गलत तरीके से छूना शुरू कर दिया, उस वक्त वहां उन दोनों के अलावा कोई नही था। युवती कमरे से भागने में कामयाब रही और होटल के रिसेप्शन से पुलिस को फोन किया। होटल के कर्मचारियों ने पुलिस के पहुंचने तक मेहता को वहां रोके रखा। अधिकारी ने बताया कि मेहता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का बयान भी दर्ज किया गया है।

### महाराष्ट्र में आदिवासी महिला का धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पालघर।** महाराष्ट्र में पालघर जिले के दहानू में एक आदिवासी महिला को ईसाई धर्म अपनाने के लिए विवश करने का प्रयास करने के आरोप में चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पालघर में सारावली के तलवपाड़ा की रहने वाली 50 वर्षीय महिला ने पुलिस को बताया कि चार लोग शुक्रवार को उसके घर आए और उसे ईसाई धर्म अपनाने के लिए समझाया और धर्म परिवर्तन के लिए पैसे की भी पेशकश की। उन्होंने कहा कि आरोपियों क्लामांट बैला (37), करिम्मा फिलिप्स (53), पिकी कौर शर्मा (36) और परशुराम शिंगदा (24) के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सभी चार आरोपियों को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

## रिश्वत मामले में उद्योगपति महिमानंद मिश्रा के बेटे को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने पारादीप पोर्ट ट्रस्ट के एक अधिकारी को कथित तौर पर 25 लाख रुपए की रिश्वत देने के मामले में जाने-माने उद्योगपति और उड़ीसा स्टीवडोर्स लिमिटेड (ओएसएल) के प्रबंध निदेशक महिमानंद मिश्रा के बेटे चर्चित मिश्रा को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने शिशिर कुमार दास नामक एक बिल्डर को भी गिरफ्तार किया है, जिसे मामले के मुख्य आरोपी पोर्ट ट्रस्ट के मुख्य यांत्रिक अभियंता सरोज कुमार दास द्वारा खरीदी गई संपत्ति के लिए रिश्वत के पैसे से अग्रिम भुगतान किया गया था। दास को सीबीआई ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अधिकारियों ने बताया कि पारादीप पोर्ट ट्रस्ट के मुख्य यांत्रिक अभियंता सरोज कुमार दास ने अपने सहयोगी सुमंत राउत के जरिए कंपनी से घूस के तौर पर 60 लाख रुपए की मांग की थी।

अधिकारियों के अनुसार, कंपनी के सामान को बंदरगाह पर उतारने के दौरान एक कन्वेयर बेल्ट (बंदरगाह पर सामान को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में इस्तेमाल होने वाली बेल्ट) क्षतिग्रस्त हो गई थी। उन्होंने कहा कि दास ने कन्वेयर बेल्ट के मरम्मत के खर्च के भुगतान से छूट देने के बदले रिश्वत मांगी थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने इससे पहले राउत, ओएसएल के डीजीएम सूर्य नारायण साहू और एक अन्य व्यक्ति शंख शुभ्र मित्रा को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि इन चारों आरोपियों को विशेष अदालत ने पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा था।



उपराष्ट्रपति के चुनाव में मतदान करते पूर्व प्रधानमंत्री मनमोह सिंह, गृहमंत्री अमित शाह व सड़क व राजमार्ग मंत्र नितिन गडकरी

## आप का गुजरात में व्यापारियों की सलाहकार समिति बनाने, छापा राज खत्म करने का वादा

**भाषा।** जामनगर (गुजरात)

**आम आदमी** पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी गुजरात में आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता में आई तो सरकार का मार्गदर्शन करने के लिए व्यापारियों की एक सलाहकार समिति गठित करेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने मूल्य वर्धित कर (वैट) से संबंधित छूट का भी वादा किया और कहा कि पार्टी की सरकार छापे राज पर विराम लगाएगी। वह यहां व्यापारियों के एक समूह से मिल रहे थे।

केजरीवाल शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर भाजपा शासित गुजरात पहुंचे, जहां इस साल के अंत तक चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा, मैं यहां चंदा लेने नहीं आया हूं, मुझे चंदा नहीं चाहिए। मैं यहां व्यापारियों और उद्योगपतियों को गुजरात के विकास में भागीदार बनाने आया हूं। उन्होंने कहा, जब आप यहां सरकार बनाएगी तो आपको (उसमें) भागीदार माना जाएगा। आप आदेश देंगे और सरकार उस आदेश को लागू करेगी। केजरीवाल ने व्यापारी समुदाय को गारंटी को लेकर भरोसा दिलाते हुए कहा कि अगर आप सत्ता में आती है तो सरकार का मार्गदर्शन करने के लिए पार्टी एक सलाहकार निकाय बनाएगी। उन्होंने कहा, (राज्य में) विभिन्न प्रकार के



व्यवसाय हैं, विभिन्न उद्योग हैं, और विभिन्न समस्याएं हर दिन सामने आती हैं। इसलिए हम हर क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ एक सलाहकार निकाय बनाएंगे। आपलोग सरकार को बताएंगे कि क्या करना है, और सरकार वैसा ही करेगी। आपका निर्णय सरकार पर बाध्यकारी होगा। आप की अन्य गारंटियों में व्यापारिक समुदाय के बीच डर के माहौल को दूर करने और उनके साथ सम्मान के साथ व्यवहार करने की प्रतिबद्धता भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में आम आदमी की सरकार छापे राज या सरकारी एजेंसियों द्वारा व्यापारियों और व्यापारियों के उत्पीड़न को समाप्त करेगी। केजरीवाल ने कहा कि आप सरकार मूल्य वर्धित कर (वैट) का बकाया माफ करने की योजना पेश करेगी और छह महीने के भीतर वैट की वापसी के लिए तंत्र विकसित करेगी।

## शिकायतकर्ता और राहुल गांधी दोनों के मौजूद न होने पर सुनवाई स्थगित

**भाषा।** ठाणे

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी को शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत में पेश होने से छूट मिल गई जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर मानहानि मामले का सामना कर रहे हैं। गांधी के वकील नारायण अय्यर ने उनके लिए पेश होने से छूट के वास्ते आवेदन किया, जिसमें कहा गया कि एक सांसद होने के नाते उपराष्ट्रपति के चुनाव में मतदान करने के लिए उनका दिल्ली में होना जरूरी है। चूंकि गांधी और शिकायतकर्ता राजेश कुंटे दोनों भिवंडी अदालत के समक्ष उपस्थित नहीं थे, इसलिए इसने मामले की सुनवाई एक अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। गवाहों से जिरह अभी शुरू नहीं हुई है। अदालत को अभी कुंटे का बयान भी दर्ज करना है। कुंटे की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी ने छह मार्च 2014 को भिवंडी के पास एक चुनावी रैली में कहा था कि आरएसएस के लोगों ने (महात्मा) गांधी की हत्या की थी। शिकायत में कहा गया है कि उन्होंने इस तरह संघ की छवि को नुकसान पहुंचाया। अधिवक्ता अय्यर ने कहा कि न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एल. सी. वाडीकर ने शनिवार को राहुल गांधी के उस आवेदन को स्वीकार कर लिया जिसमें उन्होंने पेशी से छूट का आग्रह किया था और स्थाई छूट का आग्रह करने वाला उनका आवेदन अगली सुनवाई में आएगा। वकीलों के अनुसार, कुंटे को भी शनिवार को पेशी से छूट दे दी गई क्योंकि वह एक दुर्घटना के बाद ठीक से चलने में समर्थ नहीं थे। निर्वाचित प्रतिनिधियों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए मजिस्ट्रेट वाडीकर की अदालत को एक विशेष अदालत के रूप में नामित किया गया है। राहुल गांधी ने इससे पहले उच्चतम न्यायालय से मामले को रद्द करने के आग्रह के साथ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने जुलाई 2016 में राहुल गांधी से कहा था कि उन्हें किसी संगठन की सामूहिक निंदा नहीं करनी चाहिए थी।

## निर्वाचित महिला पदाधिकारियों की जगह पुरुष परिजनों ने ली शपथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कुछ गांवों में नवनिर्वाचित महिला पंचायत पदाधिकारियों के स्थान पर उनके पति या पुरुष रिश्तेदारों को पद की शपथ दिलाए जाने के कुछ मामले सामने आने के बाद एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है और मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। सागर और दमोह जिलों के कुछ स्थानों पर हाल में हुए पंचायत चुनाव में निर्वाचित महिलाओं के पिता और पति सहित अन्य पुरुष रिश्तेदारों ने बृहस्पतिवार को शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोहों के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। सागर जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने शुक्रवार को आदेश जारी कर जैसीनगर ग्राम पंचायत के सचिव आशाराम साहू को पंचायत चुनाव में चुनी गई महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पति, बहनोई और पिता को पद की शपथ दिलाने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साहू ने पत्रकारों से कहा कि परिवार के पुरुष सदस्यों को इसलिए शपथ लेने की अनुमति दी गई क्योंकि कार्यक्रम में शामिल होने का बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद निर्वाचित महिलाएं नहीं आईं और इसके बजाय उन्होंने अपनी ओर से अपने रिश्तेदारों को भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि जैसीनगर ग्राम पंचायत में निर्वाचित 10 महिलाओं में से एक के पिता, दो अन्य के पति और एक महिला के बहनोई ने निर्वाचित महिला सदस्य के स्थान पर शपथ ग्रहण की।

## बरी करने के आदेश में अकारण हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए : शीर्ष अदालत

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने कहा है कि बरी किए जाने के आदेश में अकारण हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए। न्यायालय ने इसके साथ ही पत्नी के साथ क्रूरता के एक मामले में पति को दोषमुक्त किए जाने के आदेश को बहाल रखा। शीर्ष अदालत ने कहा है कि अपीलीय अदालत को इस तरह के आदेश को रद्द करने से पहले, बरी करने संबंधी सभी तर्कों पर विचार करना चाहिए।

न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति एस. आर. भट की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के मार्च 2019 के फैसले को निरस्त कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498-ए के तहत कथित अपराध के लिए व्यक्ति को दोषी ठहराने के आदेश को बहाल कर दिया था। पीठ ने कहा, अपील के फैसले में कोई कारण नहीं बताया गया है कि आईपीसी की धारा 498-ए के



तहत दर्ज बरी करने के आदेश को रद्द करने की आवश्यकता क्यों थी। शीर्ष अदालत ने कहा, यह एक स्थापित कानून है कि बरी किए जाने के आदेश में अकारण हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए और बरी करने से पहले, अपीलीय अदालत को हर उस कारण पर विचार करना चाहिए, जिसे बरी करने के लिए दर्ज किया गया था। पीठ ने कहा, रिकॉर्ड पर विचार करते हुए हमें ऐसे बरी आदेश को चुनौती देने वाली किसी अपील की सुनवाई का कोई कारण नहीं नजर आता। न्यायालय ने कहा, नतीजतन, हम आरोपी की अपील स्वीकार करते हैं, उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश को खारिज करते हैं।

## नुपुर शर्मा के समर्थन का आरोप लगाते हुए भीड़ ने धारदार हथियार से व्यक्ति पर हमला किया

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** अहमदनगर जिले में भीड़ ने 23 वर्षीय एक व्यक्ति पर सोशल मीडिया पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की निलंबित नेता नुपुर शर्मा का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। चार अगस्त को हुई इस घटना के संबंध में चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमले के पीछे के मकसद के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि जांच प्रारंभिक चरण में है।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रतीक उर्फ सनी राजेंद्र पवार को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के इलाज के लिए अस्पताल की आईसीयू में भर्ती कराया गया। अहमदनगर जिला मुख्यालय से 222 किलोमीटर दूर कर्जत शहर के अक्काबाई चौक पर एक मेडिकल दुकान के सामने बृहस्पतिवार शाम को मुस्लिम समुदाय के कम से कम 14 लोगों ने तलवार, दरांती, लाठी और हॉकी स्टिक से पवार पर हमला किया। अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब मामले में शिकायतकर्ता पवार और अमित माने अपने दोपहिया वाहन पर एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे और मेडिकल दुकान के पास एक मित्र की प्रतीक्षा कर रहे थे। उसी समय मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग दोपहिया वाहनों से उनके पास पहुंचे। प्राथमिकी के अनुसार, वे तलवार, दरांती और हॉकी स्टिक लिए हुए थे। माने ने शुक्रवार को दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में कहा कि उनमें से एक ने पवार पर चिल्लाते हुए कहा कि उसने नुपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा था और कन्हैया लाल के बाद इंस्टाग्राम पर स्टेटस भी डाला था और फिर उन लोगों ने हमला कर दिया। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा के समर्थन में एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा करने के लिए उदयपुर में जून में कन्हैया लाल की दो मुस्लिम युवकों ने हत्या कर दी थी। शर्मा के पैगंबर संबंधी बयान के कारण काफी विवाद हुआ था। हमलावरों ने पवार को धमकी दी कि उसका भी उमेश कोल्हे जैसा ही हश्र होगा। अधिकारी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि हमलावरों में से एक ने पवार की आंखों पर भी मारा। सोशल मीडिया पर नुपुर शर्मा का समर्थन करने के कारण महाराष्ट्र के अमरावती जिले में केमिस्ट कोल्हे की हत्या कर दी गई थी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मामले की जांच कर रहा है। पवार के घायल होने के बाद, माने ने अपने दो दोस्तों को फोन किया और वे पवार को सरकारी अस्पताल ले गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमले को पवार के सोशल मीडिया पोस्ट से जोड़ना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, हालांकि (शिकायत में) नुपुर शर्मा के समर्थन में पवार के सोशल मीडिया पोस्ट का उल्लेख है, लेकिन इसके बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि जांच जारी है। उन्होंने कहा कि पवार की आपराधिक पृष्ठभूमि है और उसके खिलाफ दो मामले लंबित हैं। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा, अभी तक की जांच के दौरान, हमें नुपुर शर्मा का समर्थन करने वाला पवार का सोशल मीडिया पोस्ट नहीं मिला। हम फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप सहित उसके सभी सोशल मीडिया अकाउंट की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पवार की एक समूह के सदस्यों के साथ कुछ पुरानी दुश्मनी थी, जिसके कारण हमला हो सकता है। मामले में 14 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 143 (गैरकानूनी जमावड़ा का सदस्य होना), दंगा, 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाने के लिए सजा) और 504 (शांति भड़काने के इरादे से किया गया कृत्य) तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई एवं चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## वरुण ने भगोड़े कारोबारियों का हवाला देकर सरकार पर मुफ्त की रेवड़ी को लेकर तंज किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मुफ्त की रेवड़ी' वाली टिप्पणी को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि पिछले पांच साल में भ्रष्ट कारोबारियों का 10 लाख करोड़ रुपए तक का कर्ज माफ किया गया। वरुण गांधी ने ट्वीट किया, जो सदन गरीब को पांच किलोग्राम राशन दिए जाने पर धन्यवाद की आकांक्षा रखता है। वही सदन बताता है कि पांच वर्षों में भ्रष्ट धनपशुओं का 10 लाख करोड़ रुपए तक का कर्ज माफ हुआ है। मुफ्त की रेवड़ी लेने वालों में मेहुल चोकसी और ऋषि अग्रवाल का नाम शीर्ष पर है। सरकारी खजाने पर आखिर पहला हक किसका है? भाजपा नेता ने संसद में सरकार की ओर से शीर्ष 10 भगोड़े कारोबारियों की सूची को ट्विटर पर साझा करते हुए यह सवाल किया।

वरुण गांधी संसद में एक चर्चा के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक अन्य सांसद की उस टिप्पणी का परोक्ष रूप से जिक्र कर रहे थे जिसमें कहा गया था कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी कोविड-19 के दौरान 80 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हाल में चुनावी लाभ के लिए कुछ राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त की सेवाएं मुहैया कराने की पेशकश के लिए उनकी आलोचना कर एक नई बहस को जन्म दे दिया है। मोदी ने कहा था कि यह देश के विकास के लिए बेहद नुकसानदेह है।

## कांग्रेस ने नबाम तुकी को पूर्वोत्तर समन्वय समिति का प्रमुख बनाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी को पार्टी की पूर्वोत्तर क्षेत्र की समन्वय समिति का प्रमुख नियुक्त किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने तुकी को पूर्वोत्तर कांग्रेस समन्वय समिति का प्रमुख नियुक्त किया। तुकी के अलावा लोकसभा सदस्य प्रद्युत बारदोलोई को इस समिति का संयोजक बनाया गया है।

## मणिपुर विधानसभा में जनसंख्या आयोग गठित करने, एनआरसी लागू करने वाले प्रस्ताव पारित

**इंफाल।** मणिपुर विधानसभा ने राज्य जनसंख्या आयोग गठित करने और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के लिए दो निजी सदस्य प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया है। ए प्रस्ताव जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक के जॉयकिशन ने राज्य विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन पेश किए। उन्होंने दावा किया कि राज्य के पर्वतीय इलाकों में 1971 से 2001 के बीच जनसंख्या में 153.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 2002 से 2011 के दौरान यह दर बढ़कर 250.9 प्रतिशत पर पहुंच गई। जद(यू) विधायक ने मणिपुर में बाहरी लोगों की कथित घुसपैठ पर भी चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि घाटी जिलों के लोगों के पर्वतीय क्षेत्रों में बसने पर पाबंदी है और पर्वतीय क्षेत्रों में जनसंख्या बढ़ने की वजह बाहर से लोगों की कथित घुसपैठ हो सकती है।

# महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर वार्ता में अड़ंगा नहीं लगाए चीन: ब्लिंकन

भाषा। मनीला



**अमेरिकी** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शनिवार को कहा कि चीन को जलवायु संकट जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक मामलों पर वार्ता में अड़ंगा नहीं लगाना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के चलते बीजिंग नाराज है तथा वाशिंगटन के साथ उसके संबंधों में और तल्खी आ गई है। ब्लिंकन मनीला में फिलीपीन के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर और अन्य अधिकारियों के साथ मुलाकात करने के बाद अपने फिलीपीनी समकक्ष के साथ एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। गत 30 जून को मार्कोस जूनियर के पद संभालने के बाद ब्लिंकन फिलीपीन की यात्रा करने वाले शीर्ष रैंक के पहले अमेरिकी अधिकारी हैं। पेलोसी की यात्रा के बाद चीन ने बृहस्पतिवार को ताइवान के तटों के आसपास सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया और शुक्रवार को सैन्य मामलों तथा जलवायु सहयोग सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर अमेरिका के साथ संपर्क काट दिया। ब्लिंकन ने कहा, हमें अपने दोनों देशों के बीच मतभेदों के कारण वैश्विक चिंता के मामलों पर सहयोग में अड़ंगा नहीं लगाना चाहिए। अन्य पक्ष हमसे यह उम्मीद कर रहे हैं कि हम उन मुद्दों पर काम करना जारी रखेंगे जो उनके लोगों के साथ-साथ हमारे अपने लोगों के जीवन और आजीविका के लिए महत्वपूर्ण हैं। ब्लिंकन ने जलवायु परिवर्तन पर सहयोग को एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में उद्धृत किया जिस पर चीन ने संपर्क बंद कर दिया है। चीन का कदम अमेरिका के खिलाफ नहीं, बल्कि दुनिया के खिलाफ है।

## उत्तर कोरिया ने पेलोसी को अतरराष्ट्रीय शांति को नष्ट करने वाली नेता करार दिया

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैसी पेलोसी पर उत्तर कोरिया के खिलाफ भावनाओ को भड़काने और चीन को नाराज करने का शनिवार को आरोप लगाते हुए उन्हे अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता को नष्ट करने वाली नेता करार दिया। पेलोसी ने ताइवान का दौरा करने के बाद दक्षिण कोरिया की यात्रा की। अमेरिकी नेता के ताइवान के दौरे से नाराज चीन ने अभूतपूर्व पैमाने पर सैन्य अभ्यास किए। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है और विदेशी सरकारो के साथ उसके संबंधो का विरोध करता है। दक्षिण कोरिया के दौरे मे पेलोसी ने उत्तर कोरिया के निकट एक सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा किया और दक्षिण कोरिया नेशनल असेबली के अध्यक्ष किम जिन प्यो के साथ उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा की।

## पूर्वी शहर पर रूसी हमले की आशंका के बीच यूक्रेनी सैनिक स्थिति मजबूत करने में जुटे

भाषा। स्लोवियांस्क

**यूक्रेनी सैन्यकर्मी** पूर्वी स्लोवियांस्क शहर में अपनी स्थिति मजबूत कर रहे हैं। यूक्रेनी सैनिकों को आशंका है कि दोनेत्स्क क्षेत्र में भीषण जंग के बीच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बिंदु पर कब्जे के लिए रूस नई कोशिश कर सकता है। स्लोवियांस्क के पूर्व, दक्षिण पूर्व और उत्तर में कुछ किलोमीटर की दूरी पर अग्रिम पंक्ति पर भीषण जमीनी जंग जारी है। ऐसे में यूक्रेन की निप्रो-एक रेजीमेंट के सदस्य सप्ताह भर के अपेक्षाकृत शांत माहौल के बाद अपनी स्थिति को मजबूत करने में जुट गए हैं। इस शहर पर इसके पहले रूसी हमला 30 जुलाई को हुआ था। स्वयंसेवक राष्ट्रीय गार्ड रेजिमेंट के प्रमुख कर्नल यूरी बेरेजा ने शुक्रवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक शांत नहीं रहेगा। आखिरकार, एक हमला होगा। उन्होंने आशंका जताई कि आने वाले दिनों में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण अभी कीचड़ है, लेकिन दो-तीन में जब यह सूख जाएगा तब हमले की आशंका बढ़ जाएगी। मॉस्को की महत्वाकांक्षा पूरे दोनेत्स्क क्षेत्र पर कब्जे की है और इस लिहाज से स्लोवियांस्क को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनेत्स्क क्षेत्र पूर्वी यूक्रेन में है, जो मुख्य रूप से रूसी भाषी क्षेत्र है। दोनेत्स्क के 60 फीसदी भूभाग पर रूसी सेना और मास्को समर्थक अलगाववादी संगठनों का कब्जा है। दोनेत्स्क और पड़ोसी लुहान्स्क प्रांत, जिसे रूस ने लगभग पूरी तरह से कब्जा कर लिया है, एक साथ औद्योगिक डोनबास क्षेत्र बनाते हैं। स्लोवियांस्क पर कब्जा से और अधिक क्षेत्र रूसी नियंत्रण में आ जाएंगे, लेकिन यह मास्को के लिए एक प्रतीकात्मक जीत होगी। यूक्रेन में रूसी हमले से पहले स्लोवियांस्क में एक लाख लोग रहा करते थे, लेकिन अब केवल 20 हजार निवासी बचे हैं।

## क्विक न्यूज

### बाजवा ने राहत पैकेज के लिए यूएई और सऊदी अरब से संपर्क किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने नकदी की कमी से जूझ रहे अपने देश के लिए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के अपने प्रयासो के तहत अब सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से संपर्क किया है। मीडिया की एक रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी सामने आई है। इससे कुछ दिन पहले जनरल बाजवा ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 1.7 अरब डॉलर का महत्वपूर्ण राहत पैकेज दिलाने के लिए अमेरिका से मदद मांगी थी। पाकिस्तान के दैनिक समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, जैसा कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की इस महीने के अंत में बैठक होने वाली है, जिसमें पाकिस्तान के लिए औपचारिक रूप से 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि की अगली किस्त को मंजूरी दी जाएगी। आईएमएफ चाहता है कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पाकिस्तान अपने मित्र देशो की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करे।

### माली की सेना और श्वेत सैनिकों के अभियान में 33 लोगों की मौत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञो ने हाल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा है कि माली के सशस्त्र बलो ने कथित तौर पर मॉरिटानिया के साथ लगती सीमा के पास मार्च में श्वेत सैनिको के साथ एक अभियान चलाया, जिसमें देश के कई अभियानो मे से एक में कम से कम 33 नागरिको को गोली मारकर हत्या कर दी गई और जला डाला गया। सत्तारूढ़ सेना ने संभावित रूप से किराए के रूसी सैनिको के साथ मिलकर ए अभियान चलाया है। माली मे संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के अनुसार, इस साल के पहले तीन महीनो मे 543 नागरिक मारे गए और 269 घायल हुए। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) द्वारा शुक्रवार को प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों के पैनल ने कहा कि राजनीतिक स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

### अमेरिका में बारिश और तूफान के कारण करीब 1,400 उड़ानें रद्द

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्वी तटीय इलाको में शुक्रवार को बारिश और तूफान के कारण करीब 1,400 उड़ाने रद्द कर दी गई। इसके चलते हजारो यात्रियो को परेशानियो का सामना करना पड़ा। विमानन कंपनी फ्लाइटअवेयर के अनुसार, करीब1,400 उड़ानो के रद्द होने के अलावा अन्य 6,300 उड़ाने देरी से चली। अगस्त में लगातार दूसरे दिन इतनी बड़ी संख्या में उड़ाने रद्द की गई है। न्यूयॉर्क शहर के तीन प्रमुख हवाईअड्डो के अलावा वाशिंगटन डीसी के बाहर रीगन राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सबसे अधिक उड़ानो को रद्द किया गया। अमेरिकन एयरलाइन की करीब 250 उड़ाने रद्द की गई।

### क्रोएशिया में बस दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत

**जगरेब।** पोलैड नंबर प्लेट वाली एक बस के शनिवार तड़के उत्तरी क्रोएशिया मे एक राजमार्ग से फिसलकर नीचे गिरने से कम से कम 12 लोगो की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्रोएशिया की पुलिस ने ट्विटर पर कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पोलिश लाइसेंस प्लेट वाली एक बस के फिसलने से 11 लोगो की मौत हो गई और कई घायल हो गए। उन्होने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह पांच बजकर 40 मिनट पर क्रोएशिया की राजधानी जगरेब से लगभग 50 किमी उत्तर में ए-चार राजमार्ग पर हुई। यह राजमार्ग पर्यटन सीजन के चलते दिनभर वाहनो की आवाजाही के कारण व्यस्त रहता है। सरकारी मीडिया के मुताबिक, बचाव दल को दुर्घटनास्थल पर भेजा गया है। हालांकि, फिलहाल किसी तरह की अन्य जानकारी उपलब्ध नही थी।

### म्यांमा के लिए आसियान के विशेष दूत ने भविष्य में और फांसी दिए जाने को लेकर चेतावनी दी

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के विदेश मंत्री प्राक सोखोन ने शनिवार को कहा कि युद्धग्रस्त म्यांमा मे शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने मे मदद करने की पड़ोसी देशो की कोशिशे हाल मे तब बाधित हुई, जब दक्षिणपूर्वी एशियाई देश (म्यांमा) मे चार राजनीतिक कार्यकर्ताओ को फांसी दी गई। उन्होने 10-सदस्ईय दक्षिणपूर्व एशियाई देशो के संघ (आसियान) मे म्यांमा के विशेष दूत के तौर पर आगाह किया कि आगे और फांसी देने से क्षेत्रीय समूह को इस पर पुनर्विचार के लिए विवश होना पड़ेगा कि म्यांमा के साथ भागीदारी का स्तर कैसा हो।

## आजाद हिन्द फौज के सेनानी ईश्वर लाल सिंह का 92 साल की उम्र में निधन

भाषा। सिंगापुर

**नेताजी सुभाषचंद्र** बोस के नेतृत्व वाली आजाद हिन्द फौज (आईएनए) के सेनानी ईश्वरलाल सिंह का शुक्रवार को यहां 92 साल की उम्र में निधन हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। ईश्वर लाल सिंह भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ने वाली आजाद हिन्द फौज में 1943 में शामिल हुए थे। उनके भतीजों में से एक मेलविंदर सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमें अपने चाचा ईश्वर लाल सिंह के निधन के बारे में आपको सूचित करते हुए दुख हो रहा है। उन्होंने पांच अगस्त, 2022 को अंतिम सांस ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनए सेनानी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, एक अपूरणीय क्षतिउ आईएनए के सेनानी, मेजर (सेवानिवृत्त) ईश्वर लाल सिंह ने असाधारण साहस और शौर्य के साथ भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। मुझे नवंबर 2019 में अपनी सिंगापुर यात्रा के दौरान उनके साथ हुई अपनी बातचीत याद आ रही है।

### अमेरिकी सीनेट ने भारतीय-अमेरिकी वकील रूपाली देसाई की न्यायाधीश पद पर नियुक्ति की पुष्टि की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने नाइंथ सर्किट के लिए अमेरिकी अपीली अदालत में भारतीय-अमेरिकी वकील रूपाली एच देसाई की नियुक्ति की पुष्टि कर दी है। इसी के साथ वह इस शक्तिशाली अदालत में न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने वाली दक्षिण एशियाई मूल की पहली न्यायाधीश बन गई हैं। अमेरिका के दोनों दलों-डेमोक्रेटिक पार्टी और रिपब्लकिन पार्टी के 67 सांसदों ने बृहस्पतिवार को देसाई के समर्थन में मतदान किया, जबकि 29 सदस्यों ने उनके खिलाफ वोट दिया। नाइंथ स र्कट का मुख्यालय कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को में है। यह देश की 13 अपीली अदालतों में सबसे बड़ी है। सीनेट की न्याय संबंधी मामलों की समिति के प्रमुख एवं बहुमत के सचेतक डिक डरबिन ने कहा, यह कोई हैरत की बात नहीं है कि देसाई के नामांकन को राजनीतिक और वैचारिक गलियारों में काफी सराहा गया।

### घातक हमलों के बाद इजराइल और गाज़ा पट्टी के विद्रोहियों के बीच गोलीबारी

**गाजा सिटी।** दक्षिणी इजराइल पर रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल के जेट विमानों ने शनिवार तड़के गाजा में विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें पांच-वर्षीय एक लड़की और एक विद्रोही सहित कम से कम 10 लोग मारे गए। फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद के एक शीर्ष कमांडर की लक्षित हत्या के बाद शुक्रवार को शुरू हुई लड़ाई पूरी रात जारी रही।

### अमेरिकी अभिनेत्री ऐनी हेचे कार दुर्घटना में गंभीर रूप से झुलसीं

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री ऐनी हेचे की कार की यहां एक आवासीय इमारत से टक्कर हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से झुलस गई और बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। लॉस एंजिलिस के मार विस्टा के वालग्रोव एवेन्यू स्थित एक इमारत में आग लग गई और हेचे की कार भी आग की चपेट में आ गई। लॉस एंजिलिस के दमकल विभाग ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, वाहन के भीतर मिली एक व्यस्क महिला को गंभीर अवस्था में एलएएफडी पैरामेडिक्स द्वारा अस्पताल ले जाया गया।

## हिरोशिमा ने परमाणु हमले की 77वीं बरसी पर एटमी हथियारों पर प्रतिबंध का आह्वान किया



भाषा। तोक्यो

**जापान के** हिरोशिमा में शनिवार को 77 साल पहले हुए परमाणु हमले की भयावह घटना को याद करते हुए परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध का आह्वान किया गया। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख समेत अन्य अधिकारियों ने परमाणु हथियारों के निर्माण को लेकर चेताया क्योंकि यूक्रेन पर रूसी सैन्य कार्वाई के बीच परमाणु हमले की आशंका बढ़ गई है। हिरोशिमा पीस पार्क में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटेनियो गुतारेस ने कहा, परमाणु हथियार बकवास हैं। वे किसी सुरक्षा की गारंटी नहीं देते, बल्कि केवल मौत और विनाश के दाता हैं। उन्होंने कहा कि एक सदी के तीन चौथाई समय बीतने के बाद पूछा जाना चाहिए कि 1945 में इस शहर पर हुए परमाणु हमले से क्या सीख ली गई? इस मौके पर हिरोशिमा के मेयर कजूमी मत्सुई ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर उनके अपने लोगों को युद्ध का हथियार बनाने और दूसरे देश के लोगों की जान लेने और आजीविका छीनने का आरोप लगाया। अमेरिका ने छह अगस्त, 1945 को हिरोशिमा पर दुनिया का पहला परमाणु बम गिराया, जिससे शहर में भारी तबाही हुई और करीब1,40,000 लोग मारे गए। अमेरिका ने तीन दिन बाद नागासाकी शहर पर दूसरा बम गिराया, जिसमें 70,000 लोगों की जान चली गई।

### फोर्टिस हैल्थकेयर का पहली तिमाही का लाभ 69 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** फोर्टिस हैल्थकेयर का जून मे खत्म पहली तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 69 फीसदी घटकर 134 करोड़ रुपए रहा है। अप्रैल-जून 2021-22 में फोर्टिस को 431 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था जिसमें 306 करोड़ रुपए का असाधारण लाभ शामिल है। फोर्टिस हैल्थकेयर ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी को1,488 करोड़ रुपए का राजस्व मिला जो एक साल पहले समान अवधि में1,410 करोड़ रुपए था।कंपनी के चेयरमैन रवि राजगोपाल ने कहा कि बिस्तरो की संख्या, चिकित्सा कार्यक्रमों के विस्तार के मामले में कंपनी कारोबार को लगातार मजबूत कर रही है।

### फज़्ल केश किंग के ब्रांड एम्बेसेडर

**कोलकाता।** इमामी लिमिटेड हाउस के प्रमुख आयुर्वेदिक हेयर एवं स्कैल्प केयर ब्रांडए केश किंग ने अभिनेता अली फज़ल को अपने एंटी,डैंड्रफ शैम्पू वैरिएंट का ब्रांड एम्बे सेडर बनाया है। इसी के साथ, अली फ ज़ल केश किंग क्लब में शामिल होने वाले पहले पुरुष ब्रांड एम्बेसडर बन गए हैं। बेहद चर्चित ओटीटी सीरीज मिर्जापुर में गुड्डू पंडित की भूमिका निभाने के लिये मशहूर, अली फज़ल के खाते में पहले से ही 3 इडियट्स, फुकरे, बॉबी जासूस जैसी फिल्मों में निभाई गई बेहतरीन भूमिकाएं शामिल हैं। उन्होंने ब्रिटिश,अमेरिकन फिल्म विक्टोरियाष और अब्दुलष् में भी काम किया है। अली फज़ल, एक्टर और केश किंग के ब्रांड एम्बेसेडर का कहना है इमामी जैसे ब्रांड के साथ जुड़कर अच्छा लग रहा है, जिसकी भारतीय उपभोक्ता क्षेत्र में एक अच्छे ब्रांड की छवि है।

### गुजरात में जल्द शुरू होगा ग्रामीण इंजीनियर कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि गुजरात मे ग्रामीण इंजीनियर्स कार्यक्रम जल्द शुरू किया जाएगा जिसके तहत आदिवासी युवाओ को विभिन्न कौशलो का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक आधिकारिक बयान मे बताया गया कि चंद्रशेखर ने गुजरात के संसद सदस्यो और मंत्रियो के साथ शुक्रवार को हुई बैठक मे यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि ग्रामीण इंजीनियर के रूप मे तैनात होने वाले आदिवासी युवा अपने-अपने जिलो मे आर्थिक गतिविधियो मे योगदान दे सकेंगे।

## एसबीआई का मुनाफा 7% घटकर 6,068 करोड़ रहा

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक क्षेत्र के** ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ सात फीसदी कम होकर 6,068 करोड़ रुपए रहा है। आय घटने से बैंक का लाभ भी कम हुआ है। एसबीआई ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में कहा कि एक साल पहले की अप्रैल-जून तिमाही में उसे 6,504 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। देश के सबसे बड़े बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में उसकी एकल आधार पर आय घटकर 74,998.57 करोड़ रुपए रह गई जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 77,347.17 करोड़ रुपए थी। बैंक का परिचालन लाभ भी 33 फीसदी कम होकर 12,753 करोड़ रुपए रह गया जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 18,975 करोड़ रुपए था। हालांकि ब्याज से प्राप्त आय पिछले वर्ष के 65,564 करोड़ रुपए के मुकाबले बढ़कर 72,676 करोड़ रुपए हो गई। इसके साथ ही शुद्ध ब्याज आय भी बढ़कर 31,196 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वर्ष 27,638 करोड़ रुपए थी। आलोच्य तिमाही में बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन पहले के 3.15 फीसदी से बढ़कर 3.23 फीसदी हो गया। बैंक का सकल गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात पिछले वर्ष के 5.32 फीसदी से सुधरकर समीक्षाधीन तिमाही में 3.91 फीसदी हो गया। इसी तरह शुद्ध एनपीए भी पिछले वर्ष की जून तिमाही के 1.7 फीसदी से घटकर जून 2022 में 1.02 फीसदी हो गया। इस वजह से फंसे कर्ज के लिए प्रावधान कम किया गया जो 4,268 करोड़ रुपए रहा। पिछले वर्ष यह 5,030 करोड़ रुपए था। समेकित आधार पर एसबीआई का शुद्ध लाभ मामूली गिरावट के साथ 7,325.11 करोड़ रुपए हो गया। पिछले वर्ष अप्रैल-जून में यह 7,379.91 करोड़ रुपए था।

### एचपीसीएल को पहली तिमाही में हुआ 10,196.94 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड घाटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी एचपीसीएल ने शनिवार को कहा कि पेट्रोल एवं डीजल के दाम नही बढ़ने से चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही मे उसे 10,196.94 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड घाटा हुआ। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने शेयर बाजारो को तिमाही नतीजो की जानकारी देते हुए कहा कि अप्रैल-जून तिमाही मे उसे एकल आधार पर 10,196.94 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। यह किसी भी तिमाही मे एचपीसीएल को हुआ सबसे बड़ा घाटा है। एक साल पहले की समान अवधि में उसे1,795 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। दरअसल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दामो मे बढ़ोतरी नही की जिससे उन्हे परिचालन व्यय के अनुपात मे राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा है। एचपीसीएल की तरह सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य पेट्रोलियम कंपनियो इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और बीपीसीएल ने भी बीती तिमाही में पेट्रोल-डीजल के दाम नही बढ़ाए।

## श्रीलंका को अभी एक साल और झेलना होगा आर्थिक संकट : विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने ऐसी आशंका जताई है कि देश को अभी एक साल तक इस मुश्किल दौर का सामना करना पड़ सकता है। विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को एक सम्मेलन में कहा कि संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए अलग हटकर सोचना होगा और लॉजिस्टिक्स एवं नाभिकीय ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों पर ध्यान देना होगा। उन्होंने श्रीलंका को दें नया रूप विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि देश में किए जाने वाले जरूरी सुधारों के लिए ऊंचे कराधान की भी जरूरत होगी। उन्होंने कहा, मेरा अनुमान है कि अगले छह महीने से एक साल तक यानी अगले साल जुलाई तक हमें अभी मुश्किल दौर का सामना करना पड़ेगा। पुनरुद्धार के लिए श्रीलंका को लॉजिस्टिक्स और परमाणु ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों पर ध्यान देना होगा। राजपक्षे शासन के खिलाफ व्यापक विरोध-प्रदर्शन और अशांति के बाद पिछले महीने राष्ट्रपति पद संभालने वाले विक्रमसिंघे ने कहा, अगर आप भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्थाओं को देखें तो यह पाएंगे कि कोलंबो, हम्बनटोटा और त्रिंकोमली में भी लॉजिस्टिक्स की बड़ी भूमिका हो सकती है। हमारी सामरिक स्थिति कुछ ऐसी ही है। उन्होंने कहा, संपत्ति पर कराधान जैसे उपायों को हमें अपनाना होगा। आर्थिक पुनरुद्धार के अलावा सामाजिक सुरक्षा के लिए भी ऐसा करना होगा।

## ट्विटर ने माना, सॉफ्टवेयर खामी से कई उपयोगकर्ताओं का ब्योरा लीक हुआ

भाषा। न्यूयॉर्क

**माइक्रो ब्लॉगिग** मंच ट्विटर ने यह स्वीकार किया है कि पिछले साल कई उपयोगकर्ताओं के खातों की निजता उस समय जोखिम में पड़ गई थी जब उसके सॉफ्टवेयर में मौजूद खामी का दुर्भावना से भरे किसी शख्स ने फायदा उठाया था। हालांकि ट्विटर ने उस रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है कि इस तकनीकी खामी की वजह से दुनिया भर के करीब 54 लाख उपयोगकर्ताओं से जुड़े आंकड़े की ऑनलाइन बिक्री के लिए पेशकश की गई है। लेकिन उसने यह माना है कि इस सेंधमारी में उसके उपयोगकर्ता प्रभावित हुए थे। विचारों के आदान-प्रदान के एक मंच के रूप में ट्विटर का इस्तेमाल करने वाले लोगों से जुड़े ब्योरे का इस तरह खतरे में पड़ना बेहद चिंताजनक है। इसकी वजह यह है कि तमाम ट्विटर खाताधारक सुरक्षा कारणों से अपनी पहचान का खुलासा नहीं करते हैं क्योंकि उन्हें दमनकारी अधिकारियों के उत्पीड़न का डर होता है। अमेरिकी नेवल एकेडमी के डेटा सुरक्षा विशेषज्ञ जेफ कोसेफ ने इस पर अपने ट्वीट में कहा, छद्म नाम वाले ट्विटर अकाउंट का इस्तेमाल करने वाले कई लोगों के लिए यह स्थिति बहुत बुरी है। ट्विटर ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उसके सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी से किसी व्यक्ति को लॉग-इन करते समय यह तय करने की मंजूरी मिल गई कि कोई खास फोन नंबर या ई-मेल किस मौजूदा ट्विटर खाते से जुड़ा हुआ है। ऐसा होने से खाताधारकों का खुलासा आसानी से हो सकता है। हालांकि ट्विटर ने इस घटना से प्रभावित हुए खाताधारकों की संख्या के बारे में जानकारी न होने का दावा करते हुए कहा कि कोई भी पासवर्ड जाहिर नहीं हो पाया था। ट्विटर के एक प्रवक्ता ने ई-मेल के जरिए कहा, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि इसका वैश्विक असर पड़ा था। लेकिन हम इसमें प्रभावित हुए लोगों की सटीक संख्या या उनके स्थान के बारे में स्पष्ट तौर पर नहीं बता सकते हैं। डिजिटल गोपनीयता की वकालत करने वाले समूह रिस्टोर प्राइवेसी ने पिछले महीने जारी एक रिपोर्ट में कहा था कि इस सॉफ्टवेयर गड़बड़ी से जुटाए गए ब्योरे को एक लोकप्रिय हैकिंग मंच पर 30,000 डॉलर में बेचा जा रहा है। गत जनवरी में ट्विटर के सॉफ्टवेयर में मौजूद इस खामी की तरफ इशारा एक सुरक्षा शोधकर्ता ने किया था।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mr. Intzar Ahmed is owner of Property bearing No. B-146/10, area measuring 100 Sq., Yds., out of Khasra No. 522-min & 523 min, Situated at Village Ghonda, Gujran Khader, in the abadi of Block-B, Gali No. 20 Subhash Mohalla, North Ghonda, illaqa Shahdara, Delhi (the said property), by virtue of Relinquishment deed dated 02.12.2019, registration No. 2388, executed by Mr. Bahaar Ahmed, Mr. Israr Ahmed, Mrs. Meshar Jahan, Mrs. Kousar Hassan, & Mrs. Meena, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take Loan from Fullerton India Home Finance Company against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale / Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mrs. Pushpa Datwani is claiming owner /attorney holder of Property bearing No. 119, area measuring 72 ‰ Sq., Yds., out of Rect. No. 38, Killa No. 18, Situated in the abadi of Sarojini Park, Opposite Gali No. 10, Shastri Nagar, in the area of Village Khureji Khas, illaqa Shahdara, Delhi (the said property), by virtue of regd. GPA, Agreement and will all dated 20.09.2001, executed by Mr. Satpal, All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner/attorney holder want to sell the said property to Mohd. Parvez/ his nominee who is taking Loan from Fullerton India Home Finance Company for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner /attorney holder over the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE
It is to inform to the public at large **Mrs. Asma** W/o Mr. Ashraf who is purchasing the **FLAT NO. 203, ON FIRST FLOOR, FRONT RHS CORNER WITHOUT ROOF RIGHTS AREA MEASURING 78 SQ. YARDS, OUT OF KHASRA NO. 104, AT SIGNATURE APARTMENT IN THE VILLAGE OF KHORA, COLONY GHAZIABAD, (U.P)** from **Mrs. Suman Yadav** W/o Mr. Sukhveer Singh, who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, **within 07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.
**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP-201301, Contact # 0120-4269379

PUBLIC NOTICE
TO WHOM IT MAY CONCERN
To be known to all that my client, Mr. VINOD KUMAR BANSAL S/o Shri HANUMAN DASS BANSAL, is the owner of Flat no. 81, BG-1, Second Floor, A Block, Paschim Vihar, New Delhi-110063. The Original Registration Slip or some other documents have misplaced. Any person claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone within 15 days from the date of publication of this notice.
**MEENA SHARMA (ADVOCATE)**
DELHI HIGH COURT, Registration no D-1056/03
Chamber no. 6, DDA Office Complex,
Vikas Sadan, New Delhi-110023

सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., नंबर 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गिरिजा पीशे/नागरत्न पीशे/ एलबीबीएनजी00001094465 | अनुसूची "क" सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति बीएमपी नंबर 3, स्थित चौथा "बी" क्रॉस, एम.एम. लेआउट, वार्ड नंबर 95, (पूर्व में साइट नंबर 433, काठा नंबर 568 उत्तरी साइड पर तथा साइट नंबर 434, काठा नंबर 568, स्थित कावलबाइरसांड्रा ग्राम, कस्बा हुबली, बेंगलुरू नॉर्थ तालुक), बेंगलुरू परिमाप पूरब से पश्चिम : 40 फीट तथा उत्तर से दक्षिण : 45 फीट, कुल परिमाप 1800 वर्ग फीट और चौहद्दी— पूरब : 25 फीट रोड, पश्चिम : साइट नंबर 427 एवं 428, उत्तर : साइट नंबर 435, दक्षिण : साइट नंबर 433 का दक्षिणी हिस्सा। अनुसूची "ख" : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति अपार्टमेंट नंबर 102, प्रथम तल, सुपर बिल्ट अप एरिया 820 वर्ग फीट (जिसमें फर्श, सीलिंग तथा अपार्टमेंट्स के बीच दीवारें और रास्ता शामिल हैं) के साथ भू तल पर एक कार पार्किंग स्पेस, अनुसूची-"क" सम्पत्ति में अविभाजित 1/5 हिस्सा, अधिकार, स्वामित्व और हित सहित/सांकेतिक कब्जा की तिथि : 03-08-2022 | 06-07-2021 रू. 18,96,636.00/- | बेंगलुरू |

उपरोक्त कर्जदारों/गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 06-08-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# एडीएम के उखड़े मूड से तहसील दिवस में हड़कंप, लेखपाल पर कार्रवाई के आदेश

संवाददाता। मधौगढ़ (उरई)

**संपूर्ण** समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी पूनम निगम का मिजाज बिगडा तो उन्होंने शिकायतों के लचर निस्तारण पर कर्मचारियों की जमकर क्लास ली,तो बेवजह की शिकायतों पर फरियादियों को भी नहीं बख्शा। उनकी डांट से संपूर्ण समाधान दिवस में सन्नाटा छा गया। शिकायत निस्तारण में लापरवाही कर रहे लेखपाल को तो एडीएम की भारी नाराजगी का सामना करना पड़ा बल्कि उन्होंने एसडीएम से लेखपाल के खिलाफकार्रवाई करने का आदेश भी दे दिया। वहीं आधारहीन शिकायतों को लेकर फरियादियों से भी गुस्सा नजर आई। हालांकि पहली बार 40 शिकायतों में से मौके पर ही 20 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। जो इसके पहले कभी नहीं हुआ।


समाधान दिवस में समस्यायें सुनते अधिकारी पायनियर

### 40 शिकायतों में से 20 मौके पर निस्तारित

**पहली बार** संपूर्ण समाधान दिवस में 50 फीसदी शिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ। कुल 40 शिकायतों में से 20 को मौके पर ही निस्तारित किया गया। बाकी अन्य शिकायत जैसे सरकारी जमीन पर कब्जा, सरकारी तालाब पर कब्जा, रास्ते में पानी भरने की समस्या, आवास आदि के मामले पर जल्द निस्तारित करने का आदेश दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम अंगद यादव, तहसीलदार सुशील कुमार, सीओ. डॉ देवेंद्र कुमार, कोतवाल विमलेश कुमार सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अतिक्रमण के मामले पर लगी लेखपाल की फटकार

रामपुरा के मई गांव निवासी विनय प्रताप पुत्र उमा सिंह ने नाली और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर शिकायत की थी,जिस पर लेखपाल शशांक सोनी ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई और शिकायतकर्ता को ज्यादा शिकायत करने के एवज में सरकारी पट्टा निरस्त करने को धमकी दे डाली। एडीएम के सामने लेखपाल पूरे मामले को गुमराह करने लगा,जिस पर उन्होंने लेखपाल को जमकर डांटते हुए एसडीएम को तत्काल अतिक्रमण हटवाने व लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही करने का आदेश दे दिया।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपाई हुये सक्रिय

**कोंच ( जालौन )।** आजादी के 75 साल पूरे होने पर सारा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश और प्रदेश की जनता से ''हर घर तिरंगे'' का आह्वान किया है। उनके इस आह्वान को परवान चढ़ाने के लिए भाजपा के लोग भी प्राणपण से जुटे हुए हैं। भाजपा नगर इकाई सहित फ्रंटल संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को नगर के अलग अलग बूथ व शक्ति केंद्रों पर बैठकें कर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर रणनीति बनाई।

बैठक में तय किया गया कि नगर भर में 5 हजार तिरंगा झंडे कार्यकर्ताओं के सहयोग से लोगों के घरों में फहराये जाएंगे। 11 अगस्त से लेकर 13 अगस्त के बीच कार्यकर्ताओं की अलग अलग टोलियां नगर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और भजन रघुपति राघव राजाराम का गायन कर नगरवासियों को जागरूक करेंगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 41 शिकायतें, सिर्फ चार का निस्तारण

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**शासन** के निर्देश पर माह के प्रथम व चौथे शनिवार को आयोजित किये जाने वाले तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में एसडीएम कृष्णकुमार सिंह की अध्यक्षता व सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी, तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस, राजस्व, बिजली, जलसंस्थान, आपूर्ति, ब्लॉक, नगर पालिका आदि विभागों से जुड़ी कुल 41 शिकायतें आये हुए फरियादियों ने दर्ज करायीं। उधर एसडीएम के निर्देशन में मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के स्थानीय अधिकारियों ने अपने अपने विभागों से जुड़ी शिकायतों का अवलोकन किया।मौके पर 4 शिकायतें ही निस्तारित की जा सकी। निस्तारण हेतु शेष बची शिकायतों को


संपूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते अधिकारी पायनियर

लेकर एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा के अंदर मौके पर जाकर गुणवत्ता के साथ शिकायतों का निस्तारण करें और इसकी जानकारी शिकायतकर्ता को अवश्य दें।उन्होंने कहा कि शिकायतें लम्बित नहीं रहनी चाहिए।इस मौके पर पालिका ईओ पवन कुमार मौर्य, बीडीओ नदीगांव गौरव कुमार, एडीओ नरेशचंद्र दुवे, इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र सिंह, जेई पीडब्ल्यूडी बीएल गौतम, विधुत टीजीटू प्रभुदयाल, सीडीपीओ गीता वर्मा, आपूर्ति निरीक्षक याकूब हसन आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने मुरली मनोहर तालाब पर किया पौधारोपण

**जालौन ( उरई )।** वृक्ष मित्र अभियान के तहत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जालौन बालिका इंटर कॉलेज एवं मुरली मनोहर तालाब पर वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प लिया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में नगर के जालौन बालिका इंटर कॉलेज और मुरलीमनोहर तालाब पर पौधारोपण किया गया। परिषद के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हर्ष गुप्ता ने कहा कि प्रकृति का अंधाधुंध दोहन ही प्राकृतिक आपदाओं को निमंत्रण है। बाढ़ की विभीषिका हो या सूखा हो यह सभी मानव द्वारा प्राकृतिक संपदाओं को नष्ट करने का नतीजा है। तहसील संयोजक सत्यम याज्ञिक ने कहा कि यही स्थिति बनी रही तो आने वाली पीढ़ियों को हम केवल रेगिस्तान ही छोड़कर जाएंगे। इसलिए अब समय है कि प्रकृति से जो हमने लिया है उसे वापस लौटाया जाए। इसके



मुरलीमनोहर तालाब पर वृक्षारोपण करते एबीवीपी के सदस्य पायनियर

लिए जितना संभव हो वृक्षों का रोपण करें। जिससे आने वाली पीढ़ियों को कष्ट न उठाना पड़े। कार्यक्रम में मौजूद डॉ. रंजना दुबे ने कहा कि संगठन का वृक्षारोपण का प्रयास अच्छा है। लेकिन मात्र पौधों का रोपण करके ही जिम्मेदारी पूरी नहीं होती है। इसकी देखभाल की भी जिम्मेदारी लेनी होगी। कार्यक्रम में नगर मंत्री आदित्य हृदय, स्वयं गोस्वामी, रिया राठौड़, शिवम सेंगर, प्रियांशु खेमरिया, कीर्तिमान श्रीवास्तव, प्रियांशु, सुमित, शांति, ईशा, नंदिनी, डॉली, कृतिका, ध्रुव, प्रियांशु आदि ने सहयोग किया।

## शिक्षक संघ के मऊ ब्लाक अध्यक्ष बने अशोक वर्मा

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रान्तीय निर्देश पर मऊ ब्लाक के त्रिवार्षिक चुनाव बीआरसी में सम्पन्न कराये। सर्वसम्मति से अशोक कुमार वर्मा को अध्यक्ष चुना गया। शनिवार को बीआरसी मऊ में मऊ ब्लाक इकाई के शिक्षक संघ के चुनाव संरक्षक अशोक कुमार द्विवेदी व फुंदीलाल की देखरेख में हुए। अध्यक्ष अशोक वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरभान सिंह, मंत्री शारदेन्दु शुक्ला, संयुक्त मंत्री सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष तबस्सुम बेगम, ज्ञान सिंह, अखिलेश कुमार मिश्रा, संजय केशरवानी, दिलीप कुमार शुक्ला, संगठन मंत्री खुशबू जायसवाल, अनीश अहमद, गुलाब तिवारी, पवन कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र यादव, प्रचार मंत्री पूजा तिवारी, संजीव सिंह, दिवाकर त्रिपाठी, रामगजाधर सिंह, पवन कुमार सिंह, प्रवक्ता विष्णुप्रिया पाण्डेय, वेदप्रकाश सोनी, एकाउंटेन्ट अजीत पाण्डेय, आडीटर नीलेश शुक्ला चुने गये।

## क्विक न्यूज

### ताजिया जुलूस के दौरान विद्युत आपूर्ति रखी जाये बंद

**जालौन (उरई)।** ताजिए निकलने के दौरान पूरे नगर की बिजली बंद न कर जिस रूट पर ताजिए हों उस फीडर की बिजली बंद करने एवं ताजिए निकलने के बाद फीडर को चालू करने की मांग नगर के लोगों ने डीएम को ज्ञापन देकर की है। हाजी मोहम्मद रसूल, मोहम्मद शाहरूख, मोहम्मद अलीम, अशफाक राईन आदि ने जिलाधिकारी चांदनी सिंह को ज्ञापन सौंपकर बताया कि अगले तीन दिनों तक ताजियों का त्योहार चलेगा। इसके बाद रक्षाबंध और जन्माष्टमी का पर्व है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान नगर में बिजली व पानी की व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए। बताया कि ताजियों व छड़ निकलने के दौरान पूरे नगर की बिजली व्यवस्था बंद कर दी जाती है। इससे पूरे नगर के लोगों को परेशानी उठानी पडती है। जबकि गर्मी के मौसम में बिजली व पानी लोगों की आवश्यक आवश्यकताएं है। ऐसे में छड़ व ताजिये निकलने के दौरान ऐसी व्यवस्था की जाए कि लोगों को परेशान न होना पड़े। इसके लिए जिस रूट पर ताजिये या छड़ निकल रही हो उस दौरान उक्त रूट के फीडर को बंद कर दिया जाए। जब ताजिये और छड़ निकल जाए तो उस फीडर को चालू कर दिया जाए। इसके अलावा अन्य सभी फीडर चालू रहें। इससे लोगों को गर्मी के मौसम में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### सखी वन स्टाप सेंटर में स्थापित होगी पुलिस चौकी: डीएम

**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन ने जिला महिला चिकित्सालय में स्थित सखी वन स्टाप सेण्टर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में समुचित व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि वन स्टाप सेण्टर में पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की कार्यवाही तत्काल प्रारम्भ कराये। इसके साथ ही अधिशासी अभियन्ता यूपी सिडको को तत्काल विद्युत कनेक्शन कराये जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान समस्त कर्मचारी उपस्थित पाये गये। यह सेंटर इस लिए बनाया गया कि ताकि मरीज महिलाओं के साथ आने वाले तीमारदारों को सुविधा मिल सके। हालांकि इसका निर्माण काफी दिनों से रुका हुआ था।

### संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के सामने भरण-पोषण की समस्या

**बस्ती।** जनपद के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्य करने वाले संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को कई महीनो का मानदेय का भुगतान अब तक लम्बित है। इसके लिए अभी कुछ दिन पहले ही स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया था। जिसे संज्ञान में लेते हुए डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिनांक 14 अगस्त तक सभी का भुगतान किये जाने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रवक्ता एवं मिडिया प्रभारी आनन्द गौरव ने बताया संविदा कर्मियों द्वारा अवगत हुआ कि निर्देश के उपरांत भी अभी तक किसी प्रोग्राम के कर्मियों का वेतन भुगतान नहीं किया है, और 11 को रक्षा बन्धन त्यौहार भी है। कहा कि यहाँ तो परिवार के भरण-पोषण का संकट है रक्षा बन्धन पर्व कैसे मनाएँगे। इस विषय पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ बस्ती के अध्यक्ष डॉ अजय कुमार एवं संगठन मंत्री डॉ. राकेश कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिख अनुरोध किया कि रक्षा बन्धन पर्व से पूर्व समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का भुगतान करने का कष्ट करें, पत्र को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आज प्राप्त करा दिया है और सम्भवता कल संघ के द्वारा मुख्य चिकित्स अधिकारी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया जायेगा।

### बच्चों को ट्यूशन पढ़ाई का पैसा मांगने पर दी धमकी

**जालौन (उरई)।** बच्चों की ट्यूशन का भुगतान न करने एवं मांगने पर धमकी देने की शिकायत पीड़ित अध्यापक ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी कमलेश कुमार आचार्य ने बताया कि वह प्राइवेट शिक्षक हैं। बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर घर खर्च चलाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने नगर पालिका में तैनात संविदा सफाई कर्मचारी के दो बच्चों को ट्यूशन पढ़ाई थी। ट्यूशन पढ़वाने के बाद उक्त सफाई कर्मचारी उनके मानदेय का भुगतान नहीं कर रहे हैं। पहले तो वेतन न मिलने की बात कहते रहे। अब जब उन्हें रुपयों की जरूरत पड़ने पर उनके पास जाकर रुपये मांगे तो उन्होंने रुपये देने से साफइंकार कर दिया साथ ही रुपये मांगने पर धमकी भी दी है। पीड़ित अध्यापक की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आज दस स्थानों पर लगायी जायेगी बूस्टर डोज

**जालौन (उरई)।** कोरोना से बचाव के लिए 7 अगस्त को नगर के 10 स्थानों पर बूस्टर डोज लगाने के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण किया जा रहा है। दिनांक 7 अगस्त को बूस्टर डोज लगाने के लिए महाभियान चलाया जाएगा। जिसमें नगर के 10 स्थानों पर कैंप लगाकर लोगों को कोरोना की बूस्टर डोज लगाई जाएगी। जिसमें सीएचसी के अलावा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा, मोहल्ला काशीनाथ, खंडेराव, हिरदेशाह, दलालनपुरा, शाहगंज व मुरली मनोहर में कैंप लगाया जाए। उक्त कैंप में पहुंचकर लोग बूस्टर डोज लगवा सकते हैं।

### भाजपा सभासद पुत्र पर रॉड, तमंचे से प्रहार, किया अधमरा

**जालौन (उरई)।** भाजपा सभासद के पुत्र के साथ 3 अज्ञात लोगों ने घर लौटते समय रात में गाली, गलौज करते हुए लोहे की रॉड व तमंचे की बट से हमला कर दिया। जिसमें सभासद पुत्र घायल हो गया। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव से सभासद राजकुमार वर्मा के पुत्र ललित कुमार उर्फईलू मेंबर ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े 10 बजे उन्हें घर के लिए कुछ सामान की आवश्यकता हुई तो वह अपनी बाइक से कांजी हाउस चौराहे पर दुकान पर सामान लेने के लिए पहुंच गए। वहां दुकान बंद होने पर वह वापस लौटने लगे। तभी वहां तीन अज्ञात व्यक्ति आ गए और उनका नाम पता पूछने लगे। जब उन्होंने अपना नाम पता बताया और कहा कि उनके पिता मोहल्ले के सभासद हैं। तभी तीनों में से एक व्यक्ति ने लोहे की रॉड निकाल ली, दूसरे ने तमंचा निकाल लिया और गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर एक ने उन्हें लोहे की रॉड मार दी और दूसरे व्यक्ति ने कंधे पर तमंचे की बट मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। घबराकर वह किसी तरह बाइक स्टार्ट कर वहां से भाग निकला।

## दीपक गुप्ता बने राजकीय शिक्षक संघ झांसी मंडल के संयोजक

**कोंच ( जालौन )।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश की प्रांतीय अध्यक्ष छाया शुक्ला, महामंत्री रामेश्वर प्रसाद पांडे व कार्यकारी महामंत्री सत्य शंकर मिश्र द्वारा कोंच नगर के निवासी शिक्षक दीपक गुप्ता को झांसी मंडल का मंडल संयोजक बनाया गया। दीपक गुप्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलिज कुम्हरार तहसील मोंठ में सहायक अध्यापक गणित के पद पर तैनात हैं। झांसी मंडल के तीनों जनपदों झांसी, ललितपुर और जालौन में विगत कई वर्षों से ठप्प पड़ी राजकीय संघ की जनपदीय इकाईयों को पुन: जागृत कर संगठित करने के उद्देश्य से प्रांतीय पदाधिकारियों ने दीपक गुप्ता को मंडल संयोजक जैसी अहम जिम्मेवारी सौंपी है। प्रांतीय पदाधिकारियों ने उन्हें निर्देशित किया कि मंडल के तीनों जनपदों में सदस्यता अभियान चलाकर अलग अलग जिलों में कार्यकारिणी गठित करें। दीपक गुप्ता ने कहा कि वह संघ को मजबूती प्रदान करने एवं शिक्षकों-शिक्षिकाओं की विभिन्न विभागीय समस्याओं का निदान कराने का काम करेंगे।उन्होंने राजकीय शिक्षक-शिक्षिकाओं से अनुरोध किया है कि संघ की विचारधारा और कार्यों से प्रभावित शिक्षक शिक्षिकाएं संघ की सदस्यता ग्रहण करें।

# साइबर शिक्षा से सुरक्षा पर नाटक के जरिये किया जागरूक

● **साइबर क्राइम को रोकने को यूपी साइबर पुलिस व क्विक फाउंडेशन ने चलाया विशेष अभियान**

संवाददाता। कोंच(जालौन)

**नगर के** एसआरपी इंटर कॉलिज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को उत्तर प्रदेश साइबर पुलिस द्वारा एक नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी जैसे अन्य साइबर अपराधों की लगातार सामने आ रहीं घटनाओं को लेकर उक्त विशेष अभियान शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत श्क्विक हील फाउंडेशन एवं श्उत्तर प्रदेश साइबर पुलिसश् के संयुक्त तत्वाधान में एसआरपी इंटर कॉलिज में छात्र


नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करती टीम पायनियर

छात्राओं के बीच साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा विषयक नुक्कड नाटक किया गया। छह सदस्यीय नाटक कलाकारों की टीम ने नुक्कड नाटक के जरिये कलात्मक तरीके से नाटक प्रस्तुत करते हुए छात्र छात्राओं सहित शिक्षकों,अभिभावकों व आमजनों को साइबर ठगी के प्रति जागरूक किया। नाटक कलाकारों ने जागरूक करते हुए कहा कि मोबाइल पर आने वाली ओटीपी, पेनकार्ड संख्या, आधार कार्ड संख्या, बैंक खाता संख्या सहित अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी भी व्यक्ति से शेयर न करें और सोशल मीडिया की अपनी मर्यादा न लांघ कर सोशल मीडिया का सही तरीके से उपयोग करें। ऑनलाइन शॉपिंग ठगी, लोन के नाम पर ठगी से बचने के लिए सतर्कता बरतनी जरुरी है।उन्होंने कहा कि साइबर पुलिस की टीमें ऐसे अपराधों को रोकने और संबंधित अपराधियों की धरपकड़ करने के काम में संलग्न हैं लेकिन हम सभी सामान्य लोग भी जागरूक होकर ऐसे अपराधों में गुणात्मक कमी ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि कि जागरूकता अभियान पखबाड़े भर चलेगा। इस दौरान प्रधानाचार्य व शिक्षक शिक्षिकाओं समेत छात्र छात्राएं व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# गहोई महिला मंडल ने धूम से मनाया हरियाली महोत्सव

**कोंच ( जालौन )।** नगर में महिलाओं के क्षेत्र में सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहने वाली गहोई महिला मंडल द्वारा बड़ामील परिसर में श्रावण मास हरियाली महोत्सव मनाया गया। सेठ बद्रीप्रसाद स्मृति महाविद्यालय प्रबंध समिति की पदाधिकारी गिरजादेवी हूंका की अध्यक्षता में संयोजित हरियाली महोत्सव की शुरुआत राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर की गई, तदुपरांत गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. सरोज लोहिया व मंत्री रजनी डेंगरे ने गिरजादेवी का स्वागत सम्मान किया। हरियाली महोत्सव में राधा-कृष्ण के अवतार रूप में सजी धजी महिलाओं व युवतियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत करते हुए द्वापर काल की मनमोहक छटा बिखेरकर वहां उपस्थित लोगों को भाव विभोर किया। वहीं चेयर रेस नृत्य प्रतियोगिता सहित कृष्णलीला में महिलाओं व युवतियों ने सहभागिता की। चेयर रेस में प्रिंसी कस्तवार, कुसुम सेठ, सपना कुचिया ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान गिरजादेवी हूंका ने अपने विचारों में कहा कि गहोई महिला मंडल इस प्रकार के सामाजिक, रचनात्मक, धार्मिक पर्वों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर समाज को जाग्रत करने का काम कर रहा है जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में सहभागिता करने से महिलाओं में समाजसेवा के प्रति जाग्रति आती है। अध्यक्ष डॉ. सरोज लोहिया ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के साहित्य साधना पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सर्व समाज के लिए अनुकरणीय बताया। मंत्री रजनी डेंगरे ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गहोई महिला मंडल द्वारा सभी महिला सदस्यों के परस्पर सहयोग से इस प्रकार के सृजनात्मक व ऊर्जा से ओतप्रोत कार्यक्रम निरंतर आयोजित किये जाते रहेंगे।

# थाना मूल्यांकन में कोतवाली माधौगढ़ को मिली पहली रैंक

संवाददाता। मधौगढ़ (उरई)

**प्रदेश स्तर** पर लगातार थानों की कार्यशैली का मूल्यांकन किया जा रहा है। इसके आधार पर उनकी रैंकिंग तय की जाती है। ऐसे ही मूल्यांकन में जिले में माधौगढ़ कोतवाली प्रदेश में 228 वी रैंक हासिल कर पहले स्थान पर पहुंच गई है। थानों का मूल्यांकन अपराध, संपत्ति विवाद, महिला अपराध और विवेचना को लेकर या यूं कहें कि कोतवाली स्तर में जितने भी कार्य होते हैं, उनका पूरा मूल्यांकन कर उस आधार पर रैंकिंग तय की जाती है। जुलाई माह में माधौगढ़ कोतवाली का प्रदेश में 86.25 प्रतिशत अंक हासिल कर 228 की रैंक प्राप्त की है, जो जिले में पहले स्थान पर है। इससे यह तय है कि कोतवाली का जुलाई माह में बेहतर प्रदर्शन रहा है। थाना स्तर के मूल्यांकन की व्यवस्था गृह मंत्रालय ने शुरू की थी। जिसमें कुछ बिंदुओं कर आधार पर थाना की रैंकिंग तय कर


कोतवाल विमलेश कुमार

उसे चुना जाता है। इससे थाना स्तर पर बेहतर काम करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। इसी के चलते माधौगढ़ कोतवाली का जिला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। कोतवाल विमलेश कुमार का कहना है कि उनका प्रयास रहेगा कि आमजन को थाना पर न्याय मिले और अपराध नियंत्रण में कोई कसर न छोड़ी जाए।

# कला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

● **विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**सूर्या** इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित कला प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी व प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से लेकर आठवीं तक के बच्चों ने आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर एक से बढ़कर एक कलाकृति को प्रदर्शित किया। जिसका निर्णायक मंडल में प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव एवं उप-प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी ने बारिकियो से जांच करते हुए परिणाम घोषित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में रचनात्मक अभिवृत्ति



का विकास होता है एवं उन्हें और भी अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है साथ ही साथ विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव एक स्वतंत्रता का उत्सव है। भारत को आजादी दिलाने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों को कितने संघर्षों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था जिस पर हमें गर्व है। यह एक ऐसा पर्व है जिसमें भारत आत्मनिर्भर होने का संकल्प लेता है। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव एवं उप-प्रधानाचार्य श्री शरद त्रिपाठी ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सर्वश्री नितेश द्विवेदी, अशोक चौबे, राकेश चौधरी, अष्टभुजा त्रिपाठी, अविनाश श्रीवास्तव, अनामिका, तपस्या रानी सिंह, बबीता त्रिपाठी, प्रतिभा श्रीवास्तव आदि शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

# भारत महिला क्रिकेट के फाइनल में, मंधाना व राणा चमकी

## इंग्लैंड को चार रन से पराजित किया



भाषा। बर्मिंघम

**आल राउंडर** स्नेह राणा की तनावपूर्ण अंतिम ओवरों में कसी गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां मेजबान इंग्लैंड को चार रन से हराकर राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में पहुंच गई। जीत के लिए 165 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम तीन विकेट पर 132 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी। मेजबानों को 24 गेंद में महज 33 रन चाहिए थे लेकिन ऑफ स्पिनर राणा (चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट) ने बेहद अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने 18वें ओवर में केवल तीन रन और अंतिम ओवर में नौ रन दिए। इंग्लैंड की टीम सोफी एक्लेस्टोन के अंतिम गेंद में छक्के के बावजूद 20 ओवर में छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। इस तरह हरमनप्रीत कौर की टीम ने लार्ड्स के मैदान पर 2017 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। बल्लेबाजी में जहां स्मृति मंधाना की 32 गेंद में तीन छक्के और आठ चौके जड़ति 61 रन पारी देखने में जितनी लुभावनी लगी, उतनी ही राणा, दीप्ति शर्मा (चार ओवर में 18 रन देकर एक विकेट) और पूजा वस्त्राकर (तीन ओवर में 20 रन) की दबाव में की गई गेंदबाजी दमदार रही जिसमें लाइन एवं लेंथ में कोई गलती नहीं हुई। हरमनप्रीत ने शेफाली वर्मा से भी गेंदबाजी कराई जिन्होंने 16वें ओवर में घरेलू टीम को 15 रन दे दिए जिसके बाद मुकाबला इंग्लैंड के पक्ष में दिखने लगा था। लेकिन दीप्ति और राणा ने अगले क्रमश: 17वें और 18वें ओवर में केवल छह रन दिए। पूजा वस्त्राकर ने हालांकि 19वें ओवर में 13 रन लुटा दिए लेकिन मंधाना और तानिया भाटिया ने मिलकर खतरनाक दिख रही नैट स्किवर को रन आउट कराकर मैच का रूख ही बदल दिया। फिर राणा ने कम से कम पांच अच्छी गेंद फेंककर भारत के लिए महिला क्रिकेट के शुरूआती चरण में एक पदक पक्का कर दिया। इससे पहले मंधाना की 61 रन की पारी के अलावा जेमिमा रोड्रिगेज की नाबाद 44 रन की उपयोगी पारी की बदौलत भारत ने पांच विकेट पर 164 रन का स्कोर खड़ा किया। मंधाना की पावरप्ले में खेली गई आक्रामक पारी ने इस स्कोर की नींव रखी जबकि रोड्रिगेज (सात चौके) ने 31 गेंद की नाबाद पारी ने इसे बढ़ाने में मदद की। मंधाना ने इस दौरान महिला क्रिकेट में टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक भी जड़ दिया जिसके लिए उन्होंने केवल 23 गेंद खेली। दीप्ति शर्मा ने 20 गेंद में 22 रन का योगदान दिया। हालांकि भारत ने पावरप्ले के छह ओवर में 64 रन बना लिए थे जिसे देखकर लगता है कि उनके स्कोर में 15 रन कम रह गए। भारतीय पारी में पावरप्ले के बाद के 14 ओवरों में 100 रन जुड़े क्योंकि टीम ने मध्य ओवरों में लगातार तीन विकेट गंवाकर लय खो दी थी। रोड्रिगेज और दीप्ति ने चौथे विकेट के लिए 53 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। महिलाओं के क्रिकेट में मंधाना के ड्राइव शॉट देखने लायक होते हैं। उनके साथ शेफाली वर्मा (15 गेंद में 17 रन) जब बिना आक्रामकता के खेल रही हों तो आंखों पर विश्वास ही नहीं होता। इन दोनों ने 7.5 ओवर में 76 रन की साझेदारी निभाई। मंधाना ने कैथरीन ब्रंट पर कवर ड्राइव लगाए जबकि नैट स्किवर, इस्सी वोंग और स्पिनर सारा ग्लेन पर छक्के जमाए। इस तरह उन्होंने महज 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

### पदक तालिका

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑस्ट्रेलिया | 50 | 43 | 45 | 138 |
| 2. | इंग्लैंड | 47 | 45 | 36 | 128 |
| 3. | कनाडा | 19 | 24 | 24 | 67 |
| 4. | न्यूजीलैंड | 16 | 10 | 13 | 39 |
| 5. | स्कॉटलैंड | 8 | 8 | 19 | 35 |
| 6. | भारत | 9 | 8 | 9 | 25 |

## सिंधू, श्रीकांत और लक्ष्य सेमीफाइनल में, आकर्षि का अभियान खत्म



**बर्मिंघम।** दो बार की ओलंपिक चैम्पियन पीवी सिंधू के अलावा पुरुष एकल के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और युवा लक्ष्य सेन ने राष्ट्रमंडल खेलों के बैडमिंटन स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में शनिवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर अंतिम चार में जगह पक्की की। सिंधू और श्रीकांत को जहां अपने मुकाबले जीतने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी तो वहीं लक्ष्य ने आसान जीत दर्ज की। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने महिला एकल मुकाबले में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज गोह पर 19-21, 21-14, 21-18 से जीत दर्ज की।विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज इंग्लैंड के टोबी पेंटी को सीधे गेमों में 21-19, 21-17 से हराया तो वहीं लक्ष्य सेन को मॉरीशस के जूलियन जॉर्ज पॉल को 21-12, 21-11 से शिकस्त देने में कोई परेशानी नहीं हुई। सेमीफाइनल में लक्ष्य के सामने जिया हेंग तेह की चुनौती होती तो वही श्रीकांत मलेशिया के न्ग त्जे योंग से भिडेंग। मलेशियाई खिलाड़ी ने मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में श्रीकांत को हराया था।इन खेलों के पिछले दो सत्र में कांस्य और रजत पदक जीत चुकी सिंधू की गोह पर यह लगातार तीसरी जीत है। राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल के महिला एकल में गोह ने उन्हें कड़ी टक्कर दी थी जो इस मुकाबले में भी जारी रही। सिधू को फाइनल में पहुंचने के लिए विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंगापुर की जिया मिन एओ की चुनौती से पार पाना होगा। युवा खिलाड़ी आकर्षि कश्यप का राष्ट्रमंडल खेलों का अभियान हालांकि खत्म हो गया। अंतिम आठ मुकाबले में 2014 और 2018 की क्रमश: रजत और कांस्य पदक विजेता स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिल्मोर ने भारतीय खिलाड़ी को आसानी से 21-10, 21-7 से पराजित किया।शनिवार को
गोह ने आक्रामक खेल से भारतीय खिलाड़ी को एक बार फिर से चौका दिया।
सिंधू ने हालांकि इसके बाद अपने खेल का स्तर उंचा किया और जीत दर्ज की। पहले गेम को गंवाने के बाद 27 साल की हैदराबाद की खिलाड़ी ने लय हासिल की।

### भारतीय महिला हाकी टीम की सेमीफाइनल हार के दौरान घड़ी से जुड़े विवाद पर एफआईएच ने माफी मांगी

**बर्मिंघम।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने राष्ट्रमंडल खेलों मे भारतीय महिला टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मे हार के दौरान घड़ी से जुड़े विवाद पर माफी मांगी और कहा कि वह इस घटना की पूरी समीक्षा करेगा। पेनल्टी शूटआउट के दौरान अपना पहला प्रयास चूकने वाली ऑस्ट्रेलिया की रोजी मेलोन को एक और मौका दिया गया क्योंकि स्कोरबोर्ड पर आठ सेकंड की उलटी गिनती शुरू नही हुई थी। मेलोन दूसरा मौका मिलने पर नही चूकी और उन्होंने अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

### लॉन बॉल्स में रजत जीता

**लीमिंगटन।** कमर्शियल पायलट बनने की चाह रखने वाले दिल्ली के नवनीत सिंह राष्ट्रमंडल खेलों मे पुरूषों की लॉन बॉल्स मे भारत को पहला पदक दिलाने के कारण रविवार को एक शीर्ष भारतीय एयरलाइन की प्रवेश परीक्षा मे नही बैठ सकेंगे। 27 साल के नवनीत ने पुरूषों की फोर फाइनल्स स्पर्धा मे उत्तरी आयरलैंड से हारकर रजत पदक जीतने के बाद कहा, मुझे हाल मे अपना कमर्शियल पायलट का लाइसेंस मिला और मुझे कल एयर इंडिया की प्रवेश परीक्षा मे बैठना था लेकिन मै कल तक नही पहुंच सकूंगा। लेकिन अंत मे मेरे पास एक पदक है तो ठीक है। टूर्नामेंट हमारे लिए बदलाव लाने वाला रहा। हमने यहां काफी लोगों को हैरान किया, विशेषकर सेमीफाइनल मे इंग्लैंड पर जीत से (क्योंकि लीग चरण मे भारत इस टीम से हार गया था।) हम खुद भी इसके लिए तैयार नही थे। नवनीत इस चौकड़ी के युवा खिलाड़ी है, जिसमे चंदन कुमार सिंह, सुनील बहादुर और दिनेश कुमार काफी उम्रदराज है। ए अन्य तीन 2014 और 2018 मे काफी करीब से पदकसे चूक गए थे। चंदन बिहार के मुंगेर जिले मे खेल शिक्षक है जबकि दिनेश और सुनील झारखंड पुलिस के साथ है।

## निक्हत, पंघाल व नीतू चमके, जैसमीन को कांस्य



भाषा। बर्मिंघम

**मौजूदा** विश्व चैम्पियन मुक्केबाज निकहत जरीन, अमित पंघाल और नीतू गंघास ने शनिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की अपनी स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए रजत पदक पक्के कर लिए जबकि जैसमीन ने लाइटवेट सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक जीता। जैसमीन लाइटवेट (57-60 किग्रा) स्पर्धा के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की जेमा पेज रिचर्डसन से 2-3 से हार गई जिससे उन्होंने कांस्य पदक से संतोष किया। निकहत ने लाइट फ्लाईवेट (48-50 किग्रा) के एकतरफा सेमीफाइनल में इंग्लैंड स्टबले अलफिया सवानाह को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से पराजित किया। 26 साल की इस मुक्केबाज ने अपना दबदबा जारी रखते हुए तीनों दौर में सर्वाधिक अंक जुटाए। वह फाइनल में उत्तरी आयरलैंड की कार्ले मैकनॉल के सामने होंगी। अमित पंघाल ने पुरूषों की फ्लाईवेट (48-51 किग्रा) स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन के बूते राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार फाइनल में प्रवेश किया। पिछली बार उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था जिससे इस बार वह पदक का रंग बदलना चाहेंगे। उन्होंने सेमीफाइनल में जिम्बाब्वे के पैट्रिक चिनएम्बा को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से पराजित किया। सात अगस्त को फाइनल में उनका सामना इंग्लैंड के मैकडोनल्ड कियारान से होगा। पंघाल ने कहा, मैं जानता हूं कि अगला मुकाबला मुश्किल होगा क्योंकि मेजबान मुक्केबाज के लिए ज्यादा उत्साहवर्धन होगा लेकिन मैं ध्यान लगाए हूं। इस बार हाथ से नहीं जाने दे सकता।

## शरत ने टेबल टेनिस में भारत के दो और पदक पक्के किए



**बर्मिंघम।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को पुरूष और मिश्रित युगल फाइनल में जगह बनाकर दो और पदक पक्के कर लिए। शरत और जी साथियान ने आस्ट्रेलिया के निकोलस लुम और एम जी को 11-9, 11-8, 9 -11, 12-14, 11-7 से हराया। अब उनका सामना फाइनल में इंग्लैंड के पॉल ड्रिकहाल और लियाम पिचफोर्ड से होगा। शरत और श्रीजा अकुला ने मिश्रित युगल में निकोलस लुम और लू फिन को 11-9, 11- 8, 9-11, 12-14, 11- 7 से मात दी। महिला एकल में श्रीजा सिंगापुर की तियांवेइ फेंग से 6-11, 11- 8, 11-6, 9-11, 8 -11, 11-8, 10-12 से हार गई। इससे पहले पुरूष एकल में शरत ने सिंगापुर के योंग इजाक क्वेक को 11-6, 11-7, 11-4, 11- 7 से हराया। वहीं साथियान ने इंग्लैंड के सैम वॉकर को 11-5, 11-7, 11-5, 8-11, 10-12, 11-9 से मात दी। साथियान ने कहा , यह शानदार मैच था। पूरा श्रेय सैम को जाता है जो शानदार खेला। मैने उसे पहले कभी नहीं हराया है और मेरे दिमाग में यह बात थी। मैने अपना संयम बनाए रखा और जीतकर खुश हूं। सानिल शेट्टी हालांकि एक गेम से बढत बनाने के बाद स्थानीय खिलाड़ी लियाम पिचफोर्ड से 11- 9, 6-11, 8 -11, 8-11, 4-11 से हार गए। महिला युगल में श्रीजा अकुला और रीथ टेनिसन और मनिका बत्रा तथा दिया चितले अंतिम 16 के मैच जीत गई। श्रीजा और टेनिसन ने वेल्स की शोल अन्ना थॉमस वू झांग और लारा विटन को 11 -7, 11- 4, 11- 3 से हराया। वहीं बत्रा और चितले ने मॉरीशस की जे नंदेश्वरी और ओ होसेनाली को 11-5, 11-5, 11-3 से मात दी।

### स्क्वॉश: दीपिका और सौरव की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी, कांस्य पदक के लिए खेलेगी

**बर्मिंघम।** दीपिका पल्लीकल और सौरव घोषाल की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को शनिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की स्क्वॉश स्पर्धा के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के जोएल किंग और पॉल कोल की जोड़ी से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को किंग और कोल की जोड़ी से 7-11, 4-11 से हार का सामना करना पड़ा। दीपिका और सौरव की जोड़ी रविवार को कांस्य पदक के लिए खेलेंगी। वेलवन सेंथिलकुमार और अभय सिंह की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी का अभियान मलेशिया के एनजी इयान यो और यूएन ची वर्न की जोड़ी से हार कर खत्म हो गया।

## स्टीपलचेस में साबले और पैदल चाल में प्रियंका को रजत



**बर्मिंघम।** अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेस में रजत पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों में लंबी दूरी की स्पर्धा का पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरूष बन गए जबकि प्रियंका गोस्वामी पैदल चाल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी। साबले ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर पुरूषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा का रजत पदक जीता जबकि प्रियंका गोस्वामी ने 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। साबले से पहले कविता राउत ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की 10000 मीटर पैदल चाल में कांस्य पदक जीता था। एथलेटिक्स में भारत के लिए शनिवार का दिन अच्छा रहा। गोस्वामी ने पैदल चाल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर नया इतिहास रचा। दो रजत के साथ भारतीय एथलेटिक्स टीम के चार पदक हो गए हैं जबकि 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने ट्रैक और फील्ड पर एक स्वर्ण, रजत और कांस्य जीता था। उंची कूद में तेजस्विन शंकर और लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर क्रमश: कांस्य और रजत जीत चुके हैं। साबले ने 8 :11 . 20 सेकंड का समय निकालकर 8 : 12 . 48 का अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। वह कीनिया के अब्राहम किबिवोट से महज 0.5 सेकंड से पीछे रह गए। कीनिया के एमोस सेरेम ने कांस्य पदक जीता। किबिवोट यूजीन में पिछले महीने विश्व चैम्पियनशिप में पांचवें स्थान पर और साबले 11वें स्थान पर रहे थे। एथलेटिक्स में आने से पहले सेना की नौकरी में सियाचिन में तैनात रह चुके साबले डायमंड लीग में पांचवें स्थान पर रहे थे।

### जिला बैडमिंटन में अर्नवी व श्रेना सेमीफाइनल में

**लखनऊ।** जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2022 गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में आयोजित की जा रही है। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आज दूसरा दिन था। इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फ ईनल में एकल बालिका-13 में अर्नवी पाठक ने ओजस्वी मिश्रा को 30-10 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस प्रतियोगिता का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण आज होगा। नवनीत सहगल, आईएएस अपर मुख्य सचिव, अध्यक्ष, उप्र बैडमिंटन संघ एवं श्रीमती वन्दना सहगल मुख्य अतिथि होंगे।

### दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड से टी20श्रृंखला जीती

**ब्रिस्टल।** हेनरिक क्लासेन के 39 रन और वेन पार्नेल के पांच विकेट से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 44 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 182 रन बनाए। उसकी तरफ से रीजा हेंड्रिक्स ने सर्वाधिक 42 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 18.5 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई।

### स्थानीय व्यंजन के जायके के मुरीद हुए विदेशी खिलाड़ी

**मामल्लापुरम (तमिलनाडु)।** 44वें शतरंज ओलंपियाड मे जहां बोर्ड पर दिमाग की जंग चल रही है, वहीं विदेश से आए खिलाड़ी स्थानीय व्यंजनो का चटकारे लगाकर लुत्फ उठा रहे है। शतरंज मे महारत हासिल करने के लिए ई-लर्निंग मंच चेसेबल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गीर्ट वान डर वेल्डे के अनुसार वह भारत मे पहली बार आए है और केले के पत्ते पर स्थानीय पक्वान खाना उनके लिए आनंददाई अनुभवी रहा।

## शतरंज ओलंपियाड गुकेश की जीत से भारत बी ने अमेरिका को हराया



● भारत ए और सी टीम हारी

भाषा। मामल्लापुरम

**किशोर ग्रैंडमास्टर (जीएम)** डी गुकेश ने दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को शिकस्त दी जिससे भारत बी टीम ने 44वें शतरंज ओलंपियाड में शनिवार को यहां ओपन वर्ग में पुरूषों की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम अमेरिका को 3- । से हराया। शानदार लय में चल रहे गुकेश की यह आठ मैचों में आठवीं जीत है जिससे वह लाइव रेटिंग में महान विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय बन गए। टीम के एक अन्य किशोर खिलाड़ी जीएम रौनक साधवानी अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी जीएम लिनियर डोमिनिग्ज पेरेज को ने 45 चालों में शिकस्त देकर चौका दिया। इसे बाद जीएम निहाल सरीन और आर प्रज्ञानानंद ने क्रमश: लेवोन अरोनियन और वेस्ले सो के खिलाफ अपने ड्रॉ खेलकर टीम को जीत दिला दी।

## विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप: सेल्वा पी थिरुमारन को रजत



**कैली (कोलंबिया)।** भारतीय त्रिकूद खिलाड़ी सेल्वा पी थिरुमारन ने यहां विश्व अंडर20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। भारत के 17 वर्षीय खिलाड़ी ने 16.15 मीटर की कूद लगाई और वह एस्तोनिया के विक्टर मोरोजोव से दो सेंटीमीटर आगे रहे। स्वर्ण पदक जमैका के जेडॉन हिबर्ट को मिला जिन्होंने अपने 17.27 मीटर प्रयास से चैंपियनशिप का नया रिकॉर्ड बनाया। थिरुमारन ने अपने दूसरे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया। इस बीच भारतीय महिला रिले टीम ने चार गुणा 400 मीटर के फाइनल में जगह बनाई। सुमी, प्रिया हब्बाथनहल्ली मोहन, रजिता कुंजा और रूपल की चौकड़ी ने तीन मिनट 34.18 सेकंड का समय लिया और वह कुल चौथे स्थान पर रही। ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने 2016 में पोलैंड में यह कारनामा किया था। इस प्रतियोगिता को पहले विश्व जूनियर चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था। भारतीय एथलीटों ने अभी तक तीन पदक अपने नाम कर लिए हैं जिसमें दो रजत और एक कांस्य पदक शामिल है।

## रोहित-सूर्यकुमार का उम्दा खेल

● वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 192 रन की चुनौती



भाषा। फोर्ट लाउडरहिल

रोहित शर्मा (33) और सूर्यकुमार यादव (24) की ताबड़तोड़ शुरुआत के बाद आखिरी ओवरों में अक्षर पटेल की नाबाद आक्रामक पारी से भारत ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शनिवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 191 रन बनाए। टीम के लिए ऋषभ पंत ने 31 गेंद में सबसे ज्यादा 44 रन का योगदान देकर बीच के ओवरों में रन गति को तेज रखा। अक्षर ने आठ गेंद में दो छक्के और एक चौके की मदद से नाबाद 20 रन बनाए। इससे पहले कप्तान रोहित और सूर्यकुमार यादव ने 53 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने शुरुआती दो ओवर में चौका जडने के बाद तीसरे ओवर में ओबेद मैकॉय (66 रन पर दो विकेट) खिलाफ दो छक्के लगाए। इस ओवर में सूर्यकुमार ने भी एक छक्का और एक चौका लगाया। भारतीय टीम ने इस ओवर से 25 रन बटोरे। रोहित ने पांचवें ओवर में अकील हुसैन (28 रन पर एक विकेट) के खिलाफ एक और छक्का जड़कर टीम के स्कोर को 50 के पार पहुंचाया लेकिन इस गेंदबाज ने अगली गेंद पर उन्हें बोल्ड कर 16 गेंद की उनकी पारी को खत्म किया। उन्होंने दो चौके और तीन छक्के जड़े। रोहित की तरह सूर्यकुमार भी छठे ओवर में अल्जारी जोसेफ (29 रन पर दो विकेट) की गेंद पर छक्का जड़ने के बाद पगबाधा हो गए। उन्होंने 14 गेंद की पारी में एक चौका और दो छक्के लगाए। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने क्रीज पर पैर रखते ही चौका जड़ा जिससे पावर प्ले के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 65 रन हो गया। दीपक हुड्डा (19 गेंद में 21 रन) और पंत ने इसके बाद समझदारी से दौड़ कर रन चुराने के साथ बीच-बीच में चौका लगाना जारी रखा।

## भिन्न परिस्थितियों में खेलने से टी20 विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी कार्तिक



**लॉडरहिल।** विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि कैरेबियाई दौरे में भिन्न परिस्थितियों में खेलने से भारत को ऑस्ट्रेलिया में इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी। भारत ने वर्तमान टी20 श्रृंखला के पहले तीन मैच वेस्टइंडीज में खेले जबकि बाकी बचे दो मैच वह फ्लोरिडा में खेलेगा। पहले तीन मैचों में भारतीय टीम को भिन्न परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। कार्तिक ने चौथे मैच से पूर्व कहा, मैं इसे बेहद दिलचस्प मानता हूं क्योंकि विश्व कप को लेकर मेरे दिमाग में तीन मैदान आते हैं। इनमें एक सिडनी है जिसमें अगल बगल की सीमा रेखा छोटी जबकि सीधी सीमा रेखा लंबी है। एडिलेड के बारे में हम सभी जानते हैं कि वहां की अगल-बगल की सीमा रेखा भी छोटी है और सीधी सीमा रेखा लंबी है जबकि मेलबर्न में ठीक इसके विपरीत है वहां सीधी सीमा रेखा छोटी जबकि अगल बगल की सीमा रेखाएं काफी लंबी है।

### किर्गियोस संघर्षपूर्ण जीत से सिटी ओपन के सेमीफाइनल में

**वाशिंगटन।** विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में फ्रांसिस टिफोउ को हराकर सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले रेली ओपेल्का को बारिश से प्रभावित मैच में हराने वाले किर्गियोस ने टिफोउ को 6-7 (6-7), 7-6 (14-12), 6-2 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने भी दो मैचों में जीत हासिल की। उन्होंने पहले मैक्सिम क्रेसी को 6-4, 7-6 (8) से हराया ।

## अनुराग व दिशा का रहा जलवा





**लखनऊ।** केएनकपूर मेमोरियल 63वें सीनियर यूपी स्टेट एक्वाटिक चैंपियनशिप में तैराकों ने अपना जलवा बिखेरा। 1500 फ्री स्टाइल पुरुष सीनियर में अनुराग आर सिंह ,, विश्वनाथ साहनी , प्रदीप निषाद, 1500 फ्री स्टाइल फीमेल सीनियर में नव्या, अनामिका सहनी भदोही,दीपा ने जीत हासिल की। रोहितशर्मा,ऋतिक शर्मा ,तृष्णाभयवाघमारे गौतम, बुद्ध , मंजरी जायसवाल, दीपशिखा,अवध नरेश यादव ,विराटचौहान, विजय राम , जियादव ,धनन्याकोडकनी,प्रदीक्षा निषाद ,सूरज चौहान , अवनीश सिंह , अतुलसहानी , दिशभंडारी गौतम,वंदना सहनी , अर्चना यादव ने सफलता हासिल की।

## यूपी मैराथन 28 अगस्त को



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे लाने तथा लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता जागृत करने के लिए श्री सुविधा फाउण्डेशन ट्रस्ट लखनऊ में 28 अगस्त को यूपी मैराथन का आयोजन कर रहा है। इसमें राज्य ही नहीं देश के कई हिस्सों से महिला एवं पुरुष एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। मैराथन में कुल सात लाख रुपये की इनामी राशि रखी गई है। यह हाफमैराथन यानी 21 किलोमीटर होगी। यह महिलाओं और पुरुषों के लिए है। इसके अलावा महिलाओं की पांच किलोमीटर और पुरुषों की दस किलोमीटर की क्रासकंट्री दौड़ भी होगी। खेलों और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए तीन किलोमीटर की सेलेब्रेटी दौड़ भी आयोजित की जाएगी। आयोजन सचिव समीर शर्मा ने बताया कि मैराथन में महिलाओं और पुरुषों के विजेताओं को पहले पुरस्कार के रूप में एक.एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। दूसरे स्थान पर रहने वाले एथलीटों को 75-75 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वालों को 50-50 हजार रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। दौड़ की मुख्य संयोजक सुधा बाजपेयी ने बताया कि इस दौड़ को उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन और जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लखनऊ ने मान्यता प्रदान कर दी है। दौड़ 28 अगस्त की सुबह 1090 चौराहा से शुरू होगी। हाफमैराथन 1090 से शुरू होकर समतामूलक चौराहाए ताज होटल, भागीदारी भवनए जनेश्वर मिश्र पार्कए गोमती बंधा रोड होते हुए शहीद पथ तक जाएगी। वापस इसी मार्ग से होते हुए 1090 चौराहा पर समाप्त होगी। मैराथन के लिए टेक्निकल कमेटी का गठन किया गया है। इसके अध्यक्ष जाने माने कोच द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता जेएस भाटिया हैं। अर्जुन पुरस्कार विजेता धावक गुलाब चंद, पूर्व अंतरराष्ट्रीय मैराथन धावक शिव कुमार यादव, पूर्व अंतरारष्ट्रीय धावक एवं 400 मीटर बाधा दौड़ के राष्ट्रीय रिकार्डधारी रहे श्री भुवन सिंह, अंतरराष्ट्रीय जैवलिन थ्रोअर सुश्री सुमन देवी, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव बी आर वरुण समित के सदस्य हैं।